रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की 'कवच 4.0'... 12

नेपाल सीमावर्ती गांव में हिंदू किशोरियों का... 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 251
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
मंगलवार | 25 जून, 2024

संसद परिसर में विपक्ष का संविधान की कॉपी लेकर प्रदर्शन, राहुल बोले, मोदी-शाह संविधान पर आक्रमण कर रहे, ये हमें स्वीकार्य नहीं

बहस शुरू नहीं हुई लेकिन हंगामा हो गया

- पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ज्यादा काम करेगी
- विपक्षी गठबंधन संसद के अंदर और बाहर लोगों की आवाज उठाएगा: मल्लिकार्जुन खरगे
- आपातकाल को लेकर जागरूकता अभियान पर पीएम मोदी को खरगे ने दिया कड़ा जवाब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सत्ता पक्ष के 'अबकी बार 400 पार' के नारे के जवाब में 'संविधान बदल देंगे' के नैरेटिव से विपक्ष ने इस लोकसभा चुनाव में खुद को मजबूत कर लिया। इसलिए विपक्ष और खासकर कांग्रेस पार्टी संविधान पर राजनीति को अगले स्तर तक ले जाने में जुटी है। 18वीं लोकसभा का पहला संसद सत्र आयोजित हुआ तो पहले दिन राहुल गांधी समेत कई कांग्रेसी सासंदों ने हाथों में संविधान थामे रखा। यहां तक कि गृह मंत्री अमित शाह जब सांसद पद और इससे जुड़ी गोपनीयता का शपथ लेने जा रहे थे, तब राहुल गांधी ने संविधान की प्रति लहराई। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में प्रवेश से पहले देश में आपातकाल लागू किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर जनता को जागरूक करने का अभियान चलाने का ऐलान किया। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हत्थे से उखड़ गए। उन्होंने पीएम मोदी को कठोरता से जवाब दिया।

जेपी नड्डा राज्यसभा में सदन के नेता बनाए गए

18वीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो गया है। सबसे पहले सदन में राष्ट्रगान हुआ, उसके बाद पिछले सदन के दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पीएम मोदी ने लोकसभा सदस्य की शपथ ली। मोदी के बाद उनकी कैबिनेट के लोकसभा सांसदों ने शपथ ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम जब शपथ के लिए बुलाया गया तो विपक्ष ने नीट-नीट, शेम-शेम बोलना शुरू कर दिया। विपक्ष पेपर धांधली में उनके इस्तीफे की भी मांग कर चुका है। सत्र शुरू होने से पहले संसद पहुंचे पीएम मोदी ने कहा- देश चलाने के लिए सबकी सहमति जरूरी है। हम सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। संविधान की मर्यादाओं का पालन करते हुए देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। देश को एक जिम्मदार विपक्ष की जरूरत है। संसद में आज और कल नए सांसद शपथ लेंगे। इससे पहले भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे। उधर, राज्यसभा में भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को पीयूष गोयल की जगह नेता सदन बनाया गया है। नड्डा गुजरात से राज्यसभा के सांसद हैं।

केंद्रीय मंत्री बोले, इमरजेंसी लगाने वाले परंपराओ की बात न करें

विपक्षियों के प्रदर्शन को लेकर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि विपक्षियों को इस बार थोड़ी ज्यादा सीटें मिली हैं। इसलिए ये लोग हर बात का विरोध कर रहे हैं। भर्तृहरि मेहताब सीनियर सांसद हैं। वे लगातार 7 बार चुनाव जीते हैं। के.सुरेश भले ही 8 बार चुनाव जीते हो, लेकिन वे लगातार सांसद नहीं रहे थे। बीच में एक चुनाव हारे थे। परंपराओं की बात तो कांग्रेस न ही करे तो अच्छा है। जिसने इमरजेंसी लगाई वह संसदीय परंपराओं की बात नहीं कर सकता है।

जयराम रमेश ने कहा था- के. सुरेश सबसे वरिष्ठ सांसद हैं

भर्तृहरि महताब को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने का फैसला सरकार ने 20 जून को लिया था। उसी दिन कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि नियमों के मुताबिक, जिस सांसद ने सबसे ज्यादा कार्यकाल पूरे किए हैं, उसे ही प्रोटेम स्पीकर बनाया जाता है। 18वीं लोकसभा में कांग्रेस के कोडिकुन्निल सुरेश और भाजपा के वीरेंद्र कुमार सबसे वरिष्ठ सांसद हैं। दोनों का यह आठवां कार्यकाल है। वीरेंद्र कुमार केंद्रीय मंत्री हैं, इसलिए कोडिकुन्निल सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने की उम्मीद थी। लेकिन, उनकी जगह सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को स्पीकर प्रोटेम नियुक्त किया गया। यह संविधान के खिलाफ है।

नए सांसदों को पीएम ने दी बधाई

उधर, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश और उसके लोगों की सेवा के लिए लगातार सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश करेगी, लेकिन साथ ही उन्होंने विपक्ष के लिए कड़ा संदेश भी दिया। उन्होंने कहा, भारत को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है, लोग नारेबाजी नहीं बल्कि सार चाहते हैं, वे बहस चाहते हैं, संसद में नाटक और हंगामा नहीं बल्कि परिश्रम चाहते हैं। मुझे उम्मीद है कि विपक्ष लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। उन्होंने कहा कि देश को सांसदों से बहुत उम्मीदें हैं और उनसे आग्रह किया कि वे जन कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाएं। पीएम ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और कहा कि यह पहली बार है जब नए सांसद नए संसद भवन में शपथ लेंगे।

विपक्षी नेताओं ने क्या कहा?

गौरव गोगई: सत्तारूढ़ दल अपनी हेकड़ी नहीं भूला है। हम देख सकते हैं कि वे देश के प्रमुख मुद्दों की अनदेखी कर रहे हैं। अगर के.सुरेश को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता तो भारत में पूरा दलित समुदाय एक ऐतिहासिक दृश्य देख सकता था। आज, भाजपा ने न सिर्फ कांग्रेस, इंडिया और के.सुरेश की ही नहीं, बल्कि पूरे दलित समुदाय की उपेक्षा की है।

केसी वेणुगोपाल: इंडिया गठबंधन बापू के आशीर्वाद से लोकसभा में एंट्री ले रहा है। साथ ही जनता के मुद्दों, चुनौतियों, आशाओं, आकांक्षाओं को आवाज देने और सरकार को आइना दिखाने के नए संकल्पों के साथ 18वीं लोकसभा में प्रवेश कर रहा है। हम लोकतंत्र के संरक्षक हैं। हम संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे।

कल्याण बनर्जी: हम इसलिए प्रोटेस्ट कर रहे हैं, क्योंकि संविधान के प्रावधानों को बदला जा रहा है। प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति से मोदी सरकार ने संवैधानिक परंपराओं को खत्म करने का काम किया है।

सुदीप बंदोपाध्याय: हम चाहते हैं कि संविधान सुरक्षित रहे। जब इंडिया और बांग्लादेश के बीच समझौते होते हैं, तो वे सिर्फ पश्चिम बंगाल सरकार को बुलाकर एकतरफा फैसले नहीं ले लेते। हमें 18वीं लोकसभा के पहले दिन से ही संविधान को बचाना होगा।

सौगत रॉय: हम संविधान को नष्ट करने के भाजपा के प्रयासों का विरोध कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने बता दिया, नरम नहीं पड़ेंगे तेवर

दरअसल, प्रधानमंत्री ने संसद सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित करने के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में तीन गुना ज्यादा काम करेगी। विपक्ष को भी नसीहत देते हुए उन्होंने कहा कि देश को एक जिम्मेदार विपक्ष की जरूरत है। पीएम मोदी ने अपने लहजे से स्पष्ट कर दिया है कि भले ही इस बार एनडीए की सीटें घट गई हैं, लेकिन विपक्ष को हावी होने का मौका नहीं दिया जाएगा। इसके उलट पीएम ने कांग्रेस को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने इंदिरा गांधी की सरकार में आपातकाल लगाए जाने का जिक्र करते हुए कहा, कल भारतीय लोकतंत्र पर लगे काले धब्बे के 50 साल पूरे हो रहे हैं। नई पीढ़ी यह नहीं भूलेगी कि कैसे भारतीय संविधान को खत्म कर दिया गया। कैसे देश को जेल में तब्दील कर दिया गया और लोकतंत्र को बंदी बना लिया गया। इस 50वीं बरसी पर देश यह संकल्प लेगा कि ऐसा दोबारा कभी नहीं होगा।

आपातकाल का पीएम मोदी ने किया जिक्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इस बात की जानकारी है कि इस चुनाव में हुआ क्या। विपक्ष लगातार पीएम मोदी पर अटैक कर कर रहा है। शायद प्रधानमंत्री मोदी को भी यह बात पता थी कि विपक्ष किस तैयारी के साथ आज आया हुआ है। तभी उन्होंने सत्र की शुरुआत के ठीक पहले मीडिया को संबोधित करते हुए ऐसी बात कह दी जो कांग्रेस को नागवार गुजरी। प्रधानमंत्री ने इमरजेंसी को लोकतंत्र पर लगा काला धब्बा करार देते हुए कहा कि इसकी 50वीं बरसी के मौके पर देशवासी यह संकल्प लें कि भारत में फिर कभी कोई ऐसा कदम उठाने की हिम्मत नहीं करेगा।

50 साल पहले का आपातकाल, क्या बोली कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने 50 साल पहले के आपातकाल का जिक्र किया, लेकिन पिछले 10 वर्षों के उस 'अघोषित आपातकाल' को भूल गए जिसका जनता ने इस लोकसभा चुनाव में अंत कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश को उम्मीद थी कि संसद सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नीट और दूसरी परीक्षाओं में पेपर लीक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलेंगे, लेकिन उन्होंने मौन साध लिया। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अपने रस्मी संबोधन में आज जरूरत से ज्यादा बोले। इसे कहते हैं, रस्सी जल गई, बल नहीं गया। वहीं विपक्ष के प्रदर्शन पर राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान पर हमला स्वीकार्य नहीं है इसलिए हमने संविधान की प्रतियां पकड़ी हुई हैं।

पीएम के बयान पर खरगे की कड़ी प्रतिक्रिया

पीएम मोदी की टिप्पणी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तीखी प्रतिक्रिया आई। खरगे ने कहा, आप विपक्ष को चेतावनी दे रहे हैं। आप 50 साल पुराने आपातकाल की बात कर रहे हैं, लेकिन पिछले 10 सालों में अघोषित आपातकाल को भूल गए हैं। खरगे ने कहा कि जनता ने मोदी जी के खिलाफ जनादेश दिया है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि विपक्षी गठबंधन संसद के अंदर और बाहर लोगों की आवाज उठाएगा।

यूपी के ज्यादातर हिस्सों में प्री मानसून बारिश का असर, कई जिलों में हुई बरसात, आने वाला है मानसून

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में प्री मानसूनी बरसात का असर दिखने लगा है। जिन हिस्सों में अभी तक मानसून पूर्व बरसात के छींटे नहीं पड़े थे, वो भी सोमवार को भीगे। लखनऊ में भी मौसम बदला और दोपहर बाद से बादल छाए, आंधी के आसार बने पर तेज हवा चलती रही। इसके बाद बारिश की दस्तक कुछ तेज हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ये सिलसिला जारी रहेगा और इसी बीच मानसून का प्रवेश भी हो सकता है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के मुताबिक, फिलहाल मानसून सोनभद्र के बिल्कुल ही करीब ठहरा हुआ है। परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं, जल्द ही इसकी प्रदेश में एंट्री हो सकती है।

कहां कितनी बरसा

सोमवार को उत्तर प्रदेश में सुबह 8.30 बजे तक कुल 1.2 मिमी औसत बरसात हुई। कासगंज में सर्वाधिक 8.7 मिमी पानी बरसा। जबकि आगरा, बरेली, इटावा, फिरोजाबाद, हमीरपुर, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, संभल, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बाराबंकी, चित्रकूट, गोंडा, जौनपुर, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, खीरी, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र और वाराणसी में भी अच्छी बरसात हुई।

आज वज्रपात की चेतावनी

गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अंबेडकरनगर में आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर देहात व नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, औरैया, पीलीभीत, शाहजहांपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास इलाकों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

शाहजहांपुर को मुख्यमंत्री योगी का तोहफा, सुनियोजित विकास के लिए गठित होगा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहांपुर के दीर्घकालिक सुनियोजित विकास के लिए शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के गठन की आवश्यकता जताई है। सोमवार को आवास विभाग के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हालिया वर्षों में शाहजहांपुर व आसपास के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की अनेक परियोजनाओं से यहां एक ओर जहां औद्योगिक विकास तेज हुआ है, वहीं, आबादी में भी बढ़ोतरी देखी गई है। वर्तमान सरकार के पहले कार्यकाल में ही शाहजहांपुर को नगर निगम बनाया गया है। यहां पूर्व से ही विनियमित क्षेत्र है। हाल ही में यहां का

मास्टर प्लान-2031 भी तैयार कराया गया है और अब आवश्यकता है कि शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास प्राधिकरण के गठन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि प्राधिकरण के अंतर्गत आ रहे गांवों में आबादी की भूमि को ग्रीन लैंड कतई न घोषित किया जाए। आम आदमी को किसी प्रकार की समस्या न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सरकारी भवन या तो उपयोग में नहीं हैं अथवा निर्माण कार्य अधूरा है। इन्हें चिन्हित कर पूरा करायें और प्रयोग किया जाए साथ ही कहा कि पीएम जनविकास कार्यक्रम के कार्यों में तेजी लाई जाए। होटल इंडस्ट्री के विकास पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के टूरिज्म पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के प्रयासों का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरा है। देश से सबसे ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश में आते हैं। इन सकारात्मक परिस्थितियों ने होटल इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाओं को जन्म दिया है। बड़ी संख्या में होटलों की आवश्यकता का अनुभव किया जा रहा है। होटल इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए हमें अपने बिल्डिंग बाइलॉज में परिवर्तन करने की आवश्यकता है। आवासीय क्षेत्र में 06 कमरों से 20 कमरों तक के होटल निर्माण के लिए न्यूनतम भूमि और होटल तक पहुंच मार्ग की चौड़ाई की न्यूनतम सीमा में बदलाव किया जाना चाहिए। साथ ही, पार्किंग, सिक्योरिटी और फायर सेफ्टी जैसे अति महत्वपूर्ण विषयों में मानक का सख्ती से अनुपालन कराया जाए।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

रिपोर्ट बीजेपी के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी की कार से हूटर उतरवाना ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर को पड़ा भारी

भाजपा प्रवक्ता की गाड़ी से हूटर उतरवाया तो सस्पेंड होने का फरमान आया

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

- भाजपा प्रवक्ता ने पुलिस पर लगाया बदसलूकी का आरोप
- राकेश त्रिपाठी के अनुसार ट्रैफिक इंस्पेक्टर ने उनसे कहा सारी रंगबाजी उतार दूंगा
- मामला डीजीपी तक पहुंचा, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी को सस्पेंड किया गया

लखनऊ। पुलिस नियमों का पालन न कराए तब तो उसे सभी की खरी-खोटी सुननी ही पड़ती है। कई बार नियमों का पालन कराना भी उसे महंगा पड़ जाता है। ऐसा ही कुछ हुआ ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी की कार से हूटर उतरवाने के दौरान। भाजपा प्रवक्ता ने ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। इसके बाद मामला डीजीपी तक पहुंचा। आला अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी को सस्पेंड कर दिया गया है। यूपी में लोकसभा चुनाव में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद भी पार्टी नेताओं के रसूख और तेवर में कोई कमी नहीं आई है। वह खुद को नियमों से ऊपर समझने से बाज नहीं आ रहे। ऐसा ही कुछ भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी और ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी के बीच

हुआ। जानकारी के अनुसार लखनऊ में शहीद पथ पर शनिवार देर शाम पुलिस ने राकेश त्रिपाठी की गाड़ी रोक ली थी। बीजेपी नेता अपने परिवार के साथ घर जा रहे थे। राकेश त्रिपाठी श्रीनगर से परिवार समेत लौट रहे थे। इस दौरान राकेश त्रिपाठी की एसयूपी कार से हूटर उतरवाया गया। इसके बाद उनकी गाड़ी से बीजेपी का झंडा भी उतार दिया गया। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी का आरोप है कि परिचय देने पर भी पुलिस ने उनके साथ बदसलूकी की। ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर ने उनसे कहा सारी रंगबाजी उतार दूंगा। इस कारण ने सार्वजनिक रूप से अपमानित होना पड़ा।

पीएम और सीएम दोनों ही हूटर और लाल बत्ती के खिलाफ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों ही नेता वीआईपी कल्चर के खिलाफ हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर ही देशभर में लाल बत्ती और हूटर हटाने की कवायद शुरू हुई थी। सवाल उठता है प्रधानमंत्री के निर्देश के बाद जब सभी मंत्री, सांसद भी लाल बत्ती, हूटर नहीं लगा रहे तो आखिर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी को हूटर लगाने की क्या जरूरत आन पड़ी थी।

...पर भाजपा प्रवक्ता ने हूटर लगाया ही क्यों था

ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी ने भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ बदसलूकी की थी, या नहीं की थी यह जांच का विषय हो सकता है। भाजपा प्रवक्ता के आरोप भी सही हो सकते हैं कि उन्हें ट्रैफिक पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा बेवजह परेशान किया गया। उनके परिवार को भी परेशानी हुई। इसके बावजूद यह सवाल अभी भी बना हुआ है कि आखिर भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने अपनी कार पर हूटर क्यों लगा रखा था। क्या देश के कानून ने राजनीतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं को हूटर लगाने की अनुमति दे दी है, क्या प्रवक्ता का कार्य किसी इमरजेंसी से जोड़कर देखा जाने लगा है या फिर भाजपा प्रवक्ता अपना भोकाल बनाने के लिए हूटर लगाए हुए थे।

दिल्ली तक पहुंची बात तो बैठी विभागीय जांच

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी के साथ पुलिस ने बदसलूकी करने का यह मामला दिल्ली तक जा पहुंचा। इसकी वजह ये रही कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन दास अग्रवाल ने यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार और गृह सचिव दीपक कुमार को घटना पर संज्ञान लेने की गुजारिश की थी। मामले में डीजीपी का एक्शन सामने आया है। नेता से बदसलूकी करने वाले ट्रैफिक इंस्पेक्टर आशुतोष त्रिपाठी को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गए हैं।

फास्ट फॉरवर्ड

29 जुलाई से 3 अगस्त होगा विशेष लोक अदातल का आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रम वाद, शमनीय आपराधिक वाद, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, अन्य छातिपूर्ति मामले, पारिवारिक मामले, सेवा सम्बन्धी मामले, कर सम्बन्धी मामले, शैक्षणिक मामले, भरण पोषण सम्बन्धी मामले, उपभोक्ता संरक्षण सम्बन्धी मामले, स्थानांतरण याचिकाएं, धन वसूली सम्बन्धी मामले, अपराधिक शमनीय मामले, भूमि सम्बन्धित मामले, अन्य दीवानी मामले आदि का निस्तारण किया जाएगा।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी तथा उप निरीक्षक यूटी कुंवर प्रखर सिंह, आरक्षी नरेन्द्र कुमार द्वारा मनीष निवासी शिवरामपुर को 33 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक चालक युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कदौरा थाना क्षेत्र में चतेला तिराहे पर कार व बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सहेजना निवासी पिंटू उर्फ विशाल खदान पर पोकलैंड मशीन चलाता था। वह किसी काम से बाइक से घर जा रहा था। जैसे ही वह कदौरा पंहुचा। तभी चतेला तिराहे के पास तेज रफ्तार ओमनी कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी पंहुचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और खबर उसके परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुच गए। परिजनों ने बताया कि वह तीन भाइयों में बीच का था, और अभी शादी भी नही हुई थी। मामले में थाना प्रभारी विजय कुमार का कहना है कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है। बल्कि घटना को अंजाम देने वाले कार चालक की तलाश की जा रही है।

वादकारियों को तामील कराएं नोटिस और सम्मन : जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में आगामी 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए राजस्व के अतिरिक्त अन्य अधिकारियों की बैठक की गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि मामलों के अधिकाधिक निस्तारण किए जाने के लिए चर्चा की गई। साथ ही चिन्हित वादों की नोटिसों का तामीला कम से कम दो बार तामीला कराये जाने के लिए विशेष बल दिया गया।

बैठक से जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्याग अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका के अनुपस्थित रहने पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में इस बैठक का आयोजन किया गया था। ऐसी स्थिति में इन अधिकारियों के बैठक में अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में नोटिस जारी किया जाए। जिसकी सूचना जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ को प्रेषित की जायेगी।

इस मौके पर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत दीपक सिंह, पूर्ति निरीक्षण खाद्य एवं रसद विभाग दिलीप कुमार, उपसंभागीय परिवहन अधिकारी (पीटीओ) डॉ सन्तोष तिवारी, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

छेडछाड से परेशान 10वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। मऊ थाना अंतर्गत एक गांव निवासी पिता ने बताया कि उसकी बेटी दसवीं में पढ रही थी। वह साइकिल से स्कूल जाती आती थी। आते जाते समय गांव के ही दो युवक बेटी को 6 महीने से परेशान कर रहे थे। साथ ही अश्लील हरकतें करते थे। बेटी के रोकने पर उसे जान से मारने की धमकी देते थे। बेटी के बताने पर पुलिस के पास पहुंचे लेकिन पुलिस ने हमारी कोई मदद नहीं की। इस वजह से उन दोनों की हिम्मत और बढ गई उनके डर से बेटी ने स्कूल जाना बंद कर दिया। इसके बाद भी वह कभी-कभी घर के काम से बाहर निकलती थी तो दोनों लडके उसको परेशान करते थे जिसकी शिकायत मऊ कोतवाली में शिकायती पत्र देकर किया था, लेकिन पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया। इसके बाद लडकी ने फांसी लगा ली और अपनी जान दे दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बेटी का पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। इस मामले में क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए डेड बॉडी भेज दी गई है और परिवारजनों द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे हैं सक्षम अधिकारी से जांच करवाकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग टीम ने अवैध लकड़ी से भरा पकड़ा ट्रक, की कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के वन रेंज नैनापुर चौकी के अंतर्गत लोहई के जंगल में अवैध रूप से बेरी विलायती देशी बबूल की लकड़ी ले जाई जा रही थी। तभी वन विभाग के रेंजर ने वन विभाग की टीम परशुराम के नेतृत्व में ट्रक को पकड़ा। जिसे लाकर वन रेंज नैनापुर में खड़ा कर विभाग ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

काफी लंबे समय से जंगल के किनारे लकड़ी काटने की रात में शिकायत मिल रही थी। उसी को लेकर वन विभाग की टीम को रविवार की देर रात बिजवाहा गांव के पास एक ट्रक आता दिखाई दिया। जिसका नंबर ह्वश्च-25 ष्ह्व 3894 है। उसे रोकने का प्रयास किया, तो उसके चालक ने तेजी से गाड़ी को आगे बढ़ा दिया। लेकिन वन विभाग की टीम ने उसे घेरकर पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक में तकरीबन 13 टन लकड़ी बताई जा रही है। चालक के पास जो प्रपत्र मिले हैं, उनमें बबूल की लकड़ी होना दर्शी गई है, जबकि ट्रक में देसी बबूल की लकड़ी की मात्रा अधिक पाई गई है। चौकी इंचार्ज ने पूरे मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। ट्रक को खड़ा करवाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। गौरतलब हो गए वन विभाग प्रत्येक वर्ष हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर काम करता है। लेकिन लकड़ी माफियाओं की नजर वनों की सत्यानाशी पर उतारू हो गए हैं। वन रेंज नैनापुर के चौकी इंचार्ज परशुराम यादव ने बताया प्रकरण गंभीर है, मामले में कार्यवाही की जा रही है। कोई भी माफिया नहीं बचेगा।

नाबालिग बच्ची के साथ दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस टीम द्वारा नाबालिक बच्ची से दुराचार के आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि बीते रविवार को थाना मऊ में एक व्यक्ति ने सूचना दी थी कि उनकी डेढ वर्षीय बच्ची के साथ इतराज श्रीवास निवासी कुम्हारन का डेरा मजरा चित्रवार ने दुराचार किया है।

इस सूचना पर थाना मऊ में नामजद आरोपी इतराज श्रीवास के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय तथा अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह, आरक्षी प्रवीण कुमार पाण्डेय, राहुल पाण्डेय द्वारा इतराज को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने की बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की जांच

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों की जांच की गयी। जांच के दौरान बैंक सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया। साथ ही डियूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये एवं सतर्कतापूर्वक डियूटी करने के लिए बताया गया। बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण कर चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहे है या नहीं तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर करने के निर्देश दिये गये।

खेल मेले के साथ हुआ समर कैंप का समापन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

ग्राम पंचायत बरवारा में प्रजायत्न संस्था के छलांग प्रोजेक्ट के तहत समर कैम्प का समापन खेल मेला से किया गया। कैम्प में ग्राम प्रधान अभिलाष, शिक्षामित्र हीरा लाल एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता देवी उपस्थित रहे।

संस्था के प्रोग्राम मैनेजर अमित ने बताया कि बच्चों में खेल के द्वारा होने वाली शारीरिक शिक्षा, मानसिक शिक्षा के बारे में उनकी समझ को स्पष्ट करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। संस्था के फील्ड कोआर्डिनेटर कंपोजिट विद्यालय बरवारा में बुधवार को खेल गतिविधि कराती हैं। इसके बाद अन्य दिनों में ग्राम प्रधान अपनी देखरेख में विद्यालय के नोडल टीचर से खेल गतिविधि कराएंगे। प्रजायत्न संस्था कर्वी ब्लॉक के 25 विद्यालय एवं पहाडी ब्लॉक के 25 विद्यालय में बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, समाजिक विकास पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों में कोकला झपकी खेल, बडे बच्चों में चैन गेम, लेट्स डू दी एडिशन, डोज हैंड बाल गेम कराया गया। इस मौके पर सूर्यकान्त, अनुज कुमार, प्रेमचंद, नीलू देवी आदि मौजूद रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने किया महिला थाना आकस्मिक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी द्वारा थाना भरतकूप में सलामी लेकर थाना भरतकूप का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव व अद्यवधिक करने के लिए थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद थाने पर उपस्थित आरक्षीगणों के बीट बुक चेकिंग की गयी।

सिपाही भर्ती पेपर लीक के आरोपी को हाईकोर्ट ने दी जमानत

कहा- नहीं बरामद हुई कोई आपत्तिजनक वस्तु

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज

याची मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित पर उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा (17 और 18 फरवरी 2024 को होने वाली) का प्रश्नपत्र परीक्षा आयोजित होने से पहले ही लीक करने के आरोप में धारा 420, 467, 468, 471 और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक के आरोप में गिरफ्तार किए गए मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित हो इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। हाईकोर्ट ने आरोपी को राहत देते हुए उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि उसके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है। ऐसा कोई साक्ष्य अभियोजन नहीं प्रस्तुत नहीं कर सका जिससे साबित हो सके कि वह कोई हेरफेर कर रहा था। मामले की सुनवाई जस्टिस समीर जैन की पीठ ने की।

याची मोनू शर्मा उर्फ मोनू पंडित पर उत्तर प्रदेश कांस्टेबल भर्ती एवं प्रोन्नति परीक्षा (17 और 18 फरवरी 2024 को होने वाली) का प्रश्नपत्र परीक्षा आयोजित होने से पहले ही लीक करने के आरोप में धारा 420, 467, 468, 471 और 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों ने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र 50,000 रुपये से 2 लाख रुपये में बेचा गया।

यह भी आरोप लगाया गया कि कई उम्मीदवारों ने परीक्षा शुरू होने से 8-12 घंटे पहले ही प्रश्नपत्र प्राप्त कर लिया था। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने आवेदक के चार अन्य मामलों से जुड़े आपराधिक इतिहास पर भी विचार किया, जिसमें पाया गया कि उसे उन सभी मामलों में जमानत मिल गई है। सभी कथित अपराधों पर प्रथम श्रेणी के मजिस्ट्रेट द्वारा विचार किया जा सकता है। आवेदक पांच अप्रैल, 2024 से जेल में है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने मोनू पंडित को जमानत पर रिहा किए जाने का हकदार पाया गया।

48 लाख से अधिक परीक्षार्थी थे शामिल

बता दें कि दिसंबर, 2023 में उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस कांस्टेबल पदों के लिए 60,244 रिक्तियों की घोषणा की थी। लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 48 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया। परीक्षा यूपी के 75 जिलों में 2300 से अधिक केंद्रों पर हुई।

पुलिस टीम ने परिवारिक मतभेदों को समाप्त कराते हुए एक परिवार को टूटने से बचाया

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर एक परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।

आवेदिका किरन देवी पुत्री पूनी प्रसाद निवासी खोह थाना कोतवाली कर्वी द्वारा अपने पति कुलदीप पुत्र मुन्ना निवासी गढचपा थाना मानिकपुर तथा ससुराल पक्ष के मारपीट, गाली-गलौज व दहेज की मांग करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रार्थना-पत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उप निरीक्षक गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवाग्नी श्रीवास्तव, मंजूलता द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र बुलाया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी।दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लडाई झगडा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोडे को एक दूसरे के साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने की सलाह दी गयी।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौंद थाना क्षेत्र के सिरावली में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम सिरावली निवासी मानवेंद्र 35 वर्ष पुत्र स्व. प्रयाग नारायण पाल रविवार की शाम रोज की तरह खाना खाकर परिजनों के साथ सोने चला गया। देर रात वह बिना बताए कमरे से चला गया और उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह ग्रामीणों ने पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका युवक का शव देखा, तो उनमें हड़कंप मच गया, और उन्होंने सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि उसके पास 5 बीघा खेती थी, और वह खेती जोतकर अपना भरण पोषण करता था। बताया कि मृतक का बड़ा भाई रामफल आर्मी में है, और उसकी तैनाती कानपुर में थी। सुचना मिलते ही वह भी मौके पर पहुंच गया। मामले में थानाध्यक्ष कुठौंद केपी सरोज ने बताया की शव को पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर अधेड़ ने दी जान

जन एक्सप्रेस/उरई। रेंढ़र थाना क्षेत्र के खकसीस में अधेड़ ने जामुन के पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम खकसीस निवासी अरवेंद्र बाल्मीकि 55 वर्ष कई दिनों से तनाव में चल रहा था। उसकी पत्नी बिटोली का दस वर्ष पहले निधन हो गया था। तबसे अपनी माता पिता के साथ रहकर मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करता था। सोमवार को कोंच रोड स्थित खेतो पर खड़े जामुन के पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर खुद खुशी कर ली। फांसी पर लटक रहे शव को देखकर राहगीर मौके पर पहुंच गए और उन्होंने पहचान कर मामले की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी थानाध्यक्ष नीलम सिंह सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच- पड़ताल शुरू कर दी। घटना को लेकर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल अधेड़ ने किन कारणों से फांसी लगाकर खुद खुशी की है, उसकी जानकारी की जा रही है।

पुलिस ने 22 सौ रुपये व ताश की गड्डी सहित पकड़े 6 जुआरी

जालौन। हार जीत की बाजी लगा रहे आधा दर्जन लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। पकड़े गए जुआरियों के पास से पुलिस ने 2200 रुपये नकद, ताश की गड्डी बरामद की हैं। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर में हार-जीत का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। पुलिस छोटे मोटे जुआरियों को पकड़कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है, जबकि बड़े जुआरी अभी भी पुलिस की पहुंच से दूर बने हुए हैं। रविवार की देर शाम एसआई गोविंद सक्सेना को सूचना मिली कि औरैया मार्ग पर कन्हैयालाल विष्णुचरण महाविद्यालय के पीछे कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे आमिर, सुलेमान, अदनान, सद्दाम, रज्जाक व शारुख निवासीगण हिरदेशाह को पकड़ लिया। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने मालफड़ पर 1500 रूपये व जामा तलाशी में 700 रुपए बरामद किए। इसके अलावा एक ताश की गड्डी व मोबाइल भी बरामद किए। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर ली है।

इस वर्ष होगी झमाझम बारिश, सर्दी और गर्मी के बाद अब भयंकर बरसात के लिए रहें तैयार

जन एक्सप्रेस। प्रयागराज



इस वर्ष झमाझम बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों की मानें तो सर्दी और गर्मी की तरह इस साल बारिश भी नया रिकॉर्ड बना सकती है। लगातार पड़ रही गर्मी से फिलहाल निजात मिल गई है। धूप के दर्शन बादलों की लुकाछिपी के बीच हो रहे हैं।

कड़ाके की ठंड और भीषण गर्मी के बाद अब झमाझम बारिश झेलने के लिए तैयार रहें। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों की मानें तो इस वर्ष अच्छी बारिश हो सकती है। इस सप्ताह भी बारिश का अनुमान लगाया गया है। कई दिनों से पड़ रही गर्मी का असर मौसम बदलने के साथ ही कम हो गया है। इसके साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी घटने लगी है।

सोमवार को सुबह से ही बादलों के बीच से धूप के दर्शन हुए। दोपहर तक यही चलता रहा। अधिकतम 40 के आसपास रहा। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इविवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एचएन मिश्रा की मानें तो इस वर्ष प्रचुर मात्रा में बारिश होने की संभावना है। क्योंकि, जिस प्रकार से जबरदस्त सर्दी और गर्मी पड़ी है, उसी आधार पर जमकर बारिश होने की भी संभावना है।

26 जून के अंदर प्रयागराज और आसपास के जनपदों में बारिश हो सकती है। तीन जुलाई से अगस्त के मध्य तक जोरदार बारिश की संभावना है। फिलहाल, इस हफ्ते अधिकतम 36 व न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलेंगी। वहीं, बेली अस्पताल में लू लगने के तीन मामले आए हैं। तीनों मरीजों को कोल्ड रूम में भर्ती किया गया है। इसके अलावा एसआरएन में तीन, बेली में 10 व कॉल्विन अस्पताल में चार डायरिया के मरीजों को भर्ती किए गए हैं।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 25 जून 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार है तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार है

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+1.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 67 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 55 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 4.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 2.8

- कृषि मौसम वैज्ञानिक





योगी सरकार की कानपुर में बिल्डरों ने तोड़ दी दर्जनों सरकारी सील, जिम्मेदारों ने की डील

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कमलेश फाइटर

- 80/80 में सबसे ज्यादा तोड़ी गई सरकारी सीलें, विकाश के अवैध निर्माण कब होंगे ध्वस्त
- हाजी वसी के गुर्गों की कब होगी पहचान, कई सील बिल्डिंगें बनकर तैयार जिनका होना था ध्वस्तीकरण

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति का पालन कराने वाले के.डी.ए. वी.सी. मदन गर्वयाल के अवैध निर्माण करने वाले बिल्डरों के खिलाफ चलाए गए अभियान का असर पूर्ण रूप से खत्म हो चुका है। प्राधिकरण के जोन एक और दो में कई दर्जन सरकारी सील तोड़कर निर्माण भी चालू हो चुका है। अब तो शहर में यह चर्चा होने लगी है कि कहीं नए वीसी ने अपना प्रभाव बनाने के लिए तो यह सारी बिल्डिंगे सील करवाई हों क्योंकि अगर ऐसा ना होता तो सील के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जरूर होती लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। सच क्या है झूठ क्या है यह तो या तो के.डी.ए.के अधिकारी जानते हैं या फिर वह बिल्डर जो आसानी से सील तोड़कर योगी सरकार और हाई कोर्ट के आदेशों को की खुली अवहेलना कर रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि लगभग पांच दर्जन से अधिक मानक विहिन और अवैध निर्माणों को अब तक के.डी.ए. वीसी मदन गर्वयाल के निर्देश पर चारों जोनों में सील किया जा चुका है। लेकिन एक तरफ सील लगाकर केडीए के अधिकारी और कर्मचारी हटते हैं दूसरी ओर उस सरकार में जिस सरकार में सरकारी विभागों में जीरो टॉलरेंस नीति का पालन कराने का सरकार दावा करती है।

सील तोड़कर 24 घंटे बाद ही अधिकतर बिल्डर निर्माण कार्य शुरू कर देते हैं।

जे.ई. जे एन पांडे और अरविंद उपाध्याय सबसे ज्यादा सरकार की करवा रहे किरकिरी

आपको बताते चलें कि वर्तमान समय में जेई से सहायक अभियंता बने जे एन पांडे और अरविन्द उपाध्याय ने सबसे ज्यादा योगी सरकार और कानपुर विकास प्राधिकरण की किरकिरी करवाई है, जन एक्सप्रेस दावे के साथ लिखता है कि अरविंद उपाध्याय के कार्यकाल में उन्होंने आधा सैकड़ा से अधिक रेजिडेंशियल निर्माण को कमर्शियल बन जाने दिया। साथ ही साथ दर्जनों ऐसे निर्माण है जिनमें अतिरिक्त तल पड़ा हुआ है। अभी हाल ही में जेई अरविन्द उपाध्याय की अनदेखी से जॉली ने केडीए की सरकारी सील तोड़कर अतिरिक्त तल जोन दो में डाल लिया है। शिवाजी नगर सोसाइटी के लोग चिल्ला चिल्ला करके कह रहे हैं कि जॉन 2 के के और सुपरवाइजर ने वीरेंद्र कुमार गुप्ता नाम के बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए अनदेखी करते हुए रेजिडेंशियल निर्माण में कमर्शियल बिल्डिंग तैयार करवा दी और पूरी बिल्डिंग तैयार भी हो गई है। जेई जे एन पांडे के कहने क्या हैं। इनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले 80 / 80 के कई निर्माण की सील 24 घंटे में ही अवैध निर्माण कर्ताओं ने तोड़ दी। इसी परिसर में विकास शुक्ला नाम का बिल्डर कम से कम 5 से 6 करोड रुपए के राजस्व की चपक सरकार को अकेले लगा चुका है। उसके कई निर्माण पर जिन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है उसे भी अनदेखा जे ई साहब ने किया है। 80 / 80 की सील तोड़कर हाई कोर्ट की भी अवमानना की गई है।

हाजी वसी और उसके करीबियों के निर्माण पर हमेशा मेहरबान रहता है केडीए

योगी सरकार और कानपुर विकास प्राधिकरण के नवागंतुक उपाध्यक्ष मदन गर्वयाल के साथ-साथ शहर के पुलिस कमिश्नर मंडला आयुक्त जिला अधिकारी यह जान लें कि जोन एक में सबसे ज्यादा अवैध निर्माण कानपुर हिंसा के मुख्य आरोपी हाजी वसी के कानपुर हिंसा के टाइम में सील किए गए थे। लेकिन जेई जे एन पांडे और सुपरवाइजर की दया के चलते प्रेम नगर गुरुद्वारा के सामने वाली पूरी सील बिल्डिंग तैयार हो गई और उसकी खरीद फरोख्त भी हो चुकी है। वर्तमान समय में जेल से छूटने के बाद हाजी वसी ने फिर से अपने कई गुर्गों को बिल्डिंग बनाने के काम में उतारा है। फिर से एक बार करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हाजी वशी करवा रहा है। लेकिन इस बार उसने चेहरे बदल दिए हैं। सूत्रों की माने तो शफीक नाम के बिल्डर के पास भी हाजी वसी का रुपया लगा हुआ है लेकिन इसकी पुष्टि तभी हो सकती है जब सफीक बिल्डर के आय के स्रोतों की जांच हो जन एक्सप्रेस यह भी पुष्टि नहीं करता है कि सफीक के पास हाजी वसी का ही पैसा लगा होगा। सफीक बिल्डर की पूर्ण अवैध बिल्डिंग सील करने के बाद जेई जे एन पांडे और सुपरवाइजर उस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ा रहे हैं।

हाजी वसी के गुर्गों को पहचानने में वर्तमान की पुलिस भी फेल

आपको बताते चलें की हाजी वसी कोई साधारण व्यक्ति नहीं है। इस व्यक्ति ने पूरे कानपुर को जलाने की साजिश कानपुर हिंसा के दौरान रची थी। जाजमऊ में सरकारी केडीए की भूमि को बेच रखा है। वर्तमान समय में हिस्ट्री शीटर होने के बाद भी अपने गुर्गों से अज्ञात तरीके चमनगंज में बिल्डिंग खड़ी करवा रहा है। कानपुर पुलिस भी दावा जरूर करती है कि उसकी और संपत्तियों और करीबियों की जांच हो रही है लेकिन खुलकर अभी तक कुछ सामने नहीं आया।

कानपुर के छात्र ने आंध्र प्रदेश में शहर का नाम किया रोशन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आईआईआईटी, कर्नुल, आन्ध्र प्रदेश में छटवें दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें कानपुर के पारस यादव को एक भव्य समारोह में सीएस ब्रांच गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि-पदमश्री एवं पदम भूषण सम्मानित डॉ. व्ही.के.सारस्वत, सदस्य नीति आयोग एवं कुलपति, जेएनयू, नई दिल्ली एवं संस्थान निदेशक प्रो. बी.एस. मूर्थी ने कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रान्च में उच्चतम अंक प्राप्त करने पर पारस यादव को गोल्ड मेडल एवं डिग्री देकर सम्मानित किया।

पारस यादव कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के मेधावी स्टूडेन्टस रहे है, सत्र 2022-23 एवं सत्र 2023-24 के लिए एक्सीलेंस मेरिट अवार्ड से भी सम्मानित हो चुके है। पारस यादव को मल्टीनेशनल कंपनी गूगल ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयनित किया है। इस अवसर पर संस्थान निदेशक, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष, डीन, एसोसियेट डीन एवं फैकल्टी सदस्यों ने पारस यादव की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित कीं।

पारस ने बताया कि गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर जॉब के साथ साथ सिविल सर्विसेस की तैयारी की ओर बढना चाहूगा, साथ ही साथ बी0टेक0 में पढ़ रहे स्टूडेन्टस को टॉप एमएनसीज् में उनके बेहतर प्लेसमेन्टस के लिए कोडिंग स्किल्स सिखाने में मदद भी करते रहेगें।

शहीद सीआरपीएफ जवान के घर पहुंचा सपा नेताओं का दल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के महराजपुर में नौगवां गांव का लाल शैलेंद्र भारत माता की रक्षा करते हुए शहीद हो गया था। विगत 7 मार्च को ही शैलेन्द्र की शादी हुई थी। गरीब परिवार से आने वाले शैलेन्द्र के पिता और दो भाइयों की मौत पहले ही हो चुकी है, अब उनके परिवार में सिर्फ बड़ा भाई नीरज ही जीवित बचा है।

नीरज ने बताया कि शैलेन्द्र शुरू से ही मेधावी छात्र था और गरीबी के चलते अपने दोस्तों की मदद से पढ़ाई करता था। शहीद शैलेन्द्र की शहीदी की सूचना मिलते ही पूरे घर समेत गाँव मे मातम पसर गया । कल प्रशासन की ओर से नर्वल तहसील के एडीएम एफआर ने दुखी परिवार से मुलाकात कर उनकी मांगों को जाना और उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार तक उनकी मांगों को पहुंचाया जाएगा। विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक मोहम्मद हसन रूमी, सपा शहर अध्यक्ष का एक दल दुखी परिजनों से मिला है। दुखी परिजनों से मिल कर उन्हें आश्वासन देते हुए विधायक अमिताभ ने बताया की शासन से मिल कर परिजनों की सभी मांगों को पूरा करवाएंगे और शहीद के समाधि स्थल के लिए जगह सुनिश्चित करवाएंगे।

काशीराम अस्पताल में मिली महिला की नहीं हुई थी हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में बीतो दिनों थाना चकेरी क्षेत्र अंतर्गत कांशीराम हास्पिटल की ओपीडी के पीछे एक अज्ञात महिला का शव मिला था जिसमें हत्या की आशंका जताई गयी थी लेकिन पुलिस कमिश्नरेट कानपुर ने एक हफ्ते में इस पूरी घटना का खुलासा कर दिया है। प्रेसवार्ता के दौरान डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि महिला का नाम छोटी बिट्टी था जो कि थाना चकेरी क्षेत्र के काशीराम हास्पिटल की रहने वाली थी। दिनांक 11 जून 2024 को देर रात कांशीराम हास्पिटल की ओपीडी के पीछे चबूतरे में बैठकर शराब पी रही थी शराब के नशे में चबूतरे से उतरते समय गिर गयी व उठकर फिर शराब पीने लगी, और थोड़ी देर बाद डिहाइड्रेशन से उसकी मृत्यु होगी गयी, डीसीपी ने बताया कि महिला काशीराम हास्पिटल में लोगों के कपड़े धोकर गुजर बसर कर रही थी, चूंकि ये पूरा मामला महिला से जुड़ा था इसलिए पुलिस की तीन टीमें इसमें दिन ? रात काम कर रही थी इस पूरी घटना में हत्या जैसी कोई बात सामने नहीं आयी है।

शिक्षकों ने जिला विद्यालय निरीक्षक के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट की जिला कार्यकारणी एवं समस्याओं को लेकर सोमवार को शिक्षकों द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदेश संयोजक शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शिक्षकों की समस्याओं जैसे 60 से 62 वर्षीय विकल्प स्वीकृत, पेंशन - फंड का भुगतान, चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान, एनपीएस से सेवानिवृत्ति शिक्षकों की पेंशन भुगतान, जीएनके इंटर कॉलेज व बिल्हौर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य से कार्य न लिया जाने, व्यवसायिक शिक्षकों के मानदेय का भुगतान न किए जाने संबंधी लंबित मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री बृजभूषण मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह लल्ला, जिला महामंत्री राहुल कुमार मिश्रा,मंडल अध्यक्ष आरसी पांडे, जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, चंद्रदीप यादव, राकेश भारद्वाज, प्रेमचंद त्रिपाठी, चित्रांशी सिंह, आफताब अंसारी, निजामुल हक, संतोष दिक्षित, महक सिंह, दूधनाथ, धीरेंद्र मिश्रा, देवकीनंदन सिंह, महेंद्र कुमार, अनुराग कटियार, बंशीधर, रोहित कनौजिया, शेखर चौधरी, संत कुमार दीक्षित, सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

सपाइयों ने मनाया दुर्गावती का बलिदान दिवस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सोमवार को गौंड वीरांगना दुर्गावती का 460वा बलिदान दिवस समाजवादी पार्टी के नवीन मार्केट में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में शिक्षा और युवा पर सेमिनार के रूप में संपन्न हुआ। जिसका संचालन महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया।

बलिदान दिवस पर गौंड़ वीरांगना दुर्गावती को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने संबोधित करते हुए कहा कि वीरांगना दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 में हुआ था दुर्गावती की शिक्षा में लड़कियों को आगे बढ़ाने में योगदान किया तथा अन्नाय और जुर्म के खिलाफ संघर्ष करती रही उन्होंने महिला रेजीमेंट बनाया और युद्ध मैदान में संघर्ष के दौरान 24 जून 1564 को जबलपुर मंडला रोड पर स्वयं खंजर मारकर वीरगति को प्राप्त किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि वीरांगना दुर्गावती ने मठ मंदिर कुए बावड़ी व धर्मशाला निर्माण कराए और महिला रेजीमेंट बनाने में महिलाओं को आगे आने में लोग विरोध करते थे लेकिन वीरांगना दुर्गावती ने विरोध के बावजूद महिलाओं को समाज में अग्रणी भूमिका निभाने में सदैव प्रेरित करती रही। प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, दिनेश विश्वकर्मा, साहेबे आलम सोनू, संजय निषाद, अमित चौरसिया, रामू वर्मा, हेमंत गुप्ता, बाबू वारसी, श्री नाथ तिवारी, जसवेंद्र प्रताप निषाद, ज्ञानेन्द्र यादव, मुकुल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

शातिर अपराधी बादल बंजारा का हाफ एनकाउंटर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना अरमापुर पुलिस को एक बड़ी सफलता उस समय हाथ लगी जब कानपुर देहात का शातिर अपराधी 25000 का इनामी बादल बंजारा पनकी क्षेत्र में देखा गया है। जिस पर थाना पनकी और अरमापुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जब बादल बंजारा को रोका गया तो उसने पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने अपनी आत्मरक्षा के लिए गोली चलाई जो आरोपी बदल बंजारा के पैर में जा लगी जिसको उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि कानपुर देहात का यह शातिर अपराधी है काफी दिनों से फरार चल रहा था लेकिन मूखबीर की सटीक सूचना पर आज बादल बंजारा को मुदभेड़ के दौरान पकड़ लिया गया पकड़ने वाली संयुक्त टीम को 25000 का इनाम दिया जा रहा है।

सरेराह अधिवक्ता को कार से कुचल कर डाली हत्या

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

नशे में धुत कार सवार ने रविवार को थाना कोहना क्षेत्र स्थित पूर्व अधिवक्ता सिंचाई विभाग कर्मचारी को 20 मीटर खींचने के बाद कुचल कर मौत के घाट उतार मौके से फरार हो गया।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सिंचाई कर्मचारी रविंद्र कुमार उर्फ भोला को उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।जानकारी देते हुए एसीपी कर्नल गंज महेश कुमार ने बताया की देर रात 9ः00 बजे रैना मार्केट चौकी चौराहा क्षेत्र आर्य नगर के पास एक गाड़ी नंबर-क्क 78 र्त्र 1898 हुंडई वेन्यू कार जिस पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखा हुआ अज्ञात चालक द्वारा भोला तिवारी पुत्र उमा तिवारी निवासी सिविल लाईनस एफएम कॉलोनी 8 ब्लॉक को टक्कर मार कुचलकर फरार हो गया। सूचना पर थाना कोहना पुलिस द्वारा घायल भोला तिवारी को तत्काल हैलट अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के समय मौत हो गई।आरोपी कार चालक के पते पर दबिश दी गई किंतु अभी फरार है, लगातार तलाश की जा रही है।साथ ही पुलिस की दो टीमें गठित कर आरोपी की तलाश की जा रही है।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज घटना की छानबीन शुरू कर दी है।वही मृतक सिंचाई विभाग कर्मचारी देवेंद्र तिवारी उर्फ भोला की पत्नी ने बताया की घर पर कुछ लोग आए और बताया की इनका एक्सीडेंट हुआ है बाद में मालूम हुआ की एक कार चालक ने उन्हें घसीटते हुए काफी दूर तक ले जाकर कुचल कर हत्या कर दी है दोषियों को सख्त से सख्त सजा मिले।

छेड़छाड़ की शिकार दर्जनों महिलाओं ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना चकेरी अंतर्गत गांधी ग्राम क्षेत्र में एक गाली बाज युवक से प्रताड़ित होकर क्षेत्र की महिलाओं ने कानपुर के पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन दिया है और न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस कमिश्नर ने महिलाओं की फरियाद सुनकर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है

ज्ञापन देने आई पीड़ित महिलाओं ने बताया कि थाना चकेरी अंतर्गत मोहल्ला गांधी ग्राम पड़ोस में रहने वाले राहुल मुरैना लकी व आयुष मुरैना दिनभर महिलाओं को देखते ही फोन पर गाली गलौज करते हुए फब्तियां करते हैं लड़की और महिलाओं से छेड़खानी करते हैं अगर कोई महिला लड़की विरोध करती है या उनके घर पर शिकायत के लिए जाती है तो उनके साथ गाली गलौज कर मारपीट पर आमद हो जाते हैं। साथ ही आरोपी राहुल मुरैना लकी व आयुष मुरैना के परिवार वाले भी उन्हीं का साथ देकर क्षेत्र की महिलाओं से मारपीट कर गाली गलौज करते हैं वहीं पुलिस कमिश्नर से शिकायत करने आई महिला और लड़कियों ने बताया कि गली बाज राहुल मुरैना आयुष मुरैना के खिलाफ थाना चकेरी पुलिस और कृष्णा नगर चौकी में कई बार शिकायत की लेकिन पुलिस ने उल्टा ही आरोपियों का साथ देते हुए महिलाओं पर मुकदमा दर्ज कर दिया है जिसको लेकर आज पीड़ित महिलाओं ने महिला अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव के साथ पुलिस कमिश्नर से न्याय की गुहार लगाने आई थी। फिलहाल प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और छेड़खानी पर रोक लगाने के लिए तमाम प्रयास कर रही है और पुलिस अधिकारियों को भी तुरंत कार्यवाही करने का आदेश दे रही है लेकिन चकेरी पुलिस आरोपियों के साथ मिली भगत कर महिलाओं पर ही मुकदमा दर्ज कर प्रताड़ित करने का काम कर रही है। वही पीड़ीत महिलाओ और लड़कियों ने गाली गलौज का वीडियो बनाकर पुलिस अधिकारियों के दिखाया है।

बिट्टू वाल्मीकि हत्या के मामले में कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। सामाजिक संगठनों के संयुक्त मंच के पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन कानपुर पुलिस आयुक्त को सौप आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। सोने लाल गौतम ने बताया कि सन 2023 में थाना रावतपुर क्षेत्र में बिट्टू वाल्मीकि की हत्या हुई थी पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था लेकिन घटना में मुख्य अभियुक्त का नाम प्रकाश में आने से मामला गंभीर बनता परंतु रावतपुर पुलिस ने मुख्य अभियुक्त का नाम विवेचना के दौरान हटा दिया जिससे आरोपी पीड़ित परिवार को मुकदमा वापस लेने के लिए लगातार धमकी दे रहा है। जिससे की मृतक के पीड़ित परिवार वालों की जान को खतरा बना हुआ है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने फरियादी की पुकार सुनकर उचित कार्यवाही कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

सैय्यद पीर बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स का आयोजन

जन एक्सप्रेस/ऊंचाहार, रायबरेली। ऊंचाहार तहसील के मतीनगंज बाज़ार स्थित सैय्यद पीर बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स का दो दिवसीय आयोजन आज शाम से शुरू हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मतीनगंज व उर्स कमेटी ने संयुक्त रूप से प्रोग्राम की रूप रेखा तैयार की। उर्स के मौके पर स्थानीय लोगों के सहयोग से भव्य मेले का आयोजन भी किया जाता है, जहां दूर दराज के व्यापारी अपनी दुकानें ले कर आते हैं वहीं मेले में बच्चों के लिए झूलो खिलौनों और मिठाइयों की दुकानें भी लगाई जाती हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी सालाना उर्स में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मतीनगंज द्वारा सम्मान समारोह का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसमें मतीनगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष मोहम्मद आबिद एडवोकेट ने मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल रायबरेली के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत सिंह बण्णा व उनकी टीम को फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, वहीं उपाध्यक्ष मुहम्मद इमरान के द्वारा विशिष्ट अतिथि राकेश चंद्र आनंद थाना प्रभारी निरीक्षक गदागंज को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

रामलला के दरबार में शीश नवाने पहुंची हरियाणा सरकार

तीसरी बार भी हरियाणा में बनेगी भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार : नायब सैनी

हरियाणा के सीएम, विधानसभा अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और विधायकों ने किया रामलला का दर्शन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सोमवार को यहां श्रीरामलला के मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस दौरान हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष, कैबिनेट के मंत्रीगण और विधायकगण भी मौजूद रहे। इससे पूर्व नायब सैनी ने श्री राम जन्मभूमि न्यास और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास से मिलकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हरियाणा से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश के राज्य मंत्री सतीश शर्मा व अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह गौरव का क्षण है। हमारी संस्कृति हमारी आस्था के प्रतीक भगवान श्री राम का यह भव्य और दिव्य मंदिर 500 वर्षों के बाद हमें देखने को मिला है। हमें एक अलग ऊर्जा भगवान श्री राम के दर्शन करने से मिलती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यहां श्रीराम का भव्य और दिव्य धाम तैयार हो रहा हैं। अयोध्या में हो रहा विकास एक मॉडल के रूप में हम सबके सामने है। उन्होंने कहा कि अयोध्या हमारी संस्कृति और आस्था का केंद्र बिंदु है।

इससे पहले नायब सैनी ने सरयू के दर्शन भी किये और हनुमानगढ़ी में पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जा रहा है। आने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा बहुमत के साथ हरियाणा की सत्ता में आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में हम तीसरी बार सरकार बनाएंगे। नरेंद्र मोदी का जो सपना है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है, उसमें हरियाणा भी अपनी भूमिका निभाएगा। हरियाणा सरकार द्वारा दिल्ली को पानी न दिए जाने के आम आदमी पार्टी के आरोप पर जवाब देते हुए नायब सैनी ने कहा कि दिल्ली को जितना पानी चाहिए हरियाणा उतना पानी दे रहा है। केजरीवाल सरकार का मैनेजमेंट सही नहीं है, उनका ध्यान केवल भ्रष्टाचार पर है। उन्हें भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर आम जनता की सेवा करनी चाहिए।

फास्ट फॉरवर्ड

व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। 24 जून व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला हफ्ते भर मे समन्वय बैठक कराने का आश्वासन दिया। सड़क चौड़ीकरण रामपथ-भक्तिपथ, धर्मपथ आदि में विस्थापित व्यापारियों में बहुत से दुकानदारों को अयोध्या विकास प्राधिकरण (ए.डी.ए.) द्वारा दुकानों की चाभी दी जा रही है लेकिन अभी भी बहुत से ऐसे व्यापारी हैं जिनका लॉटरी नहीं हुआ है या एलाटमेण्ट लेटर नहीं मिला है। उपरोक्त व्यापारी पी0डब्ल्यू0डी0, प्रशासन, अयोध्या विकास प्राधिकरण के चक्कर लगाकर हैरान व परेशान हो रहे हैं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया की विस्थापितों को हो रही परेशानियों को देखते हुए पी0डब्ल्यू0 डी0-राजस्व प्रशासन व अयोध्या विकास प्राधिकरण की एक समन्वय बैठक व्यापारियों संग करवाने की कृपा करें, जिससे मौके पर ही समस्याओं का निस्तारण हो सके। विस्थापितों को दुकान मिलने का मार्ग प्रशस्त हो सके एवं दुकानदार इधर-उधर भटकने से भी निजात पा सकें।मिलने वालो मे प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता फ्रनन्दू गुप्ता फ्र, गुडडू गुप्ता, संतोष गुप्ता,बलराम निगम,रोहित राय जगन्नाथ यादव आदि शामिल रहे।

कुमारगंज ओवरब्रिज पर हुआ हादसा, ट्रेलर में पीछे से घुसी ट्रक, चालक खलासी गंभीर, जिला अस्पताल में भर्ती

जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर -अयोध्या। अयोध्या के ह॥,330ॅ पर कस्बा कुमारगंज ओवर ब्रिज पर ट्रेलर चालक ने अचानक ब्रेक मार दी। पीछे से आ रहा दूसरा तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक जा घुसा जिससे चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एनएचआई एवं स्थानीय पुलिसकर्मियों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हलियापुर की ओर से मिल्कीपुर की ओर जा रहे ट्रेलर ट्रक संख्या यू.पी.51 ए. टी.9700 जैसे ही ओवर ब्रिज कुमारगंज के ऊपर पहुंची तो ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे से आ रहे ट्रेलर ट्रक वहान संख्या यू.पी.42 बी.टी.3269 जोरदार टक्कर से पीछे वाली गाड़ी के ड्राइवर लवकुश कुमार पुत्र राम अवध उम्र करीब 23 वर्ष व क्लींजर आकाश पुत्र राज करन मौर्य निवासी हलियापुर थाना हलियापुर सुल्तानपुर उम्र करीब 21 वर्ष फस गए । सूचना पर थाना स्थानीय पुलिस और एनएचआई के कर्मचारियों द्वारा किसी तरीके से चालक व खलासी को निकाल कर नेशनल हाईवे एंबुलेंस की सहायता से उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया वहीं थाना कुमारगंज पुलिस के चौकी प्रभारी अरविंद पटेल हाईवे से दोनों वाहनों को हटाया जिसके बाद हवा आगमन शुरू हो सका। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह का कहना है कि अभी कोई तैयारी नहीं मिली है तेरी मिलने के बाद कार्रवाईकी जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो पुलिस और एनएचआई के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी की केबिन से निकला दोनों खून से लथपथ थे। पुलिस ने एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया है। जहां इलाज चल रहा है फिलहाल हालत गंभीर बनी हुई है।

शादी के लिए दबाव बना रहा था सिपाही, मारपीट करने का भी लगाया आरोप, महिला सिपाही की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। महिला सिपाही ने अपनी पुरूष सहकर्मी पर छेड़खानी करने, शादी के लिए दबाव बनाने के साथ ही मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला सिपाही की तहरीर पर कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।महिला सिपाही की तहरीर के अनुसार नगर कोतवाली में तैनात सिपाही अंकित कुमार यादव से सरकारी काम के कारण उससे मुलाकात होती रहती थी। उसने बताया कि अंकित ने बार-बार उस पर शादी का दबाव बनाता रहता था। मना करने पर फोन करके परेशान करता रहता था। 23 मई को ड्यूटी पर जाते समय अपनी मोटर साइकिल पर डरा-धमका कर बैठा लिया। तथा शादी के लिए दबाव बनाने लगा। साकेत महाविद्यालय के पास उसका फोन तोड़ दिया तथा मोटर साइकिल चढ़ा दी और मारा पीटा। उसी दिन आरजेबी परिसर में ड्यूटी स्थल पहुंच कर धमकाते हुए साथ चलने को कहा। साथ जाने पर उदया स्कूल के पास, तथा गुप्तार घाट पर मारपीट किया। इसके बाद महिला सिपाही छुट्टी पर अपने घर चली गई। वापस आने पर पुनः उसका पीछा करने लगा। 18 जून को फोन पर अंकित ने महिला सिपाही से गाली गलौज की। 21 जून को गुलाबबाड़ी के पास पुनः शादी के लिए दबाव बनाते हुए अभद्रता व छेड़खानी किया। जिससे भीड़ इकट्ठा हो गई। और वह वहां से बच कर निकल गई।

मामले में सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि महिला आरक्षी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

अरविंद कुमार सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर हुए मनोनीत

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ की प्रांतीय बैठक में सुभाष चंद्र सिंह प्रांतीय महामंत्री एवं मनोज सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष ने अरविंद कुमार सिंह को प्रांतीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। बैठक में राजेश मिश्रा प्रांतीय मंत्री, श्याम नारायण शुक्ला, बिप्लव यादव, जाहिद अली, संजय रावत ,हरेंद्र सिंह ,डेनियल भारती ,धर्मेंद्र तिवारी, सुरेश कुमार गौतम ,आगरा इमरान हैदर, संतोष पांडे,दीनदयाल आदि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से आवा गमन की समस्या को दूर करने की मांग

जन एक्सप्रेस/बीकापुर -अयोध्या। जब व्यक्ति को समाज सेवा का जुनून सवार होता है। तो समय की बर्बादी और पैसे का खर्च आडें हाथ नहीं आता है। केवल समाज की सेवा ही उसका लक्ष्य होता है। अयोध्या जनपद के भरत कुंड रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से पूर्व से पश्चिम आने-जाने की समस्या को प्रमुखता से लेते हुए तेज बहादुर यादव द्वारा रेल बचाओ देश बचाओ संघर्ष समिति के बैनर चले रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण से आवागमन की समस्या को देखते हुए काफी दिनों से लिखा पढ़ी करते रहने व क्षेत्र वासियों को आने जाने के लिए रेल रेलवे लाइन बाधक न बने भादरसा व जिवपुर के बीच एक ओवर ब्रिज अथवा अच्छादित अंडरपास बनाए जाने की मांग पर लगभग तीन दिन पूर्व रेलवे के उच्च अधिकारियों की टीम जांच करने पहुंची जिसकी जानकारी अपने सूत्रों से तेज बहादुर यादव को होने पर मौके पर पहुंचकर रेल विभाग के डीआरएम आदि अधिकारियों को जनता की समस्या से अवगत करवाया है। उचित मांग होने के चलते मांग पर कार्यवाही का विश्वास व्यक्त किया है।

कुमारगंज में निजी अस्पताल प्रशासन ने किया सील,सीएमओ के निर्देश पर हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर - अयोध्या

कुमारगंज नगर पंचायत क्षेत्र स्थित कस्बा कुमारगंज में अली हॉस्पिटल के नाम से संचालित प्राइवेट अस्पताल में बिना योग्य सर्जन के प्रसव पीड़ित महिला का ऑपरेशन कर प्रसव करने के दौरान नवजात शिशु की हुई मौत के मामले ने आखिरकार तूल पकड़ लिया है। मामले को समाचार पत्रों द्वारा प्रमुखता से उजागर किए जाने के बाद आखिरकार स्वास्थ्य विभाग एवं तहसील प्रशासन नींद से जाग गया और सोमवार को अस्पताल में भर्ती तीन मरीजों को निकटतम अस्पतालों में शिफ्ट करने के उपरांत सील कर दिया गया है। बताते चने की तिंदौली निवासी सोनू दुबे की पत्नी सुधा दुबे को परसों पीड़ा होने पर परिजनों ने कुमारगंज बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचाया था। जहां अस्पताल संचालक कथित डॉक्टर भारत कुमार ने मात्र 7 माह की गर्भवती महिला का तत्काल ऑपरेशन कर दिए जाने को कहा नहीं तो जच्चा बच्चा दोनों की जान खतरा बता दिया जिससे घबराये परिजनों ने कथिक डॉक्टर को ऑपरेशन किए जाने की इजाजत दे दी किंतु ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु की मौत हो गई और महिला की हालत गंभीर हो गई। इसके बाद कथित डॉक्टर एवं अस्पताल संचालक ने महिला के पति सोनू दुबे से 40 हजार रुपए की मांग कर ली थी। इसके बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया उन्होंने आरोप लगाया कि महिला का ऑपरेशन आयुष चिकित्सक ने किया है जो कि ऑपरेशन के योग ही नहीं है लापरवाही पूर्वक किए गए ऑपरेशन से ही नवजात शिशु की मौत हुई और महिला की हालत बिगड़ गई है। मामले को समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया।

इसके बाद सीएमओ डॉ संजय जैन हरकत में आए और उन्होंने पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खांडसा के अधीक्षक डॉ आकाश मोहन को मौके पर भेजा। अधीक्षक ने अस्पताल के संचालक से रजिस्ट्रेशन सहित अन्य आवश्यक कागजात मांगे किंतु वह कोई भी प्रपत्र उन्हें नहीं दिखा सका इसके बाद तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने तत्काल अस्पताल में भर्ती तीन मरीजों को एंबुलेंस बुलाकर उनके समुचित उपचार हेतु दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट कराया। इसके उपरांत तहसीलदार एवं सीएचसी प्रभारी खंडासा की मौजूदगी में अली हॉस्पिटल को सील किया गया। कार्यवाही में मौजूद सीएससी अधीक्षक ने कथित डॉक्टर को अस्पताल से संबंधित समस्त कागजात एवं समस्त शैक्षणिक अभिलेख सीएमओ के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह ने बताया दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेकर अस्पताल सील कर दिया गया है।

आवश्यक निर्देश भी अस्पताल संचालक को दे दिए गए हैं। कार्यवाही करने पहुंचे अधीक्षक डॉक्टर आकाश मोहन ने बताया कि बीएएमएस डिग्री धारक को अंग्रेजी दवा खाना खोलना सहित अस्पताल संचालन हेतु कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृश्टया अस्पताल पूरी तरह से अवैध है।

बिरला ने किया जिला क्षयरोग केंद्र पर आम जनमानस व टीबी मरीजों को पीने के पानी की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला चिकित्सालय परिसर के अंतर्गत जिला क्षयरोग केंद्र आरओ वाटर कूलर ल्लांट लगाया गया मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली डॉ वीरेंद्र सिंह ने इस करके सराहना की आज के समाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम (सी. यस. आर. के अंतर्गत आज जिला अस्पताल परिसर में सामुदायिक ल्लाऊ का लोकार्पण संयुक्त रूप से बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड, रायबरेली के यूनिट हेड श्री बिपल्ब बोस, जिला क्षय रोग अधिकारी श्री अनुपम सिंह एवं उप जिला क्षय रोग अधिकारी श्री सम्स रिजवान ?द्वारा किया गया यूनिट हेड विल्लाव बोस ने कहा मरीज के हित में मेरे द्वारा जो भी बन सकेगा मैं समय समय पर सहयोगी रहूंगा कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के सभी कर्मचारी सहित बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड रायबरेली के एचआर हेड राघवेन्द्र सिंह बैस, सी एस आर प्रबंधक शिव गोविंद सिंह, करुणा शंकर मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश क्षयरोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ यूनियन, डीपीसी अभय मिश्रा, विक्रांत, प्रभारी टीबी कर्मचारी यूनियन विकास बाजपेई, ऋषिकेश त्रिपाठी, राजीव सिंह मनीष श्रीवास्तव इत्यादि उपस्थित रहे।

25 जून को भूमि पूजन एवं प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

परियोजना अधिकारी डूडा शशि कुमार मेहरोत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का शुभारम्भ भारत सरकार द्वारा 25 जून 2015 को समस्त पात्र शहरी बेघर व्यक्तियों को पक्का आवास दिलाने के उद्देश्य से किया गया था। उन्होंने बताया कि तत्क्रम में जनपद रायबरेली में 25 जून 2024 को योजना की 9वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर मा0 जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भूमि पूजन एवं प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 आवेदको की परियोजना में सम्मिलित लाभार्थियों को लाभ प्रदान करते हुये भूमि पूंजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। जनपद रायबरेली में योजनान्तर्गत कुल स्वीकृत अद्यतन 10037 पात्र लाभार्थियों के सापेक्ष 10033 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है एवं 9265 लाभार्थियों के आवास छत स्तर तक पूर्ण हो चुका है, शेष आवास निर्माणाधीन है, तथा नगर पालिका परिषद रायबरेली की नवीन स्वीकृत 613 लाभार्थियों की परियोजना में कार्य प्रक्रियाधीन है। परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के कारण जनपद में दस हजार से भी अधिक लाभार्थियों के पास अब स्वयं का पक्का आवास है जिससे हजारों गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना पूर्ण हुआ है।

डूडा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर नवीन स्वीकृत 613 लाभार्थियों के निर्माण स्थल पर भूमि पूंजन का कार्यकम किया जायेगा।

नीट लीक मामले में शिक्षा मंत्री को बर्खास्त किया जाए : ओ0पी0 यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने नीट परीक्षा लीक के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को बर्खाश्त किए जाने की मांग की है। श्री यादव ने कहा है कि तू इधर-उधर की बात न कर ये बता कारवां कैसे लुटा, मुझे रहजनों से गरज नहीं 'तेरी रहबरी का सवाल है। परीक्षा की शुरूवात से लेकर रिजल्ट प्रकाशित होने तक वही शिक्षा सचिव और शिक्षा मंत्री थे जिनके संरक्षण में परीक्षा सम्पन्न हुई और पेपर लीक हुए आज भी वे लोग पुनः उन्हीं पदों पर आसीन है। शिक्षा मंत्री के बार बार बदलते बयान यह साबित करते है कि शिक्षा मंत्री किसी को बचाने का काम कर रहे है। विकल्प कई है राह भटकाने के लिए संकल्प एक काफी है मंजिल पाने के लिए शिक्षा मंत्री जी पूरी नीट परीक्षा निरस्त कर पूरे प्रकरण की सी0बी0आई0 जांच करायी जाये। नीट के पूर्व डी0जी0 को तलब कर इसकी पूंछ-तांछ की जाय कि जब पांच मई को पेपर लीक हो गया तो फिर परीक्षा निरस्त करने के बयान आनन-फानन में 14 जून प्रकाशित होने वाले रिजल्ट को 4 जून को क्यों रिजल्ट प्रकाशित कर दिया गया जिस दिन लोक सभा चुनाव का परिणाम आने वाला था। पूरे देश को गुमराह करने का काम किया गया। शिक्षा मंत्री जी गुलशन में जब किसी गुल का कत्ले आम होता है सबब कुद भी हो बागवां बदनाम होता है पूरे देश में आन्दोलन की आग जल रही है लेकिन शिक्षा मंत्री के कान पर जू तक नहीं रेंग रही है। लगातार एक के बाद एक परीक्षाएं लीक हो रही है। 7 वर्षों से 70 परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र लीक हो चुके है। इसके बाद भी लोक परीक्षा अधिनियम 2024 जिस पर 12 फरवरी को राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हो चुके थे क्यों नहीं लागू किया गया था जिसे अब डैमेज कन्ट्रोल के नाम पर आनन-फानन में लाया गया। श्री यादव ने कहा पीछे मत देख न शामिल हो गुनहगारों में आगे चल देख तेरी मंजिल है सितारों में एन0टी0ए0 में सुधार के लिए सरकार ने 7 सदस्यी टीम राधाकृष्णनन की अध्यक्षता में बना दी गयी है। जिससे उम्मीद की जाती है कि वह आगे सुधार करेगी। लेकिन जब यह स्पष्ट हो चुका है कि हरियाणा, बिहार, झारखण्ड व गुजरात में पेपर लीक हो गये है। 13 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रभात आजाद के गेस्ट हाउस में 20 लोगों ने लीक पेपर से परीक्षा दी है जिसमें मनीष, मध्यम, आशुतोष आदि शामिल है। इस प्रकार से स्पष्ट है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है तो किसे छिपाया जा रहा है। 1563 छात्र जिन्हें ग्रेस मार्क्स दिए गये है उनकी पुनः परीक्षा करायी जा रही है। 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त हुए एक ही सेन्टर के 6 बच्चों नें 720 व एक ने 719 व एक ने 718 अंक प्राप्त किए यह स्पष्ट करता है कि इसमें पूरे देश स्तर पर धांधली हुई है।

चेकिंग के दौरान सोलह नमूने व तीन विक्रेताओं को नोटिस

जन एक्सप्रेस। अमेठी

उर्वरक निरीक्षकों व एसडीएम की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को जिले के चौंतीस बीज व उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई।जिला कृषि अधिकारी रविकान्त सिंह ने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई प्रारम्भ होने के कारण किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरकों को निर्धारित दर पर उपलब्ध कराने हेतु बीज और उर्वरकों की बिक्री की जाँच करने हेतु उर्वरक निरीक्षकों एवं उप जिला मजिस्ट्रेटों की संयुक्त टीम गठित की गई है। जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद में उर्वरक बिक्री केन्द्र थोक व फुटकर की सघन छापेमारी व उनके अभिलेख तथा स्टॉक की जाँच कर अधिक मूल्य पर बिक्री एवम जमा खोरी अथवा अन्य प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाय।उन्होंने बताया कि इस क्रम में तहसील गौरीगंज में उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र तिवारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट दिग्विजय सिंह,तहसील तिलोई में रविकान्त सिंह एवं उप जिला मजिस्ट्रेट अमित सिंह, तहसील मुसाफिरखाना में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरी ओम मिश्रा एवं उप जिला मजिस्ट्रेट प्रीति तिवारी तथा तह?सील अमेठी में अपर जिलाकृषिअधिकारी शुभम पाण्डेय एवं उप जिला मजिस्ट्रेट आशीष कुमार सिंह द्वारा सघन छापेमारी की गई।इस दौरान जनपद में चौंतीस केन्द्रों पर छापेमारी कर सोलह नमूने डीएपी के लिए गये। एवं तीन विक्रेताओं मौर्या खाद भण्डार भेलाई कला,किसान खाद भण्डार बहादुरपुर एवं शिवम फर्टिलाइजर्स कूरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।तथा सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया,कि सभी किसानों को खतौनी के अंश के अनुसार ही पीओएस मशीन के माध्यम से आधार कार्ड से अंगूठा लगा कर ही बिक्री करें एवं कैशमेमो अवश्य दें।

बैंक में डीबीटी/एनपीसीआई न होने पर विधवा पेंशन का भुगतान संभव नहीं

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जाना है, जिन लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी/एनपीसीआई नहीं होगा उन लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने पेंशन प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों से कहा है कि संबंधित बैंक से अविलम्ब डीबीटी/एनपीसीआई तत्काल करा लें जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

गरीब महिला आवास ना होने से जर्जर एवं खंडहर के आवास में रहने को मजबूर

जन एक्सप्रेस। बीकापुर-अयोध्याधाम

एक तरफ जहां सरकार द्वारा पात्रता की श्रेणी में शामिल गरीबों के सिर पर छत देने का अभियान चलाया जा रहा है। और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया जा रहा है। वही बीकापुर विकासखंड के कुछ जिम्मेदार लोग इस दिशा में संवेदनहीनता दिखाकर सरकार की योजना को पलीता लगा रहे हैं। बीकापुर ब्लॉक क्षेत्र के पातूपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत बलीपुर गांव में एक अति गरीब महिला आवास ना होने से जर्जर एवं खंडहर के आवास में रहने को मजबूर है। बललीपुर पातूपुर निवासी इंद्रावती पत्नी श्याम नारायन दुबे का कच्चा आधा मकान गिर चुका है। थोड़े से हिस्से में घास फूस तथा सरपत डालकर किसी तरह अपने पति श्याम नारायण और पुत्र राहुल के साथ निवास कर रही है। पति और पुत्र मजदूरी करते हैं। मकान के चारों तरफ कूड़ा करकट और झाड़ उगी हुई है सांप बिच्छू और जीव जंतु भी घूमते रहते हैं। बरसात के दौरान पूरे घर में जल भराव हो जाता है। अब आ रही बरसात से भी पीड़िता चिंतित है। पीड़ित इंद्रावती द्वारा बताया गया कि पिछले कई पंचवर्षीय योजना से उन्हें आवास मिलने का आश्वासन मिलता रहा है। लेकिन अभी तक कोई पहल नहीं हुई।

छत मिलने के लिए उनका सपना पूरा नहीं हुआ। गांव के निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे द्वारा बताया गया कि पीड़ित गरीब को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए उनके द्वारा कई बार विकासखंड पर प्रयास किया गया। लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिलता रहा है। इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। जांच करवा कर नई सूची में नाम दर्ज करवाने के बाद आवास दिलाया जाएगा।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 25 जून 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	37°C	28°C
कानपुर	38°C	29°C
देहरादून	34°C	26°C
नई दिल्ली	38°C	30°C

ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाएगी योगी सरकार, जाली पेपर के भय से मिलेगी मुक्ति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

योगी सरकार प्रदेश में ई-स्टाम्प को और अधिक सुरक्षित बनाने जा रही है। इसके लिए स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुरुआत में छोटी रकम के ई-स्टाम्प के जरिए इस सुविधा का लाभ जनता को देने की तैयारी है। इन ई-स्टाम्प को आधार कार्ड के जरिए ऑनलाइन प्रमाणन के बाद पर्सनलाइज्ड करके उसी आधार कार्ड धारक के द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के प्रयोग के लिए प्राप्त किया जा सकेगा। इससे जाली स्टाम्प के भय से पूरी तरह से मुक्ति मिल जाएगी। विभाग ई-स्टाम्प के नये प्रारूप की डिजाइन भी फाइनल कर चुका है। मुख्यमंत्री

योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर फिलहाल 100 रुपए से कम के ई-स्टाम्प को लेकर ये प्रयोग किया जाएगा। नये प्रारूप की रूपरेखा और ई-स्टाम्प को सुरक्षित रखने के लिए 9 प्रकार के विशेष नये सिक्योरिटी फीचर्स इस्तेमाल में लाए गये हैं। इसमें 1-डी बार कोड, स्टैटिक लाइन, एसडी अमाउंट, स्टैटिक एसडी अमाउंट, टेक्स्ट थ्रेड, एएसवाईएम सर्टिफिकेट आईडी, खरीददार का नाम, सिंगल लेयर लोगो, टेक्स्ट थ्रेड डेट, टेक्स्ट रिबन और बीजी का उपयोग किया गया है। इसके जरिए जाली स्टाम्प बनाना असंभव हो जाएगा।

छोटे मूल्य के ई-स्टाम्प की रहती है सबसे अधिक मांग

बता दें कि 10 रुपए के स्टाम्प पेपर के मुद्रण में तकरीबन 16 रुपए का खर्च आता है। इसमें कानपुर डिपो से उसके परिवहन की लागत भी शामिल है। छोटे मूल्य के स्टाम्प का प्रयोग अपेक्षाकृत अधिक होता है। शपथ पत्र, विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं, विद्यालय, महाविद्यालय में प्रवेश के वक्त, सेवायोजन में और लोक शिकायतों में छोटे मूल्य के स्टाम्प पेपर इस्तेमाल में लाए जाते हैं। 2023-24 के आंकड़ों पर गौर करें तो 100 रुपए से अधिक मूल्य के 47 लाख से अधिक ई-स्टाम्प जारी किये गये, वहीं 100 रुपए से कम मूल्य के 2 करोड़ 56 लाख से अधिक ई-स्टाम्प पेपर जारी किये जा चुके हैं। माना जाता है कि छोटे मूल्य के स्टाम्प पर आनुपातिक कमीशन कम होता है, ऐसे में अक्सर ऐसी शिकायतें भी मिलती हैं कि कुछ वेंडर छोटे मूल्य के स्टाम्प की कृत्रिम किल्लत बताकर कालाबाजारी का भी प्रयास करते हैं। अब छोटे मूल्य के सुरक्षित ई-स्टाम्प की उपलब्धता के बाद इस प्रकार की परेशानियों से भी निजात मिलेगी।

आज से खुलेंगे प्रदेश भर के प्राथमिक विद्यालय, अभी सिर्फ शिक्षकों का आना जरूरी, बच्चे 28 जून से आएंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के परिषदीय विद्यालय 25 जून से खुल रहे हैं। गर्मी की छुट्टियों के बाद विद्यालय खुल रहे हैं और अभी सिर्फ शिक्षक-कर्मचारी स्कूल आएंगे। शुरू के तीन दिन में वह विद्यालय की साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएंगे। जबकि बच्चे 28 जून से स्कूल आएंगे। उसमें भी 28-29 जून को समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। पठन-पाठन एक जुलाई से ही शुरू होगा। प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में लगभग एक महीने से गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। इसके बाद विद्यालय 18 जून से खुलने थे। किंतु भीषण गर्मी को देखते हुए छुट्टियां 24 जून तक बढ़ा दी गई थीं। अब 25 जून से विद्यालय खोले जाएंगे। शुरू के तीन दिन शिक्षक-कर्मचारी ही विद्यालय आएंगे। उन्हें परिसर की साफ-सफाई, मिड-डे-मील आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करानी है। साथ ही अन्य कार्यालयी कामकाज भी होंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के अनुसार बच्चे 28 जून से विद्यालय आएंगे। पहले जून के महीने में ही समर कैंप का आयोजन होना था। भीषण गर्मी को देखते हुए समर कैंप को आगे बढ़ा दिया गया था। अब 28 और 29 जून को ही समर कैंप का आयोजन होना है। 30 जून को रविवार है। एक जुलाई सोमवार से कक्षाएं नियमित रूप से शुरू हो जाएंगी।

फास्ट फॉरवर्ड

लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ लेने पर सीएम योगी ने पीएम मोदी को दी बधाई

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा सदस्य के रूप में तीसरी बार शपथ ली। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें बधाई दी। अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर सीएम योगी ने लिखकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि लोकसभा सदस्य के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ लेने की आपको हार्दिक बधाई! आपके यशस्वी नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना साकार हो रही है। नि:संदेह, यह तीसरा कार्यकाल 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं और अमृतकाल के सभी संकल्पों को पूर्ण करने वाला सिद्ध होगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही अनवरत तीसरी बार सांसद चुने गए हैं।

राजस्व संग्रह में कमी पर आईजी निबंधन ने अधिकारियों को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के राजस्व संग्रह में अपेक्षित वृद्धि न होने पर महानिरीक्षक निबंधन डॉ. रूपेश कुमार ने कड़ी कार्रवाई की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के जून माह की 01 से 15 तारीख तक की राजस्व प्राप्ति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई जनपदों में 43 प्रतिशत से कम पूर्ति सुनिश्चित हुई है।राजस्व संग्रह में कमी के कारण गौतमबुद्धनगर, बाराबंकी, आजमगढ़, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, झांसी, बरेली, हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, हमीरपुर, ललितपुर, पीलीभीत, श्रावस्ती, संतरविदास नगर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, बांदा, सुल्तानपुर, औरैया, बलरामपुर, चित्रकूट, बस्ती, सम्भल, हाथरस, शाहजहाँपुर, बदायूँ एवं मऊ जनपदों के अधिकारियों को चेतावनी दी गई है। वार्षिक लक्ष्य 300 करोड़ रुपये से अधिक वाले 25 जनपदों में से न्यूनतम 10 जनपदोंफिरोजाबाद, जौनपुर, अलीगढ़, देवरिया, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर नगर, लखनऊ एवं गोरखपुर, वार्षिक लक्ष्य 200 से 300 करोड़ रुपये वाले 22 जनपदों में न्यूनतम 10 अमरोहा, बहराइच, प्रतापगढ़, सीतापुर, हरदोई, इटावा, खीरी, गाजीपुर, बलिया एवं रायबरेली; और वार्षिक लक्ष्य 200 करोड़ रुपये से कम वाले 28 जनपदों में न्यूनतम 10 कानपुर देहात, सोनभद्र, कासगंज, अमेठी, फतेहपुर, चन्दौली, एटा, फर्रूखाबाद, मैनपुरी एवं कन्नौज के अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

एससी समुदाय के छात्रों ने सीखा एक्वेरियम निर्माण

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। एनबीएफजीआर के तत्वावधान में लवकुश नगर में एक्वेरियम डिज़ाइन नवाचार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मिशन नवशक्ति के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण और इनपुट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य एससी समुदाय के लाभार्थियों के साथ जुड़ना और छात्रों के लिए रचनात्मक स्टूडियो सत्र में एक्वेरियम डिज़ाइन सिखाना था। यह कार्यक्रम आईसीएआर-एनबीएफजीआर द्वारा सफाई कर्मचारी आंदोलन और एक्वावर्ल्ड के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें कॉलोनी के 60 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह अभिनव कार्यक्रम कल्पना और रचनात्मकता को प्रज्वलित करने, जागरूकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार किया गया था। छात्रों ने व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें उन्होंने एक्वेरियम निर्माण के जटिल विवरण सीखे। जाना कि एक्वेरियम का रखरखाव उत्पादक शौक के रूप में कैसे काम कर सकता है, जो संभावित रूप से भविष्य के व्यापार के अवसर प्रदान करता है।छात्रों को कई आवश्यक वस्तुएं वितरित की गयीं, जिनमें यूएसबी पोर्ट चार्जर के साथ रिचार्जेबल सोलर लाइट लैंप, स्टील वाटर बॉटल, स्थायी जूट बैग और कैप्स शामिल थे। सोलर लाइट्स का समावेश विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि कई छात्रों को बिजली की अनियमितता के कारण पढ़ाई में कठिनाई होती थी। इन सोलर लाइट्स ने विश्वसनीय प्रकाश स्रोत प्रदान किया, जिससे छात्र बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। इन वस्तुओं का वितरण छात्रों के दैनिक जीवन में आने वाली कुछ व्यावहारिक चुनौतियों का समाधान करते हुए, एक अधिक अनुकूल और सहायक शिक्षण वातावरण बनाने का उद्देश्य था।रचनात्मकता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देकर, इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा दिमागों को भविष्य के नवप्रवर्तक और परिवर्तनकारी बनने के लिए सशक्त बनाना था। कार्यक्रम का निष्पादन डॉ. पूनम जयंत सिंह, नोडल अधिकारी एससीएसपी, रवि कुमार, इंद्रमणि राजा, एक्वावर्ल्ड और डॉ. रिनिका, सफाई कर्मचारी आंदोलन द्वारा समन्वित किया गया। 60 प्रतिभागियों के साथ कार्यक्रम ने भविष्य की पीढ़ियों के लिए रचनात्मकता, नवाचार और अधिक समावेशी भविष्य को अपनाने की नींव रखी।

मुख्यमंत्री ने तो हमारी सुनी ही नहीं-वेदांती

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लल्लू सिंह के हारने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। हनुमानगढ़ी के महंत और डीएम नीतीश कुमार के बीच कथित विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती ने सवाल उठाए हैं।पूर्व सांसद और राम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख चेहरे रामविलास वेदांती ने आरोप लगाया है कि 卐अयोध्या का प्रशासन भाजपा के खिलाफ था।अयोध्या का प्रशासन नहीं चाहता था कि भाजपा चुनाव जीते।संत लोग खून के आंसू रो रहे थे।उन्होंने दावा किया कि साधु महात्मा लोग बड़ी मुश्किल से अपने आश्रम में जा पाए थे।हमारे जैसे व्यक्ति को रोका गया।मैंने डीएम से बात किया तो डीएम ने कहा वेदांती जी आप मुझे धमकी दे रहे हैं? डीएम ने अपशब्दों से राजू दास का, संत समाज का और हिंदुत्व का बहुत बड़ा नुकसान किया है।ऐसे शब्दों का प्रयोग अयोध्या के डीएम को नहीं करना चाहिए।वेदांती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कभी इस संबंध में हमारी बात सुनी ही नहीं। कोई कहने का प्रयास भी किया तो नहीं सुने।अयोध्या के लोग अपने घर में अपने मंदिर में नहीं जा पा रहे थे,उनमें भयंकर आक्रोश था।इससे पहले हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास और डीएम के बीच कथित विवाद हो गया था। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी की मौजूदगी में समीक्षा बैठक हुई, जिसमें महंत राजू दास मौजूद थे।

30 रुपये की टैबलेट से ठीक हुआ ब्लैक फंगस, केजीएमयू के अध्ययन को प्रतिष्ठित जर्नल स्प्रिंगर ने दी मान्यता



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

केजीएमयू के डॉक्टरों ने कोविड-19 महामारी के समय लोगों में डर का पर्याय बने म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के संक्रमण को महज 30 रुपये की गोली इट्राकोनोजोल से ठीक करने में सफलता हासिल की है। केजीएमयू के इस सफल परीक्षण को बेहद प्रतिष्ठित जर्नल स्प्रिंगर ने प्रकाशित करके मान्यता दी है। केजीएमयू के डॉक्टरों ने कोविड-19 महामारी के समय लोगों में डर का पर्याय बने म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के संक्रमण को महज 30 रुपये की गोली इट्राकोनोजोल से ठीक करने में सफलता हासिल की है। केजीएमयू के इस सफल परीक्षण को बेहद प्रतिष्ठित जर्नल स्प्रिंगर ने प्रकाशित करके मान्यता दी है। इस बीमारी के लिए एंफोटेरिसिन-बी इंजेक्शन सामान्य रूप से उपयोग किया जाता है। इस इंजेक्शन की कीमत 1,900 रुपये है। इसके अलावा इस बीमारी की दो नई दवाएं-पोसाकोनाजोल और इसावुकोनाजोल भी आई हैं। पोसाकोनाजोल की एक टैबलेट करीब 450 रुपये की आती है। वहीं इसावुकोनाजोल की एक टैबलेट के लिए करीब 5,800 रुपये चुकाने पड़ते हैं। शोध में सामान्य फंगल के मामलों में दी जाने वाली इट्राकोनोजोल का इस्तेमाल किया गया। करीब छह महीने इसकी रोजाना दो-दो गोली दी गई। इससे न सिर्फ मरीज की जान बची, बल्कि उनकी बीमारी भी ठीक हो पाई।

85 फीसदी रही असरदार

इस अध्ययन के लिए 14 मरीजों की लिखित सहमति ली गई थी। इसमें से एक मरीज की डायरिया के चलते मौत हो गई। एक मरीज फॉलोअप के लिए नहीं आया। एक मरीज को दूसरी दवाई पर शिफ्ट कर दिया गया और चार ने दोबारा एमआरआई नहीं कराई। बचे हुए सात मरीजों की एमआरआई जांच कराई गई। इसमें पाया गया कि यह दवा 85 फीसदी तक कारगर रही।

पत्नी के साथ बदसलूकी करने वाले आईपीएस अंकित मित्तल निलंबित, एसपी गोंडा के पद से हटाया गया था

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महिला मित्र से संबंधों को लेकर विवादों के घेरे में आए वर्ष 2014 बैच के आईपीएस अंकित मित्तल को शासन ने निलंबित कर दिया है। उन्हें बीते वर्ष इस मामले की शिकायत के बाद एसपी गोंडा के पद से हटाकर आरटीसी चुनार भेजा गया था। शासन ने पत्नी के साथ बदसलूकी के आरोप सही पाए जाने पर उन्हें निलंबित कर दिया है। बता दें कि पूर्व डीजी गोपाल गुप्ता के दामाद अंकित मित्तल पर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगा था। इसकी वजह महिला मित्र के साथ उनके संबंध बताया गया था।उनकी पत्नी ने शासन को भेजी अपनी शिकायत में बदसलूकी करने का आरोप लगाया था। शासन के निर्देश पर बीते देवीपाटन के मंडलायुक्त ने जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपी थी जिसके बाद 16 दिसंबर 2023 को शासन ने उनका तबादला चुनार कर दिया गया था। वहीं, शासन ने विभागीय जांच शुरू करते हुए डीजी प्रशिक्षण से पूरे प्रकरण पर रिपोर्ट मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक डीजी की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद शासन ने अंकित मित्तल को निलंबित कर दिया है। बता दें कि इससे पहले चित्रकूट का एसपी रहने के दौरान अंकित मित्तल पर इनामी डकैत भालचंद्र यादव के फर्जी एनकाउंटर का मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण योजना के अनुश्रवण हेतु बैठक सम्पन्न

- अन्तिम वर्ष से प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को दिये जायेगे उपकरण
- उपकरणों के समुचित उपयोग हेतु लाभार्थियों को किया जाएगा प्रेरित

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनान्तर्गत टैबलेट,स्मार्टफोन वितरण के अनुश्रवण हेतु योजना की नोडल संस्था यूपीडेस्को, लखनऊ के सभागार में प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें योजना से आच्छादित विभागों यथा उच्च शिक्षा व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास चिकित्सा शिक्षा प्राविधिक शिक्षा दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्कृति बेसिक शिक्षा विभाग आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे।इस बैठक में योजना से आच्छादित विभागों के दायित्वों, सूचना विभाग के दायित्वों, डिजीशक्ति पोर्टल पर विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों पर विस्तृत चर्चा हुयी। विभागों की योजनान्तर्गत प्रगति की समीक्षा की गयी।

युवा तकनीकी रूप से सशक्त बन सके

बैठक में सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को पुनः सूचित किया गया कि टैबलेट पीसी तथा स्मार्टफोन वितरण हेतु वर्तमान में निर्धारित वरीयता के अनुसार प्रदेश में अध्ययनरत किसी भी पाठ्यक्रम के अन्तिम वर्ष से प्रथम वर्ष तक के लाभार्थियों को चरणबद्ध रूप में डिजीशक्ति पोर्टल के माध्यम से प्रक्रिया का पालन करते हुये उपकरण उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाना है। विभागों से अपेक्षा की गयी कि अपने से सम्बन्धित संस्थानों में अध्ययनरत लाभार्थियों को वितरित किये गये उपकरणों के समुचित उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाये जिससे उन्हें योजना का समुचित लाभ प्राप्त हो सके तथा प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से सशक्त बन सके।

चीनी मांझे से कट गई जिंदगी की डोर... कोशिशों के बाद भी डॉक्टर नहीं बचा सके जान

- सात दिन तक उनका केजीएमयू में इलाज चला, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

चीनी मांझा एक बार फिर काल साबित हुआ है। चौक इलाके में सात दिन पहले बाइक से जा रहे मूल रूप से हरदोई के रहने वाले सुधाकर (47) की गर्दन की नस चीनी मांझे से कट गई थी। सात दिन तक उनका केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चला, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। सुधाकर आइसक्रीम फैक्टरी में काम करते थे। वह कपूरथला इलाके में पत्नी रंजना और दो बेटों-सिद्धार्थ व आदित्य के साथ रहते थे। उनके भाई दिवाकर ने बताया कि 16 जून को सुधाकर बाइक से किसी काम से चौक गए थे। इसी दौरान बंधे के पास उनकी गर्दन में चीनी मांझा फंस गया

था। गंभीर हालत में उनको ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

खुद बाइक चलाकर पहुंच गए थे अस्पताल

दिवाकर ने बताया कि गर्दन की नस कटने के बाद भी सुधाकर खुद ही बाइक चलाकर अस्पताल पहुंच गए थे। वहां पहुंचने तक काफी खून बह चुका था। सात दिनों तक उनका इलाज चलता रहा, लेकिन वह कुछ बोल नहीं सके।

2017 से प्रतिबंधित है चीनी मांझा

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने चीनी मांझे के निर्माण व प्रयोग पर 11 जुलाई 2017 को ही बैन लगा दिया था। एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि चीनी मांझे की बिक्री व उसका प्रयोग कानूनन अपराध है। इससे आसमान में पक्षियों और जमीन पर लोगों की जान का खतरा है। प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से इसकी बिक्री और इस्तेमाल जारी है।

अब तक मांझे से हुए हादसे

- **28 नवंबर 2017:** बाजारखाला के टिकैतगंज तालाब के पास बहन को छोड़ने जा रहे इकराम की मांझे से गर्दन कट गई थी।
- **12 मई 2018:** गोमतीनगर में फन मॉल के पास विजयलक्ष्मी गुप्ता की मांझे से गर्दन कट गई थी। डॉक्टर को 11 टांके लगाने पड़े थे।
- **14 नवंबर 2020:** गोमतीनगर में हुसड़िया फ्लाईओवर से गुजर रहे बाराबंकी के लवकुश की कटी थी गर्दन।
- पंतनगर कॉलोनी खुर्रमनगर में पिछले साल जून में रियान सिंह (08) और गौरी (11) कार की सनरूफ में खड़े थे। तभी चीनी मांझा दोनों की गर्दन में फंस गया था। गहरा जख्म हुआ था। कई दिनों तक दोनों बच्चे अस्पताल में भर्ती रहे थे।
- **10 जून 2024:** ठाकुरगंज में स्कूटी सवार युवक की कटी थी गर्दन।

पुराने लखनऊ में चोरी-छिपे बिकता है ये

जानकारों के अनुसार अकबरीगेट, वजीरबाग, मोहिनीपुरवा, हुसैनगंज इलाकों में चीनी मांझे की ब्रिकी चोरी-छिपे हो रही है। नायलॉन के धागे पर कांच की कोटिंग के बाद यह मांझा तैयार होता है। इसे काटने के लिए कैंची का इस्तेमाल करना पड़ता है। जबकि सामान्य मांझा आसानी से टूट जाता है। सामान्य मांझा महंगा भी होता है।

चिलचिलाती गर्मी से बारिश ने दी राहत, लोगों ने ली सुकून की सांस

- बीकेटी इटौंजा महिगवां महोना अन्य जगहों पर हुई मूसलाधार बारिश

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

बीकेटी, लखनऊ। लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा महिगवां महोना पहाड़पुर मुसपिपरी अमानीगंज पल्हरी संसारपुर अकड़रिया कलां दुघरा बगहा अन्य जगहों पर मूसलाधार बारिश हुई। बता दें कि जिससे इस हों रहीं हैं जोरदार बारिश मुसराधार बारिश में लोगों एवं पशु पक्षियों व जीव-जंतुओं को बड़ी राहत मिली है। आपको बताते चलें कि पिछले डेढ़ महीने से हो रही चिलचिलाती गर्मी जहां पर तापमान 43 से 46 डिग्री पर था। वहीं सोमवार 24

जून को सुबह 11 से सायं 5 बजे तक लगातार मूसलाधार बारिश होने से खेत खलिहानों में बारिश का पानी भर गया जिसमें किसानों ने आगे लगने वाली फसल धान की बेंड अपने खेत में बुवाई शुरू कर दीं हैं। भद्रा लगने के बाद यह पहली जोरदार बारिश हुई है जिसमें क़स्बों एवं गांवों में रहने वाले जनता व लोगों को काफी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग का पूर्वानुमान जारी किया गया जिसमें यूपी में 24 जून से 27 जून तक लखनऊ, मुरादाबाद, कानपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, शाहजहांपुर समेत यूपी के कई जिलों में आंधी,पानी,बारिश,गर्जन, वज्रपात की प्रबल संभावना बताई गई है।

चुनावों के बाद प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, तीन आईएएस और 16 आईपीएस अधिकारियों के हुए तबादले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद प्रदेश में तबादलों का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को प्रदेश सरकार ने 16 वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। साथ ही तीन आईएएस अधिकारियों का भी तबादला हुआ है। करीब दो साल से तैनात लखनऊ के पुलिस कमिश्नर एसबी शिराडकर और प्रयागराज के कमिश्नर रमित शर्मा समेत कुल 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें एडीजी और आईजी स्तर के कई अधिकारी शामिल हैं। लखनऊ जोन के एडीजी अमरेन्द्र सेंगर को शिराडकर के स्थान पर पुलिस कमिश्नर और शिराडकर को सेंगर के स्थान पर एडीजी लखनऊ जोन बनाया गया है। इसी तरह लखनऊ रेंज के आईजी तरुण गाबा को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेश के मुताबिक रमित शर्मा को बरेली जोन का एडीजी नियुक्त किया गया है। रमित शर्मा पहले बरेली में आईजी रह चुके हैं। यहां से प्रयागराज कमिश्नरी के गठन के बाद रमित शर्मा को वहां का पहला पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। तभी से वह जमे थे। वहीं, प्रेम चंद्र मीना को एडीजी बरेली जोन से हटाकर एडीजी व सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है। जबकि हाल में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे विनोद कुमार सिंह को एडीजी साइबर क्राइम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, एडीजी रेलवे के पद से जयनारायण सिंह को हटाकर पीटीसी सीतापुर भेजा गया है।

तीन आईएएस अफसरों का तबादला

प्रदेश सरकार ने शनिवार को तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। अपर महानिदेशक कारागार चित्रलेखा सिंह को विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा बनाया गया है। विशेष सचिव वित्त समीर को अपर महानिदेशक कारागार बनाया गया है। विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा अमरनाथ उपाध्याय को राजस्व परिषद में सदस्य न्यायिक की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रशांत कुमार होंगे लखनऊ के नए आईजी

आईजी ईओडब्ल्यू रहे प्रशांत कुमार-द्वितीय को लखनऊ परिक्षेत्र का नया आईजी बनाया गया है। जबकि गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में उपायुक्त रहे विद्यासागर मिश्रा को रामपुर का एसपी बनाया गया है और यहां के एसपी राजेश द्विवेदी को एसएसपी कुंभ मेला प्रयागराज की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि बरेली में एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना के पद पर तैनात यमुना प्रसाद को गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में उपायुक्त बनाया गया है।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

शौर्य और जनहितकारी शासन की प्रतीक रानी दुर्गावती

कृषि तथा व्यवसाय की बेहतरी के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों का ही परिणाम था कि गोंडवाना एक समृद्ध राज्य बन सका। उस समय रानी दुर्गावती के साम्राज्य की अर्थव्यवस्था इतनी सुदृढ़ थी कि लोग लगान स्वर्ण मुद्राओं में चुकाते थे। रानी दुर्गावती के शासन में नारी की सुरक्षा और सम्मान उत्कर्ष पर था। न्याय और समाज व्यवस्था के लिए हजारों गांवों में रानी के प्रतिनिधि रहते थे। प्रजा की बात रानी स्वयं सुनती थीं। पूरा कोइतूर गोंड समाज उनके निष्पक्ष न्याय के लिए उन्हे न्याय की देवी के नाम से पुकारता और जानता था।

भारत के इतिहास में मुगलों को चुनौती देने वाले योद्धाओं में महाराणा प्रताप और शिवाजी महाराज का नाम लिया जाता है। लेकिन इस सूची में गोंडवाना की रानी दुर्गावती का भी अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। रानी दुर्गावती ने आखिरी दम तक मुगल सेना को रोककर उनके राज्य पर कब्जा करने की हसरत को कभी पूरा नहीं होने दिया। शौर्य या वीरता रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व का एक पहलू था। वो एक कुशल योद्धा होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक थीं और उनकी छवि एक ऐसी रानी के रूप में भी थी, जो प्रजा के कष्टों को पूरी गहराई से अनुभव करती थीं। इसीलिए गोंडवाना क्षेत्र में उन्हें उनकी वीरता और अदम्य साहस के अलावा उनके जनकल्याणकारी शासन के लिए भी याद किया जाता है। मुगल शासक अकबर और उसके सिपहसालारों का मानमर्दन करने वाली रानी दुर्गावती का जन्म 24 जून को 1524 को बांदा जिले में कलिंजर के चंदेला राजपूत राजा कीरतसिंह चंदेल के घर में इकलौती संतान के रूप में हुआ था। दुर्गा अष्टमी के दिन उनका जन्म होने के कारण उनका नाम दुर्गावती रखा गया, जो आगे चलकर उनके जीवन चरित में प्रकट भी हुआ। उन्होंने बचपन से ही घुड़सवारी, तलवारबाजी, तीरंदाजी जैसी युद्ध कलाओं की शिक्षा ली थी। दुर्गावती के पति दलपत शाह का मध्यप्रदेश के गोंडवाना क्षेत्र में गोंड वंश के 4 राज्यों, गढ़मंडला, देवगढ़, चंदा और खेरला में से एक गढ़मंडला पर अधिकार था। दुर्भाग्यवश रानी दुर्गावती से विवाह के कुछ वर्ष बाद ही राजा दलपतशाह का निधन हो गया। उस समय दुर्गावती के पुत्र नारायण की उम्र मात्र 4 वर्ष की ही थी। इसलिए रानी ने गढ़मंडला का शासन अपने हाथों में ले लिया। रानी दुर्गावती के राज्य का केंद्र वर्तमान जबलपुर था। वे अपने पुत्र नारायण की ओर से जिस राज्य का संचालन संभाल रही थीं, उसकी सीमाएं विस्तृत थीं। अकबरनामा में अबुल फज़ल द्वारा रानी दुर्गावती के साम्राज्य का जो वर्णन किया गया है, उसके अनुसार ÷उनके साम्राज्य का पूर्वी भाग रतनपुर से सटा हुआ था, जो वर्तमान झारखंड राज्य में आता है, और पश्चिम में रायसेन से सटा हुआ था, जो मालवा प्रांत के अंतर्गत आता था।%% इसकी लंबाई लगभग 150 कोस यानी करीब 480 किमी थी। इसके उत्तर में पन्ना और दक्षिण में दक्कन देश थे। इसकी चौड़ाई 80 कोस यानी लगभग 256 किमी थी। रानी के साम्राज्य में 43 गढ़ या किले वाले जिले शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में 350-700 गाँव तक शामिल थे। गोंड प्रशासनिक संरचना गैर-आदिवासी राज्यों की तुलना में काफी अधिक संघात्मक थीं। उदाहरण के लिए, रानी दुर्गावती के राज्य में 23,000 खेती वाले गाँव थे। आवागमन के आधुनिक साधनों और उन्नत सड़क मार्गों के अभाव में एक महिला शासक द्वारा इतने विस्तृत साम्राज्य का संचालन कितना दुष्कर रहा होगा, इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। लेकिन रानी ने 16 साल तक इस क्षेत्र में शासन किया और एक कुशल प्रशासक की अपनी छवि निर्मित की। किसी महिला द्वारा इतने विशाल साम्राज्य का नियंत्रण और कुशल संचालन की बेजोड़ मिसाल भारतीय इतिहास में कहीं नहीं मिलती है। लगभग 16 वर्षों के अपने शासन प्रबंध में रानी दुर्गावती ने अनेक निर्माण कार्य करवाए। रानी की दूरदर्शिता और प्रजा के कल्याण के प्रति संकल्पित होने का प्रमाण है कि उन्होंने अपने निर्माण कार्यों में जलाशयों, पुलों और सड़क मार्गों को प्राथमिकता दी, ताकि नर्मदा किनारे के सुदूर वनों की उपज का व्यापार हो सके और जलाशयों से किसान सिंचाई के लिए पानी प्राप्त कर सकें। जबलपुर में रानीताल, चेरीताल, आधारताल जैसे अद्भुत निर्माण रानी की दूरदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का ही परिणाम हैं।

एक्सप्रेस आलेख

यहां गुलाब के लाल,पिंक,सफेद समेत साढ़े पांच हजार से अधिक पौधों की 65 प्रजातियां खुशबू बिखेरती हैं। इधर का सारा वातावरण बेहद सुंदर और आनंद की अनुभूति देता है। दिल्ली में अफ्रीका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। वैसे राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नामों पर भी सड़कें हैं। क्वामें नक्रूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। देखा जाए तो दिल्ली का अफ्रीका से रिश्ता सन 1955 में कायदे से बना था। तब दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) में डिपार्टमेंट आफ अफ्रीकन स्टडीज की स्थापना हुई थी।

दक्षिण अफ्रीका चुनावों में भारतवंशियों ने गाड़े झंडे

आर.के. सिन्हा

केन्या से आने वाले सर्वाधिक रहते थे। उन्होंने डीयू में अपने देश के नायक जुमो कैन्यटा के नाम से एक फुटबॉल प्रतियोगिता भी चालू की। उसमें सिर्फ अफ्रीकी देशों के छात्र ही भाग लेते थे, पर दर्शक सब होते थे। इसी डीयू के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और दिल्ली स्कूल ऑफ इकॉनामिक्स के छात्र रहे अफ्रीकी देश मलावी के राष्ट्रपति बिंगु वा मुथारिका भी।

भारत के लोकसभा चुनावों के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है, क्योंकि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां रहकर उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है, क्योंकि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों। दक्षिण अफ्रीका में भारत मूल के लोग जीवन के हर क्षेत्र में अपनी ठोस उपस्थिति दर्जा करा रहे हैं। दक्षिण अफ़्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ़्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुँचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ़्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में

राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं।

दक्षिण अफ़्रीका पहुँचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाज़ुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है। इस बीच, दक्षिण अफ़्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला।यह पहली बार है जब 1994 के बाद नेल्सन मंडेला की पार्टी एएनसी बहुमत हासिल करने में विफल रहा। दक्षिण अफ़्रीका कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुनिया के सबसे उच्च स्तर की बेरोजगारी, असमानता और हिंसक अपराध शामिल हैं। एएनसी ने 1994 में श्वेत अल्पसंख्यक शासन की रंगभेद व्यवस्था के अंत के बाद से दक्षिण अफ़्रीका पर बहुमत के साथ शासन किया। लेकिन इस बार के चुनाव में 30 साल के बहुमत को खोने से देश में एक बड़ा बदलाव आया। यह चुनाव गरीबी, असमानता और बेरोजगारी के उच्च स्तर को लेकर दक्षिण अफ्रीकियों में व्यापक असंतोष की पृष्ठभूमि में हुआ। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अफ्रीकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने भारत अफ्रीका के रिश्तों पर जोर देते हुए कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नए कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत एक बड़ा स्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। मौजूदा दौर में अफ्रीका के कई देश तेजी से आर्थिक विकास कर रहे हैं। अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ भी अफ्रीका में संभावनाए तलाशता रहा है। कारोबारी रिश्ते में भारत अभी इन सभी से पीछे है। ऐसे वक्त में जब कि चीन की अर्थव्यवस्था उतार पर है। यूरोप भी संकट से जूझ रहा है। इस पृष्ठभूमि में भारत के पास अफ्रीका के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने का बेहतरीन मौका है। भारत की चोटी की कंपनियों जैसे टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अफ्रीका में तगड़ा निवेश है। अफ्रीका में हर जगह टाटा की उपस्थिति दिखती है। भारती एयरटेल ने अफ्रीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबो डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी अपनी गहरी रुचि जताई है। दूसरी ओर अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग व कोल्ड चेन, पर्यटन व होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अफ्रीकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है। इस बीच, अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अफ्रीका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। इसके करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। यह संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्थी 23:11 तक
नक्षत्रः	श्रवण 14:32 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	मंगलवार
योगः	वैधृति, 09:05
सूर्योदयः	05:26
सूर्यास्तः	19:21
चंद्रमाः	मकर राशि में
राहुकालः	15:22-17:36
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1945
मासः	आषाढ़
शुभ मुहूर्तः	11:59-12:47

जन एक्सप्रेस

धर लो ज़रा मौन !

बोल न सकते अच्छा तो ।
धर लो ज़रा मौन ।।
जान गए हैं सारे ।
आखिर आप कौन ।।
बोल बोल कर ज़्यादा ।
रही है पोल खुल ।।
जब मिला था मौक़ा ।
ना खिलाए गुल ।।
आप की हर बात पर ।
जाती हंसी छूट ।।
दुकान ये मोहब्बत की ।
लेती महफ़िल लूट ।।
हुई लाख कोशिश ।
हुआ नहीं सुधार ।।
बख़्श दो अब आप ।
लेने दो आकार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,
वो सचमुच राधा और मीरा हो जाये।
जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।
तेरे भजनों का असर है ऐसा प्रभु,
जो सुन ले वह चारों धाम का हो जाए।

तुझे याद करें हर दुख दूर हो जाए,
प्रभु कुछ ऐसा वरदान हम पा जाएं।
तेरी लीला अपरंपार है कन्हैया कान्हा,
तेरे भजनों से ही हमारा जीवन सार हो जाए।
ऐसा जतन कुछ करो प्रभु इस भव संसार में,
तेरे दर्शन को कोई ना कभी तरस पाये।
अपने चरणों के रज में हमें दे दो जरा सा स्थान,
हमारे इस जीवन की नैया पार लग जाए।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

हर सुबह नई संभावनाएं लेकर आती है, लेकिन केवल तभी जब आप इसका अधिकतम लाभ उठाएं

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

फैमिली प्लानिंग कर रहे हैं तो डाइट में शामिल करें ये फूड्स, गर्भधारण में मिलेगी मदद

अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण पुरुष और महिलाओं में इनफर्टिलिटी की समस्या बढ़ती जा रही है। खान-पान पर ध्यान न देना, एक्सरसाइज न करने जैसी आदतें भी फर्टिलिटी पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिस कारण महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, कंसीव करने में परेशानी और पुरुषों में स्पर्म काउंट कम होने जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, जिसे कंट्रोल करने के लिए आप डाइट में कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों को शामिल कर सकते हैं, जिससे फर्टिलिटी बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है और आसानी से कंसीव कर पाएंगी।

अखरोटः अखरोट ओमेगा-3 और ओमेगा-6 के गुणों से भरपूर होते हैं, जो आपके शरीर और दिमाग को सही तरह से काम करने और हार्मोन कंट्रोल करने में मदद करते हैं। अमेरिकन सोसाइटी फॉर रिप्रोडक्टिव मेडिसिनके एक रिसर्च के अनुसार, जो पुरुष नियमित रूप से अखरोट खाते हैं, उनके वीर्यस्वास्थ्य में सुधार होता है, जिसके कारण प्रजनन क्षमता बेहतर रहती है और स्पर्म काउंट भी बढ़ता है।

अंडाः वजन कम करने या कैलोरी की मात्रा कम लेने के लिए ज्यादातर लोग अंडे की जर्दी खाने से परहेज करते हैं। इंडिया आईवीएफ के अनुसार आंडे की जर्दी में विटामिन बी और आवश्यक ओमेगा-3 होता है। इसमें फोलिक एसिड भी होता है, जो शरीर में रेड ब्लड सेल्स को बनाने और गर्भधारण के बाद भ्रूण के विकास को बेहतर रखने में मदद करता है।

सूरजमुखी के बीजः डाइट में किसी भी तरह का बदलाव किए बिना सूरजमुखी के बीज खाना स्पर्म काउंट बढ़ाने में मदद कर सकता है। आप सूरजमुखी के बीज का सेवन भुनकर कर सकते हैं। सूरजमुखी के बीज विटामिन ई से भरपूर होती है, जो स्पर्म की संख्या और गतिशीलता बढ़ाने में फायदेमंद होते हैं। सूरजमुखी के बीज पर्याप्त मात्रा में जिंक, फोलिक एसिड और सेलेनियम से भी भरपूर होते हैं, जो प्रजनन क्षमता के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

केलाः केला पोटेशियम और विटामिन बी 6 से भरपूर होता है, जो प्रजनन क्षमता में सुधार करने में फायदेमंद माना जाता है। यह स्पर्म और अंडे की गुणवत्ता में सुधार और प्रजनन हार्मोन को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं।

शकरकंदः शकरकंद में विटामिन और फोलेट की उच्च मात्रा मौजूद होती है, जो प्रजनन क्षमता बढ़ाने में मदद कर सकता है। शरीर में विटामिन ए की कमी को बांझपन से भी जोड़ा जाता है, ऐसे में शकरकंद में मौजूद विटामिन ए प्रजनन क्षमता में सुधार कर सकता है। शकरकंद आयरन से भी भरपूर होता है, जो कंसीव करने की कोशिश कर रही किसी भी महिला के लिए एक जरूरी विटामिन है।

एक्सप्रेस विशेष

शेख हसीना की भारत यात्रा



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

भारत और बांग्लादेश के बीच आज विभिन्न क्षेत्रों में दस करार हुए और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। भारत बांग्लादेश के नागरिकों को इलाज के लिए ई-वीजा की सुविधा प्रदान करेगा। गंगा जल संधि के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति भी बनाई।

प्रधानमंत्री मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की उपस्थिति में डिजिटल क्षेत्र में पार्टनरशिप और ग्रीन पार्टनरशिप सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। ग्रीन पार्टनरशिप पर समझौता, समुद्री और ब्लू इकॉनमी पर एमओयू, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एमओयू, अंतरिक्ष के क्षेत्र में एमओयू, दोनों देशों के बीच रेलवे पर एमओयू, दोनों देशों के बीच समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में एमओयू, आपदा प्रबंधन पर एमओयू का नवीनीकरण, मत्स्य पालन में एमओयू का नवीनीकरण, सैन्य सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौतों का आदान-प्रदान किया गया।

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा बहुत उपयोगी साबित हुई। दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग का विस्तार हुआ। यह यात्रा अनेक संदर्भों में महत्वपूर्ण रही। नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सत्ता में लौटने के बाद वह शेख हसीना पहली राजकीय अतिथि हैं। पिछले एक साल में नरेंद्र मोदी और शेख़ हसीना के बीच करीब दस बार वार्ता हुई है। भारत की विदेश निति में पड़ोसी पहले और एक्ट ईस्ट का तत्व शामिल है। इस दृष्टी से भी भारत बांग्लादेश मित्रता का महत्व है। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने जल संसाधन,सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिए एक मजबूत ढांचे को बढ़ाने में सहयोग की समीक्षा की। भारत और बांग्लादेश के बीच आज विभिन्न क्षेत्रों में दस करार हुए और कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। भारत बांग्लादेश के नागरिकों को इलाज के लिए ई-वीजा की सुविधा प्रदान करेगा। गंगा जल संधि के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति भी बनाई गई है। पिछले एक साल में भारत और बांग्लादेश ने बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी, व्यापार और ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हरित ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में दोनों देश मिलकर काम करने की कोशिश कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बांग्लादेश भारत की पड़ोसी पहले नीति, एक्ट ईस्ट पॉलिसी,विजन सागर और इंडो-पैसिफिक विजन के संगम पर स्थित है। नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए फ्यूचरिस्टिक विजन तैयार किया है। ग्रीन पार्टनरशिप, डिजिटल पार्टनरशिप, ब्लू इकॉनमी, स्पेस जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति का लाभ दोनों देशों के युवाओं को मिलेगा। मोदी ने कहा कि हिंद-प्रशांत महासागर पहल में शामिल होने के बांग्लादेश के निर्णय का हम स्वागत करते हैं। हम बिम्सटेक सहित अन्य रीजनल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपना सहयोग जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की उपस्थिति में डिजिटल क्षेत्र में पार्टनरशिप और ग्रीन पार्टनरशिप सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। ग्रीन पार्टनरशिप पर समझौता, समुद्री और ब्लू इकॉनमी पर एमओयू, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एमओयू, अंतरिक्ष के क्षेत्र में एमओयू, दोनों देशों के बीच रेलवे पर एमओयू, दोनों देशों के बीच समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में एमओयू, आपदा प्रबंधन पर एमओयू का नवीनीकरण, मत्स्य पालन में एमओयू का नवीनीकरण, सैन्य सहयोग पर दोनों देशों के बीच समझौतों का आदान-प्रदान किया गया।

योगी जी आपका पुलिस विभाग अपनी ढपली अपना राग की तर्ज पर चल रहा

* एफआईआर पर कम एक्शन होता बलात्कार के मुजरिम बेख़ौफ़ घूमते
* शिकायती पत्र पर जबरदस्त एक्शन फौरन पुलिस पहुंचती यह धन उगाही का सबसे सुंदर जुगाड़

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। अगर यह कहा जाए योगी राज्य की पुलिस सरकार की साख गिराने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं तो ग़लत नहीं होगा आए दिन पुलिस के लेन देन के मामले सामने आ रहे हैं कहा जाए की पुलिस पर लगाएं गये आरोप गलत है जैसा पुलिस हर मामले में कहती हैं हालात तो यहां तक बन गये पुलिस पैसा लेकर वापस तक कर रही जिससे स्पष्ट हो जाता है। पुलिस किस तरह का कार्य कर रही पीड़ित हो विपक्षी पुलिस को रोकड़ा दे दो मामला निपट जाता है।यही असल समझौता हैं यही असली न्याय है।लड़ाई झगड़ा करो पुलिस में रूपए भरो सब समाप्त सब मिल गया पीड़ित को न्याय और विपक्षी को सजा जैसा की पुलिस की भ्रष्ट कारशैली पर विधायक को बीच में आना पड़ता

पुलिस ने रूपए लिया मामला विधायक पास पहुंचा विधायक ने एस ओ को फोन करके दो घंटे में रुपए वापस करने की चेतावनी दी जिसका असर दो घंटे के अंदर पीड़ित को पुलिस ने रुपए वापस दिए पुलिस की किरकिरी हुई। सिपाही पर गाज गिरी कहते हैं। जो मामला हाईलाइट हो गया तो सबको पता चल गया रूपए वापस हो गये लेकिन इस तरह के सैकड़ों मामले हैं पुलिस का सिर्फ धन कमाने पर लगा रहता इंसाफ तो धरा का धरा रह जाएगा। उदाहरण के तौर पर एक महिला को दबंग मारता-पीटता और प्रताड़ित करता मामला पुलिस के पास पहुंचता पुलिस विपक्षी को बुलाकर कहती तुम्हारे खिलाफ शिकायती पत्र आया है महिला ने गंभीर आरोप लगाए हैं।एफआईआर दर्ज कर तुम्हें जेल भेज देंगे विपक्षी डर जाता साहब बचा लो आगे कुछ नहीं ऐसा करेंगे साहब डराते डराते कहते 20 हजार रूपए लाओ तभी बचोंगे भयभीत विपक्षी 20 हजार रुपए देता तब पुलिस सुलह-समझौता करा देती पीड़ित महिला से कहती बहुत पीटा लाइन पर आ गया है। मामूली से शिकायती पत्र पर एफआईआर की धौस और 376 जैसे मामलों में पीड़ित को महीनों थाने चौकी के चक्कर लगाते देखा जा सकता है। मामूली झगड़ा हो पीड़ित के शिकायती पत्र पर तत्काल कार्रवाई करने वाली पुलिस रेप आरोपी को महीनों गिरफ्तार नहीं करतीं यह सिस्टम है सब चल रहा है सैकड़ों मामले में रूपए लेने वाली पुलिस के एक दो मामले खुल जाते हैं तो क्या रुपए वापस कर दिए जाएंगे सब चल रहा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता मारे जाए कोतवाली में धरना प्रदर्शन हो विधायक आए और कहें जब तक आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होगी। वह कोतवाली में ही रहेंगे पुलिस के आला अधिकारियों से विधायक खुश नहीं दिखे अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए विधायक योगेश वर्मा ने कहा हाल ही में जेल चौकी इंचार्ज द्वारा 14 हजार की रिश्वत ली गई। जिसकी शिकायत उन्होंने शहर कोतवाल समेत जिले के आला अधिकारियों से की मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उनके ही भाजपा कार्यकर्ताओं को जाति विशेष के सिपाही और दरोगा ने अपराधियों की तरह पीट दिया।उन्होंने यह भी कहा जब तक दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं होती। वह कोतवाली में ही धरने पर बैठे रहेंगे। यह दौर आ गया काफी मान मनौव्वल के बाद विधायक माने खैर सिपाही लाइन हाजिर कर दिया गया उसके बाद व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर पुलिस व जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पुलिस के विरुद्ध कड़ी नाराजगी जताई पुलिस अधीक्षक को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है कि पीड़ित के साथ पुलिस का क्या रवैया है अगर पीड़ित एक आन लाइन शिकायत करे तब विपक्षी को पुलिस बुलाकर रूपए लेकर पीड़ित के विरुद्ध आई जी आर एस लगा देती और पीड़ित पर शिकायती पत्र देने की आदी आए दिन शिकायती पत्र देती लगाए गए आरोप असत्य निराधार है।अगर पुलिस उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कोई पीड़ित दर्ज करें तो गिरफ्तारी के लिए पुलिस पर झूठे आरोप लगाए गए पुलिस को पुलिस ने जांच में बचा लिया कुल मिलाकर पुलिस से पंगा लेना तो घर के न घाट के रह जाने के बराबर है। अब तक आन लाइन शिकायतो की जांच की जाएं तों ज्यादातर मामलों में विपक्षी को बचाती पुलिस नजर आएंगी।

अन्नपूर्णा की काव्य गोष्ठी में सम्मानित कई की गईं सुनीता यादव

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

अन्नपूर्णा साहित्य संगम सीतापुर की साप्ताहिक काव्य गोष्ठी का आयोजन शहर के जेल रोड स्थित सरस्वती संगीत महाविद्यालय के सभागार में हुआ। संस्थान संरक्षिका पुष्पा स्वास्थ्य के संरक्षण व यासीन इब्ने उमर के संयोजन में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉक्टर सतीश चंद्र वर्मा ने की, तथा संचालन रामकिशोर श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। लक्ष्मी देवी वर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कवित्री सुनीता यादव को संस्था के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि सुनीता यादव को अभी पिछले सप्ताह दिल्ली में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें भारतीय संविधान के कुछ अंश छंद बद्ध करने के निमित्त प्रदान किया गया है। उन्होंने यह सम्मान प्राप्त करके जिले का, शहर का और संस्थान का मान सम्मान बढ़ाया है। इसी निमित्त संस्था ने यह काव्य गोष्ठी उन्हें समर्पित करते हुए अंग वस्त्र आदि भेंट कर उन्हें सम्मानित किया, तथा बधाई व शुभकामनाएं देकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉक्टर सतीश चंद्र वर्मा, संरक्षिका पुष्पा अवस्थी, यासीन इब्ने उमर, रामकिशोर श्रीवास्तव, मंजर यासीन, जीएल गांधी, एपी गौतम, सुनीता यादव, केपी मिश्रा, लक्ष्मी देवी वर्मा, गीता किशोर श्रीवास्तव, रईस रहमानी, रियाजुद्दीन रियाज, राज बहादुर वर्मा आदि ने काव्यपाठ कर गोष्ठी को सफल बनाया।

मौलाना आजाद इंस्टिट्यूट की छात्रा ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

महमूदाबाद। मौलाना आज़ाद इंस्टिट्यूट ऑफ हयूमैनिटिज़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी महमूदाबाद की बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा अनन्या वर्मा पुत्री महेंद्र कुमार ने 600 में 491 अंक लाकर 81.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर महाविद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। अन्यया की सफलता पर महाविद्यालय के प्रबंधक व पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी, सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी, प्राचार्या डॉ. विभा मिश्रा, उप प्राचार्या डॉ.नीति श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की।

अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

सोमवार को थाना मोहम्मदी पुलिस द्वारा अभियुक्त प्रेमपाल पुत्र श्रीराम को 01 अदद अवैध तमंचा-कारतूस बरामद कर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढकिया के पास से गिरफ्तार किया गया,

जिसके सम्बन्ध में थाना मोहम्मदी पर मु0अ0सं0 439/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त प्रेमपाल पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम गोकन थाना मोहम्मदी जनपद खीरी जिनके पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर पुलिस ने बरामद किया गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक प्रमीत कुमार, हेड कांस्टेबल चन्द्रपाल, कांस्टेबल अमर कौशिक, कांस्टेबल शशि कपूर मौजूदगी रही।

पेड को लेकर विवाद में चोटिल महिला की हालात नाजुक

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम खिरिया घासी निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसने अपने खेत की मिट्टी बेटू भट्ठा वाले को बेंची है। बेटू द्वारा उसके खेत से मिट्टी निकाल कर ले जाते समय खेत के पास में गांव के ही महेन्द्र पुत्र चन्द्र के खडे छोटे से यूकेलिप्टस का पेड टुट गया था। पेड़ टूटने से क्रोधित महेन्द्र सोमवार प्रातः सात बजे रमेश कुमार के घर पहुंच गया और गन्दी-गन्दी गालियां देते हुए रमेश से पेड़ की कीमत मांगने लगा। पेड़ की कीमत मांगे जाने पर रमेश ने कहा कि पेड़ भट्टे की ट्राली से टूटा है हम पैसे क्यो दे। इतनी सी बात पर महेन्द्र ने रमेश को मारना-पीटना शुरू कर दिया। रमेश की चीखे सुनकर रमेश को बचाने आयी उसकी पत्नी संतरा देवी के पेट पर महेन्द्र ने लात मार दी जिससे संतरा देवी वही जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गयी। संतरा देवी को बेहोश हुआ देखकर महेन्द्र जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। तब रमेश अपनी पत्नी को 108 एम्बुलेन्स से मोहम्मदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां डाक्टरो ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है।

राहत आयुक्त दफ्तर से पीडी अदिति उमराव, सदर, गोला तहसील के डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को राहत आयुक्त उप्र कार्यालय से परियोजना निदेशक अदिति उमराव अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार सोमवार सुबह खीरी पहुंची,जहां उन्होंने जिले के डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों के पुनर्वास के लिए अन्यत्र स्थायी, अस्थायी स्थल चिन्हित किये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडीएम संजय सिंह सहित सभी स्टेकहोल्डर्स संग विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में एडीएम ने जिले में गत वर्षों में बाढ़ और कटान की स्थितियां और परिदृश्य को रेखांकित किया। पीडी अदिति उमराव के पूछने पर ईई शारदा नगर खंड शोभित कुशवाहा ने बताया कि दोनों बधों के बीच की दूरी 08 किमी है। आईआईटी रुड़की ने इस क्षेत्र का अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत की है। उन्होंने एसडीएम सदर/गोला/ निघासन से उनकी तहसील के सर्वाधिक व पहले प्रभावित होने वाले गांव के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उनसे पुनर्वासन के लिए अबतक किए गए प्रयास और रणनीति जानी। बैठक में डिप्टी सीएमओ डॉ.धनीराम, जिला अग्निशमन अधिकारी, ईई(पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव, ईई (बाढ़ खंड) अजय कुमार, ईई शारदाखंड शोभित कुमार कुशवाहा, एसडीएम (सदर) अश्विनी सिंह, एसडीएम-गोला विनोद गुप्ता, एसडीएम-निघासन राजीव निगम, एसडीएम-धौरहरा राजेश कुमार, बीएसए प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद परियोजना निदेशक अदिति उमराव ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह के साथ क्रमश तहसील सदर और गोला गोकर्णनाथ के स्थलीय निरीक्षण कर डूब क्षेत्र में बसे व्यक्तियों, परिवारों से मुलाकात की। मौके पर पूरी वस्तु स्थिति देखी। इस दौरान संबंधित तहसीलों के एसडीएम एवं अन्य राजस्व अधिकारी और स्टेकहोल्डर विभाग मौजूद रहे।

तालगांव में तैनात एक सिपाही द्वारा पीड़ितों से की जा रही अवैध वसूली

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

कोतवाली तालगांव के एक सिपाही को नही है किसी का डर,सरकार की भृष्टाचार की जीरो तारलेश की नीति को पलीता लगाने का ले रखा है संकल्प। आपको बताते चलें कि हल्का नम्बर 3 में तैनात सिपाही परमेश्वर यादव की पीड़ितों से धन वसूली व जनप्रतिनिधियों से बात चीत में अभद्रता करने की आम आदत बन चुकी जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों में सिपाही की इन आदतों को लेकर काफी रोष व्याप्त है। सूत्रों के अनुसार हाल ही में केस-1 बीती 19 तारीख को इलाके के चांदपुर के पीड़ित मजदूर राजेस पुत्र सतनु ने अपनी 15000 बकाया मजदूरी दिलाये जाने के लिए धिमौरा के गुलशन के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें सिपाही परमेश्वर यादव द्वारा विपक्षी गुलशन से साठगांठ करके उससे रुपए लेकर पीड़ित को ही डांट फटकार कर 15 हजार बकाया मजदूरी की जगह मात्र 2500 रुपये की मजदूरी दिलाने का सुलहनामा लिखवा दिया गया। केस-2 हाल ही में चांदपुर के पास चांदपुर के पिंकू पुत्र रोहित वर्मा व रिखौना के एहतिशाम के चचेरे भाई से मोटरसाइकिल की भिड़ंत से हुए एक्सीडेंट में दोनों पक्षों की आपसी सहमत से दोनों पक्षों द्वारा जिला अस्पताल में अपना अपना इलाज करवाया जा रहा है। एक्सीडेंट की दोनों मोटरसाइकिल चांदपुर में ही। खड़ी थी। घटना के सम्बंध में दोनों पक्षों ने थाने पर कोई भी तहरीर नही दी थी।उसके बाद भी बिना किसी पक्ष की तहरीर के गांव में खड़ी मोटरसाइकिल जब लेने चिटहिलो के परिजन मौके पर पहुंचे तो सूचना पाकर वहां सिपाही परमेश्वर यादव आ धमके और रौब झाड़ते हुए,दोनों पक्षों को डाँटते हुए। मोटरसाइकिल के बदले 5 हजार रूपयों की मांग रिखौना के पीड़ित से एहतिशाम से की। पीड़ित ने 5 हजार रुपये देने में असमर्थता जताई तो सिपाही ने उससे अभद्रता की।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के सूचना के बाद क्षेत्रीय दरोगा के हस्तक्षेप के बाद मोटरसाइकिल पीड़ित को मिल सकी। सूत्रों की मानें तो इस तरह से क्षेत्र में दर्जनों घटनाएं है। जिसमें सिपाही परमेश्वर यादव के द्वारा अवैध वसूली व जनप्रतिनिधियों से अभद्रता की गयी हैं। अब देखना यह है कि उक्त सिपाही पर भविष्य में कोई कार्यवाही होती है कि नही।

फास्ट फॉरवर्ड

कार सवारों ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर चालक को पीटा, धारदार हथियार से किया प्रहार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। चुनावी रंजिश के चलती कार सवारों ने कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में ओवरटेक कर एक ट्रैक्टर रोक लिया और उसके चालक की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने चालक की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायल चालक को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। गांव खैरटिया निवासी कुलविन्दर सिंह उर्फ लाडी ने बताया घटना रविवार की है। वह शाम करीब छह बजे खैरटिया में स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से रुपए निकलवाने अपना ट्रैक्टर लेकर गया था। ग्राहक सेवा केंद्र के पास पहुंचा। तभी सतनाम सिंह, गुरजन्द सिंह, जसकरन सिंह, प्रभुजोत सिहं निवासी मंझरा पूरब थाना पढुवा व अंग्रेज सिंह सिंह निवासी कश्यपनगर तिकुनिया ने ओवरटेक कर ट्रैक्टर के सामने कार लगा दी और ट्रैक्टर रोककर गाली गलौज करने लगे। गालियां देने का विरोध किया तो लात-घूसों व लाठी-डण्डों से बेरहमी से मारा-पीटा जान से मारने की धमकी दी। धारदार हथियार से भी प्रहार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घायल ने सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सभी पांचों आरोपियों के खिलाफ, बलवा मारपीट आदि धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

भाकियू का ब्लाक गेट पर धरना प्रदर्शन, पहुंचें तहसीलदार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। बेनीगंज। विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को भाकियू ने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कार्यकर्ताओं की पुलिस और ब्लाक कर्मियों से नोकझोंक भी हुई। कोथावां में ब्लाक मुख्यालय गेट पर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया ने धरना प्रदर्शन किया। मांगे पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन भूंख हड़ताल के साथ मुख्यमंत्री आवास को कूच करने की चेतावनी भी दी।



अवगत करा दें कि वन रेंज कछौना के कोथावां क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित कोयला भट्ठियां आरामशीन व प्रतिबंधित हरे भरे पेड़ों का हो रहा कटान, रायपुर सोमवंशी में एक घर में ग्राम पंचायत अध्यक्ष व राशन कोटा, बीरमती पत्नी शिवपाल की भूमि पर अवैध कब्ज़ा, ग्राम पंचायत मझिगंवा स्थित गौशाला में गौवंशो की दुर्दशा, ग्राम पंचायत कल्यानमन में विकास कार्यों का न कराया जाना व 95 वर्षीय किसान रज्जन लाल पुत्र शिव नारायण को किसान सम्मान निधि का लाभ न मिलना, संडीला के गोसवा गोड़वा में दिब्यांग अमीन पुत्र मुस्लिम को आवास योजना से वंचित रखना, बेलहैया से बैरागी खेड़ा तक सड़क निर्माण, नगर पंचायत बेनीगंज में मुख्य सड़क मार्गों किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाये जाने, संडीला स्थित काशीराम कॉलोनी में शौचालयों के टूटे टैंक से फैल रही बदबू एवं बीमारियों का डर आदि मुद्दों के निस्तारण को लेकर जिलाध्यक्ष संतोष मिश्रा व महिला जिलाध्यक्ष रेखा दिक्षित के नेतृत्व में किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। ब्लाक मुख्यालय परिसर में बैठने को लेकर किसान और ब्लाक कर्मियों व पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई इतना ही नहीं किसानों के इकट्ठा होते ही मुख्यालय के दोनों गेट में तालाबंदी देख किसानों ने नाराजगी जताई। इस दौरान किसानों ने नारेबाजी भी की। उन्होंने कहा कि हम किसी सरकार के खिलाफ नहीं हैं लेकिन किसान अपने हक की लड़ाई जरूर लड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आज जिला प्रशासन ने उनकी मांगों को पूरा नहीं किया तो अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के साथ मुख्यमंत्री आवास को पैदल कूच करेगें जहां किसानों की महापंचायत होगी। मौके पर पहुंचे संडीला नायब तहसीलदार अंकित तिवारी ने किसानों को अस्वस्थ करते हुए कहा कि सभी समस्याएं जल्द दूर कराई जाएंगी। आश्वासन पर माने किसानों ने नायब तहसीलदार को लिखित ज्ञापन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त करने का एलान किया। इस दौरान मुख्य रुप से सुशील शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, लाल जीत मौर्य, सुरेन्द्र मौर्य, जय करन, राम स्वरूप, देवेश त्रिपाठी, रंजीता, केतकी, फूला, गुड्डी, गीता, कुशमा सहित सैकड़ों महिला पुरुष किसान उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने चुनाव में समर्थन के लिए अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों का आभार व्यक्त किया

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला चेयरमैन यूसुफ खान ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिले समर्थन के लिए जनता का आभार व्यक्त किया है, उन्होंने उम्मीद जताई कि कभी भी मध्यावधि चुनाव हो सकते हैं जिसमें सफलता के आंकड़ों को और सुधारते हुए केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनायी जाएगी।प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव रज़मुद्दीन शाह ने कहा कि सीएसडीएम और लोकनीति के पोस्ट पोल सर्वे से यह स्पष्ट हो गया है कि इंडिया गठबंधन को अल्पसंख्यक वर्ग का एकतरफा वोट मिला है, वहीं पिछड़ो और दलितों का भी बड़ा हिस्सा इंडिया गठबंधन के साथ था। इसके लिए अल्पसंख्यक कांग्रेस इन वर्गों का विशेष आभार व्यक्त करती है।

कैल्हन मोनिस अली नक़वी ने कहा कि सर्वे से यह भी उजागर हुआ कि सवर्ण वोटों का अधिकांश हिस्सा भाजपा के साथ गया और मात्रा में वोट ही इंडिया गठबंधन को मिला। यह देश और इंडिया गठबंधन के लिए चिंता का विषय है, इसकी एक बड़ी वजह इस समाज में नए चेहरों में इंडिया गठबंधन के मुद्दो का न पहुँच पाना भी हो सकता है। कांग्रेस सवर्ण समाज में नए चेहरों को विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है, ताकि आगे से सवर्ण समाज का पूरा वोट इंडिया गठबंधन और कांग्रेस को मिल सके। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपक बाजपेयी ने कहा कि सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, आरक्षण पर लगे 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने एवं राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी के एजेंडे पर गरीब सवर्णों के उत्थान के लिए विशेष योजनाएं आगामी दिनों में चलाएगी। प्रेस वार्ता को अनुसूचित जाति/ जनजाति के जिलाध्यक्ष रामजीवन राज ने भी संबोधित किया। प्रेस वार्ता में प्रमुख रूप से प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी इम्तियाज अली खान, जिला अल्पसंख्यक विभाग के प्रवक्ता अब्दुल क़वी, मीडिया प्रभारी (अल्पसंख्यक विभाग) आमिर नक़वी, जिला महासचिव अल्पसंख्यक विभाग रफीक़ अहमद, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष साद अहमद आदि नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध अस्पताल किए सीज

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिले में मरीजों की जान से खिलवाड़ और उनसे ठगी करने वाले अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कड़ी कार्रवाई की गई जिसके बाद आज सीएचसी अधीक्षक फरधान डॉ अमित बाजपेई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध अस्पतालों को सील कर दिया है।आपको बता दें कि इलाज के नाम पर लाखों की वसूली करने वाले अवैध हॉस्पिटलों पर स्वास्थ्य विभाग की लंबे समय से नजर थी

जिसके बाद आज सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग टीम ने इन निजी अस्पतालो को सील कर दिया गया है।

बता दें सीएचसी अधीक्षक डॉ.अमित बाजपेई के नेतृत्व में निजी अस्पतालों का निरीक्षण किया गया इसमें से कई अस्पतालों के मानकों को भी जांचा गया वहीं जांच में कई अस्पतालों में मौके पर डॉक्टर नहीं मिले तो वहीं स्टाफ भी प्रशिक्षित नहीं मिला कुछ गैर पंजीकृत अस्पताल भी पाए गए ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध अस्पताल को सील करने का सिलसिला शुरू किया।

ये अवैध अस्पताल सीज

सोमवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सलेमपुर कोन,ऐरा रोड निकट स्थित समर हॉस्पिटल व शौर्य हॉस्पिटल को सील कर दिया गया हालांकि ये दोनों निजी हॉस्पिटलों को एक बार पहले भी खामियां मिलने पर सील किया जा चुका था इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही थी साथ ही मरीजों से भारी-भरकम रकम की अवैध वसूली भी की जा रही थी ऐसे में सोमवार को कार्रवाई करते हुए ऐरा रोड सलेमपुर कोन समर हॉस्पिटल व शौर्य हॉस्पिटल को सील करने के बाद नोटिस चस्पा की गई।

क्या बोले सीएचसी अधीक्षक

वहीं मामले पर सीएचसी अधीक्षक फरधान डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि मरीजों की जान से खेलने वालों पर सख्त कार्रवाई की गई है, और अगर फिर ऐसे मामले सामने आते हैं तो आगे भी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर जनता से खिलवाड़ करने वाले निजी अस्पतालों को चलने नही दिया जाएगा अवैध रूप से संचालित अन्य हॉस्पिटलों की जांच की जा रही है सभी पर कार्यवाही निश्चित रूप से की जाएगी किसी को बख्शा नहीं जाएगा।(सीएचसी अधीक्षक फरधान, डॉ अमित बाजपेई)

दबंगो पर मारपीट कर घायल करने का आरोप, वीडीओ वायरल

* मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मल्लावां। कोतवाली क्षेत्र के गांव भजनपुरवा में दबंगों ने एक परिवार के पांच लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया और घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज न कर कोतवाली भेजा गया जहां से पुलिस ने चलता कर दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मामले को संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों ने कार्रवाई के आदेश दिए हैं। आपको बता दें कोतवाली क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर का मजरा भजन पुरवा निवासी सतीश पुत्र रतनलाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके गांव के रहने वाले संतोष पुत्र शिव बालक पुरानी रंजिश मानते हैं और बीती 18 जून को समय 5:00 बजे शाम संतोष प्रार्थी को गाली गलौज करने लगा। प्रार्थी के विरोध करने पर संतोष के पुत्र पिंटू, छोटू उर्फ पुष्पेंद्र, अनुपम लोहे की राड लेकर आए और प्रार्थी को मारने पीटने लगे। प्रार्थी के पुत्र राजू, सुजीत, विकास, आकाश बचाने गए तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां पर मारपीट का हवाला देकर पुलिस शिकायत करने की बात कही। पीड़ित कोतवाली गए जहां पर पुलिस ने चला कर दिया। और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका। जिसपर पीड़ित ने बीती सोमवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

मकान के निकास को बंद करने का आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र कोरोंखुर्द निवासी छविराम ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देते हुए बताया। कि हम परिवारीजन लोग पूर्व दिशा मे रखे दरवाजे से आना जाना लगा रहता था। कुछ माह पहले ग्राम प्रधान विवेक वर्मा के द्वारा पंचायत भवन का निर्माण करवाया जाने लगा।तब हम लोगो ने जब आपत्ति जताई तो उन्होने घर के पड़ोस मे उत्तरीछोर पर पड़ी हरिजन आबादी की जमीन की तरफ निकलने की बात कहकर पंचायत भवन बनवा दिया। अब गांव के ही शेर सिंह व अमर सिंह पुत्रगण सुरेश यादव छह माह से मुझे हैरान व परेशान कर रहे है। बीच मे कईं बार हमने ग्राम प्रधान के रास्ते को लेकर बात की तो वह हमें बरगला रहे है।सोमवार को वह हरिजन आबादी की जमीन पर जबरदस्ती मकान बना रहे है। हम लोग जब इस बात की शिकायत ग्राम प्रधान विवेक वर्मा से की। तो वह संतुष्टि भरा जवाब न दे सके। कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

कुरसठ मे हटाया गया अवैध कब्जा: राकेश सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई

उपजिलाधिकारी बिलग्राम राकेश सिंह ने बताया है कि आज कुरसठ नगर पंचायत की भूमि के गाटा संख्या 07 पर अवैध कब्जा हटाया गया। उन्होंने बताया कि इस भूमि पर 07 खाद के गढ्ढे बने हुये थे। इस पर रामपाल का अवैध कब्जा था। उन्होंने कहा कि अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

पुलिसिया सहयोग से दबंगों द्वारा बैनामा शुदा जमीन कब्जाने का आरोप

* भूमाफियाओं द्वारा जमीन कब्जाने पर पीड़िता ने लगाई सीएम योगी से गुहार

जन एक्सप्रेस। देवरिया

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराधियों, भूमाफियाओं,गौ तस्करों पर अंकुश लगाने व प्रदेश को अपराध व अपराधी एवं भूमाफिया मुक्त करने में जुटी हुई हैं तो वहीं गोरखपुर मंडल के देवरिया जनपद में भूमाफियाओं, दबंगों का आतंक दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा है, दबंग भूमाफियाओं द्वारा कहीं अपने गुर्गों और अवैध असलहों के दम पर तो भ्रष्ट पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों की मेहरबानी से गरीब मजलूमों की जमीनें कब्जा की जा रही है। दबंगों द्वारा पुलिस प्रशासन के जिम्मेदारों की मेहरबानी से न्यायालय के आदेशों की मखौल उड़ाया जा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण देवरिया जिले के सदर तहसील क्षेत्रांतर्गत मंडुआडीह थाना क्षेत्र के रामपुर दुबे गांव का है जहां न्यायालय में वाद विचाराधीन है परंतु भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी महुआडीह पुलिस ने दबंगों के प्रभाव में न्यायालय की अवमानना करने से बाज नहीं आ रही है और दबंगों को संरक्षित कर गरीब की बैनामा सुदा जमीन पर कब्जा करा रही है। जबकि भूस्वामी द्वारा न्यायालय में विचाराधीन वाद प्रस्तुत कर न्याय की गुहार लगाई जा रही है।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के रामपुर दुबे निवासी भूस्वामी उर्मिला देवी पत्नी प्रेम शंकर दुबे ने डीएम ,एसपी, डीआईजी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपनी बैनामा सुदा जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने से बचाने हेतु लिखित शिकायत दर्ज कराई है।मिडिया ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि मौजे के आराजी संख्या 464 रकबा 0.486 हेक्टेयर भूमि पर विपक्षी रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अरईपार निवासी शेषमणि के प्रभाव में आकर स्थानीय थाना - महुआडीह की पुलिस द्वारा हमारी बैनामा सुदा भूमि में अवैध कब्जा कराने का प्रयास व प्रताडित किया जा रहा है।

पीड़िता ने सीएम से की फरियाद, दबंग विपक्षी व थाना पुलिस से बताई जान माल का खतरा

पिडिता उर्मिला देवी ने बताया कि 22 जून 2024 को दिन में लगभग 12 बजे के आसपास दबंग शेषमणि व थाना महुआडीह पुलिस व कुछ अज्ञात बदमाशों को लेकर हमारी बैनामा सुदा भूमि पर लगे लोहे की बोर्ड जिस पर मेरा स्वामित्व अंकित था जेसीबी से उखाड़ कर तोड दिया तथा स्थानीय पुलिस भी हम प्रार्थिनी के साथ मारपीट करते हुये भद्दी-भद्दी माँ बहन की गालियां देते हुए मुझे और मेरे परिजनों को फर्जी मुकदमे में फंसा कर जेल में सड़ा देने की धमकी दे रही है । विपक्षी शेषमणि व स्थानीय थाना महुआडीह की प्रताडना तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मुझे व मेरे परिवार के लोगों के साथ किये गये अमानवीय प्रताडना से हमारे परिजन काफी डरे सहमें हुये है । बिना न्यायालय के आदेश के स्थानीय थाना की पुलिस उक्त शेषमणि के प्रभाव में आकर उपरोक्त मेरी बेशकीमती भूमि जो न्यायालय में विचाराधीन है पर अवैध निर्माण कराने की घुडकी धमकी दे रहे ।पिडिता ने प्विरदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाते हुए फरियाद की है कि दबंग विपक्षी शेषमणि व थाना महुआडीह की पुलिस के विरुद्ध न्यायोचित कार्यवाही करते हुये मेरी उक्त जमीन व मेरे परिवार के लोगो की जान माल की सुरक्षा कराई जाए।

विधिक सेवा प्राधिकरण महिलाओं को देता है निशुल्क कानूनी सहायता: शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सोमवार को महिला सम्मान एवं महिला अधिकार के सम्बन्ध में शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में मल्टी एक्शन रिसर्च ग्रुप से पूजा टम्टा, एडवोकेट साजिया खान, हिमानी प्रभाकर, अविनाश कुमार मिश्र परियोजना सहायक एवं विभिन्न विभागों से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से चीफ लीगल एंड डिफेन्स कौंसिल नरेन्द्र कुमार मिश्र, राकेश कुमार मिश्र, कमर जहाँ, अधिवक्ता बुद्धेश मणि पाण्डेय, वन स्टाप सेन्टर से रीता यादव , एसआई पुष्पा राय, महिला शक्ति केन्द्र से प्रीति सिंह, एएचटीयू प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह, माधुरी सिंह शिक्षिका एवं सीजेडब्ल्यू व आदि सोशल वर्कर के मध्य महिला उत्थान के सम्बन्ध में वार्ता किया।

सचिव जिला विधिक सेवा शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कोई भी महिला निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकती है। अपने मुकदमें की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकती है।जिसके लिए उसे मात्र एक सामान्य प्रार्थना-पत्र देने की आवश्यकता होती है।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से राजकुमार वर्मा, विजय कुमार मिश्र, पीएलवी अमिताभ श्रीवास्तव, अनुसुइया सिंह, सफीना खातून, रिंकू शाही आदि उपस्थित रहे।

खाद बीज व्यापारियों के गोदामों पर कृषि विभाग ने की छापेमारी ,मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

उत्तर प्रदेश शासन अपर मुख्य सचिव कृषि डॉक्टर देवेश चतुर्वेदी के निर्देशन एवं जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के आदेशानुसार पर उप कृषि निदेशक डॉक्टर अरविंद सिंह ने जनपद में तीन टीमों का गठन कर जनपद के व्यवसाईयों के गोदामों का सत्यापन किया और आवश्यकतानुसार नमूना लेते हुए जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा।उक्त कार्यवाही के क्रम में गोला एवं बांसगांव तहसील क्षेत्र में जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉक्टर आर डी वर्मा द्वारा छापेमारी कर नमूना लिया गया एवं गोदाम के अभिलेख, स्टाक एवं मशीन से बिक्री की जांच किया गया तथा दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। डॉक्टर वर्मा ने बताया कि इस छापेमारी एवं जांच का उद्देश्य किसानों को उचित दर पर शुद्ध बीज ,खाद और कृषि निवेश उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान गोला बाजार के विनोद, रामकवल गुप्ता, आनंदवर्धन तिवारी, अभिषेक चंद, डड़वापार में ओमप्रकाश, प्रसिद्ध नारायण दुबे ,गुलाब मौर्य ,रविंद्र मौर्य, आर्यन बीज भंडार आदि दुकानों की जांच की गई और साथ ही सभी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित दर एवं शुद्ध खाद बीज व दवा का वितरण करें यदि किसी प्रकार की शिकायत मिली तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 10 दुकानों का जांच किया गया और 2 दुकानों से नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है तथा 2 दुकानों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

जमीनी विवाद को लेकर चली गोली, पिता-पुत्र की हालत गंभीर

जबरजस्ती रास्ता निकालने को लेकर चल रही थी रंजिश, पिता पुत्र खपरैल मकान पर डाल रहे थे , प्लास्टिक,बगलगीर ने पीछे से मारी गोली

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत समयथान पड़ौली के भटपुरवा मधुपुर टोला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने असलहे से दुसरे पक्ष के पिता- पुत्र को गोली मार दी। दोनो को गंभीर हालात में सीएचसी बड़हलगंज लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल, गोरखपुर और फिर बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां गोली लगने से घायल पिता के हालात स्थिर वहीं पुत्र की हालत नाजुक बताई जा रही है।

बताते चलें कि गांव के मुन्नालाल यादव व कमलेश यादव सगे पट्टीदार हैं। दोनों के बीच रास्ते की जमीन का काफी दिनों से विवाद चलता आ रहा है। सोमवार को मुन्नालाल अपने लड़के आदित्य यादव के साथ पुराने खपरैल घर के उपर ल्लास्टिक लगा रहे थे। इसी बीच विपक्षी कमलेश यादव अपने छत से ईंट पत्थर चलाने लगा। पिता पुत्र द्वारा मना करने पर कमलेश छत से नीचे उतरा और असलहे से मुन्नालाल व आदित्य के ऊपर फायर झोंक कर फरार हो गया मुन्नालाल के कंधे में व आदित्य के सीने में दाहिनी तरफ गोली लगी है।

पुलिस टीम दे रही दबिश, शीघ्र गिरफ्तार होंगे आरोपी - एसपी दक्षिणी

घटना के संबंध पुलिस अधीक्षक दक्षिणी ने बताया कि अगल बगल में घरों के रहने वाले मुन्ना लाल यादव एवं कमलेश यादव में रास्ते की जमीन को लेकर काफी समय से आपस में चल रहा है कमलेश यादव, मुन्ना लाल यादव के दरवाजे से अपने दरवाजे पर जाने के लिए रास्ता बनाना चाहते हैं इसी को लेकर विवाद चल रहा था कि सोमवार को मुन्ना लाल यादव व उनके बेटे आदित्य को खपरैल मकान पर पन्नी डालने के दौरान गोली मारकर फरार हो गया है,पिडित पक्ष द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है, आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

यूकेलिप्टस के पेड़ से अठारह वर्षीय युवक का लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस। पनियरा महराजगंज

थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जंगल बड़हरा के चौरी टोला में सोमवार को गांव के पश्चिम बगीचे में संदिग्ध परिस्थितियों में लिल्ह्स के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका मिला युवक का शव। मौके पर पहुंची पनियरा पुलिस जांच पड़ताल में जुटी।

खबर के अनुसार चौरी टोला निवासी अभिषेक गुप्ता उम्र 18 वर्ष रविवार की रात्रि करीब दस बजे खाना खाकर घर से निकला था। सोमवार की सुबह गांव का कोई ब्यक्ति शौच के लिए बागीचे की तरफ जाते समय पेड़ से लटका शव देख गांव में पहुंचकर शोर मचाया ।परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और पीएम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक का अगले महीने में शादी होने वाली थी । मृतक के भाई , बहन और माता आरती का रो रो कर बुरा हाल है।

इस संबंध में चौकी प्रभारी धनखरी संदीप यादव ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है रिपोर्ट आने के बाद घटना का कारण स्पष्ट होगा।

बिजली विभाग ने बकाएदारों से 4 लाख पचास हजार की राजस्व वसूली की

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

बिजली विभाग ने विद्युत बकायेदारों से चार लाख पचास हजार रुपए वसूले। फरेंदा एसडीओ चंद्रेश उपाध्याय ने बताया कि सोमवार को विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान मुजुरी में पांच टीम लगाई गई थी। उक्त टीम द्वारा कुल 205 घरों के परिसर में जाकर विद्युत विभाग के बकायादारों से साढे चार लाख की राजस्व वसूली की गई। अभियान के दौरान एसी का प्रयोग कर रहे 12 लोगों का लोड बढ़ाया गया और उपभोक्ताओं के 9 कनेक्शन घरेलू से कमर्शियल में बदल गया। इस दौरान शाहिद अंसारी उपखंड अधिकारी, कमलेश कुमार अवर अभियंता पनियरा, महेंद्र कुमार और अभियंता मुजुरी, अमरेंद्र कुमार तथा फरेंदा की कर्मचारी मौजूद रहें।

अवैध तमंचे और कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेन्द्र मीना के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपराध में संलिप्त पाए जाने पर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु को लेकर पुरन्दरपुर पुलिस ने 315 बोर अवैध तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया । पुरन्दरपुर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव ने बताया कि पुलिस को सोमवार सुबह नौ बजे के लगभग मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक अभियुक्त अवैध तमंचा के साथ लठहवा चौराहे की तरफ जा रहा है जिस पर पुलिस ने चौराहे से गुजर रहे संदिग्धों की रोक कर जांच पड़ताल करने लगी इसी दौरान पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के खुर्रमपुर नर्सरी निवासी पवन साहनी पुत्र श्रीकान्त साहनी को रोककर जब तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुआ जिस पर कार्यवाही करते हुए स्थानीय थाने पर अपराध संख्या, 166/24 धारा, 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान उपनिरीक्षक संदीप यादव, उपनिरीक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र शाह मौजूद रहें।

सरयू नदी में साथियों संग गए थे नहाने, तेज बहाव में डूबे- दो छात्र लापता

जन एक्सप्रेस। देवरिया

मदनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआं गांव निवासी विवेक प्रसाद (18) पुत्र ओमप्रकाश और ननिहाल आए बड़हलगंज क्षेत्र के संसारपार गांव निवासी अवधेश प्रसाद (20) अपने चार-पांच साथियों के साथ किसी काम से बरहज गए थे। लोगों के अनुसार, भीषण गर्मी के कारण सभी एक साथ सरयू नदी में स्नान करने लगे। इसी बीच विवेक और अवधेश गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे।

बरहज नगर स्थित निर्माणाधीन मोहन सेतु के पास सोमवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे साथियों के साथ नहाने गए दो छात्र डूब गए। काफी तलाश के बाद भी उनका कहीं सुराग नहीं लगा। जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस भी गोताखोरों के साथ दोनों युवकों की तलाश करा रही है।

मदनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआं गांव निवासी विवेक प्रसाद (18) पुत्र ओमप्रकाश और ननिहाल आए बड़हलगंज क्षेत्र के संसारपार गांव निवासी अवधेश प्रसाद (20) अपने चार-पांच साथियों के साथ किसी काम से बरहज गए थे। लोगों के अनुसार भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए सभी एक साथ सरयू नदी में स्नान करने लगे।

इसी बीच विवेक और अवधेश गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। दोनों को डूबता देख अन्य साथी शोर मचाने लगे, जिसे सुनकर आसपास के लोग जुट गए। लोग जब तक कुछ प्रयास करते विवेक और अवधेश नदी में लापता हो गए। जानकारी होने पर दोनों के परिजन और गांव के लोग नदी घाट पर पहुंच गए।

किसी अनहोनी को लेकर परिजन भयभीत हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष महेंद्र मोहन मिश्र भी हमराहियों के साथ दोनों युवकों की तलाश कराने लगे। सीओ आदित्य कुमार गौतम ने बताया कि सूचना पर पुलिस गई है। रेस्क्यू कराया जा रहा है।

क्षतिग्रस्त बंधों और कटान स्थलों पर बचाव कार्य नाकाफी

जन एक्सप्रेस। देवरिया

पिछले वर्षों में भयावह बाढ़ की त्रासदी झेल चुके जिले के लोग मानसून नजदीक आते ही सहमे दिख रहे हैं। सभी पांचों तहसीलों में बहती छह पहाड़ी नदियों व नालों के उफान से बचाव के मुकम्मल इंतजाम नहीं होने से यहां के लोगों को एक बार फिर से सांसत झेलना तय है। बाढ़ से बचाव के लिए नदियों के किनारे बने 39 बंधो में कई के अधूरे होने और कटान स्थलों पर मरम्मत नहीं होने से जिले में एक बार फिर से तबाही मचनी तय है। शाहपुर डुमरियागंज बांध के गैप नहीं भरे जाने से आसपास के ग्रामीण बारिश के मौसम में भयग्रस्त रहते हैं। जिले में नेपाल से निकलने वाली राप्ती, बूढ़ी राप्ती, कूड़ा, घोघी, बानगंगा नदियों के उफान से हर वर्ष तबाही मचती है।

राज्यमंत्री बोलीं, सरकार व मेरी छवि धूमिल करने के लिए विरोधियों ने वायरल किया फेक ऑडियो-जांच शुरु

जन एक्सप्रेस। देवरिया

ग्राम्य विकास मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा, सोशल मीडिया मंचों पर चल रहा ऑडियो एवं उसमें कहीं बातें सरासर झूठ एवं बेबुनियाद हैं। इसमें मेरी आवाज नहीं है। आजकल तमाम ऐसे एप हैं, जिसकी मदद से ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं। विरोधी यह नहीं जान रहे हैं कि ऐसा करना कानूनन अपराध है। जिसने भी यह ऑडियो बनाया और प्रसारित किया, उस पर साइबर टीम कार्रवाई करेगी। प्रदेश की ग्राम्य विकास मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम इधर एक वायरल ऑडियो को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे जनपद का सियासी पारा भी चढ़ा हुआ है और इसे लेकर जितने मुंह उतनी बातें भी हो रही हैं। रविवार को विकास भवन सभागार में पत्रकार वार्ता आयोजित कर उन्होंने अपना पक्ष रखा। कहा कि सरकार व उनकी छवि को धूमिल करने के लिए कुछ विरोधियों ने अलग-अलग समय पर कही हुई विभिन्न बातों को जोड़-तोड़ कर, सही तथ्यों को काटकर, शब्दों को आगे-पीछे करके यह साजिश रची है। इसके खिलाफ उन्होंने एसपी को तहरीर दिया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है। जांच में साजिशकर्ताओं का खुलासा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर चल रहा ऑडियो एवं उसमें कही बातें सरासर झूठ एवं बेबुनियाद हैं। इसमें मेरी आवाज नहीं है। आजकल तमाम ऐसे एप हैं, जिनकी मदद से ऐसे कृत्य किए जा रहे हैं। विरोधी यह नहीं जान रहे हैं कि ऐसा करना कानूनन अपराध है। जिसने भी यह ऑडियो बनाया और प्रसारित किया, उस पर साइबर टीम कार्रवाई करेगी। इस ऑडियो के जरिए सरकार की छवि को खराब किया जा रहा है और विरोधी अपनी राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं। जिले के लोगों के आशीर्वाद से उन्हें मंत्री पद मिला, लेकिन उनके विरोधियों को यह पच नहीं रहा है। आगे कहा कि सलेमपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता सब जानती है और आने वाले समय में जनता ही इसका जवाब देगी। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में दो वर्ष के कार्यकाल में तमाम विकास कार्य कराएं हैं, इसमें सीएचसी सलेमपुर में 50 बेड का अस्पताल, बस स्टेशन का शिलान्यास, पिंडी-भागलपुर मार्ग का निर्माण, सोहनाग धाम व दीर्घेश्वरनाथ मंदिर का सौन्दर्यीकरण, नवलपुर-मझौली पीपा पुल, सलेमपुर नगर पंचायत में 10 सड़कें व नाली निर्माण, लार नगर पंचायत में आठ सड़कें व नाली निर्माण, मझौलीराज नगर पंचायत में पांच सड़कें व नाली निर्माण, क्षेत्र में सात नलकूप, तकिया धरहरा में बोल्डर का कार्य, चूरिया तट का मरम्मत कार्य, विभिन्न स्थानों पर पीएमजीएसवाई की सड़कें का निर्माण कार्य चल रहा है या प्रस्तावित है।

हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद पांचवें दिन जेल से बाहर आए बाहुबली पूर्व विधायक

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

पूर्व विधायक ने कहा मैं पहले भी गलत नहीं था आज भी गलत नहीं हूं। उन्होंने कहा जिस मामले में सजा हुई थी उसको मौके पर जाकर खुद देख लीजिए मैं कितना सही था कितना गलत था। उन्होंने कहा ये संघर्ष है और संघर्ष हमेशा जारी रहेगा। जब मेरे पापा (पूर्व विधायक स्व. इंद्रभद्र सिंह) नहीं थे तब मेरी उम्र 22 साल थी। तब से हम संघर्ष ही कर रहे हैं। जेल जाना पड़े नहीं जाना पड़े इसके लिए कोई डर की बात नहीं है।

जमानत स्वीकृत होने के बाद उच्च न्यायालय का आदेश सोमवार को एमपी/एमएलए मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दाखिल हुआ तो पूर्व विधायक चंद्रभद्र सोनू सिंह व दो सह आरोपियों को रिहा करने का परवाना जेल भेजा गया। उनके साथ रुखसार व अंशु उर्फ सूर्य प्रकाश को 10 हजार की जमानत व मुचलके पर रिहा करने का आदेश है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि इस घटना की एफआईआर बनारसी लाल कसौंधन निवासी ग्राम मायंग ने लिखाई थी। उनके अनुसार 25 फरवरी 21 को सुबह आठ बजे की है। उनके गांव के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई मोनू सिंह, सिंटू जेसीबी लेकर और घर में घुस गए असलहे दिखाकर उन्हें व बेटे अनिल को मारापीटा। जब उनके बेटे व भतीजे डर के मारे भग गए तो इन लोगों ने उनके मकान की दीवार व गेट जेसीबी व हाथ से गिरा दिया था विवेचना में मोनू की नामजदगी गलत पाई गई। जबकि सोनू, सिंटू व जेसीबी चालक अमेठी निवासी रुक्सार पर मुकदमा चला। अभियोजन के 9 गवाह परीक्षित हुए थे। जिनके आधार पर तीनों को मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने 6 जुलाई 2023 को सजा सुनाने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया था। उसी आदेश के विरुद्ध अपील दायर की गई थी। जो निरस्त हुई और सजा बहाल हुई तो उनके अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह मदन ने समर्पण के लिए अवसर मांगा जिसे विशेष जज एकता वर्मा ने निरस्त कर गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सूर्य प्रकाश उर्फ अंशु व सोनू सिंह ने अधिवक्ता के माध्यम से 10 जून को समर्पण कर दिया था। उच्च न्यायालय से 20 जून को जमानत का आदेश पारित हुआ था।

जिलाधिकारी ने की उद्योग बन्धु की बैठक

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उद्योग बंधु की समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर कुल 3355 आवेदन के सापेक्ष 3019 आवेदन निस्तारित कर दिया गया। विभाग स्तर पर 28 आवेदन लंबित है जिसे समय सीमा अंतर्गत निस्तारित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता पर निस्तारण करने व योजनाओं के क्रियान्वन में सहयोग करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति लक्ष्य 102 /197.88 स्वीकृति 115/ 276.89 वितरण 97/ 223.09 है।

बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया की नए औद्योगिक क्षेत्र को विकसित किए जाने के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग स्थापनार्थ में आ रही भूमि, सड़क एंव पानी की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए निवेशकों को भूमि मुहैया कराने के लिए अब निजी भूमि पर क्लोज स्कीम के तहत औद्योगिक पार्क विकसित किये जा सकते हैं। पहली बार सरकार की ओर निजी औद्योगिक क्षेत्रों के लिए नीति बनायी गयी है। इसके तहत इच्छुक निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर जिला कलेक्टर रेट पर भूमि के मूल्य का 90 प्रतिशत अथवा औद्योगिक पार्क को विकसित करने हेतु आवश्यक धनराशि में से जो भी कम हो एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराया जायेगा। जो धनराशि स्वयं के श्रोतों से अथवा बैंक से ऋण लेकर करनी होगी।

पूर्व में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के उद्यमियों / व्यापारियों/ निवेशकों से यह अनुरोध किया गया था कि क्लोज पार्क के लिए जनपद के इच्छुक उद्यमी आगे आयें, ताकि शासन की मंशानुसार जनपद में कम से कम एक क्लोज पार्क की स्थापना हो सके।

बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा पारम्परिक शिल्पकारों और कारीगरों को स्वरोजगार परक बनाये जाने के उद्?देश्य से 15 अगस्त 2023 को लालकिले के प्राचीर से देश वासियों के लिए एक नई योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा की गई। इस योजना की क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 17 सितम्बर, 2023 को शुभारम्भ किया गया।योजनान्तर्गत निम्नलिखित ट्रेड निर्धारित किये गये है। ट्रेड का नाम 1. कारपेंटर, 2. नाव बनाने वाले. 3. अस्त्र बनाने वाले 4. लोहार, 5. ताला बनाने वाले, 6. हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, 7. सुनार, 8. कुम्हार, 9. मूर्तिकार, 10 मोची 11. राजमिस्त्री, 12 डलिया, चटाई, झाड़ू बनाने वाले, 13. पाम्परिक गुड़िया और खिलौने बनाने वाले 14 नाई, 15 मालाकार, 16. धोबी, 17. दर्जी 18 मछली का जाल बनाने वाले।

योजना की पात्रता– हाथों और औजारी से काम करने वाला स्वरोजगार के आधार पर कारीगर एवं शिल्पकार पी0एम0 विश्वकर्मा के तहत पंजीकरण का पात्र होगा।

पंजीकरण की तिथि पर लाभार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष की होनी चाहिए। लाभार्थी को पंजीकरण की तिथि पर सम्बन्धित व्यवसाय में संलिप्त होना चाहिए।स्वरोजगार/विकास के लिए केन्द्र सरकार या राज्य सरकार की समान क्रेडिट योजना में ऋण नहीं लिया होना चाहिए।

पिछले 5 वर्षों के ऐसे लाभार्थी जिन्होनें मुद्रा लोन, पी0एम0ई0जी0पी0 एवं पी0एम0 स्वनिधि ऋण लिया हो और अपना ऋण पूरा चुका दिया हो तथा न ही परिवार में कोई सरकारी नौकरी में हो, पी0एम0 विश्वकर्मा योजना के पात्र होगें। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग बंधु के लोग तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

अरुण कुमार प्रजापति की मेहनत लाई रंग

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

* गुरूजी की मुफ्त कोचिंग कर सीबीएससी के आवासीय विद्यालय में नि:शुल्क पढ़ाई के लिए पेपर देकर पास हुए 14 बच्चे

कहते हैं कि मेहनत रंग जरूर लाती है। सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति ऐसे मेहनती लोगों में एक हैं जिनकी मेहनत रंग लाई है। उनके निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर परीक्षा की तैयारी कर रहे चौदह बच्चों ने सीबीएसई के आवासीय विद्यालय में निःशुल्क पढ़ाई के लिए उत्तीर्ण होकर अपना परचम लहराया है।

दरअस्ल गोरसरा कैथाना उच्च प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक अरुण कुमार प्रजापति विद्यालय के इतर घूरीपुर गांव में एक किराए के मकान में कई गांव के बच्चों का परीक्षोपयोगी तैयारी वर्षों से कराते आ रहे हैं। इस बार उन्होंने आठवीं में पढ़ रहे गोरसरा, भैरोपुर, खनुहट, हांसापुर, धधुआ गांव के अनुसूचित जाति के 20 बच्चों की तैयारी कराकर श्रेष्ठा परीक्षा में आवेदन कराया था। 11 मई की परीक्षा के बाद 20 जून को रिजल्ट आया तो उनमें से आल इंडिया रैंकिग में 14 बच्चे कोमल, अभय, हिमांशु, शिवांशु, संजना, साक्षी, आकांक्षा, लक्ष्मी कुमारी, सोनाक्षी गौतम, नेहा, श्वेता, उत्कर्ष, राखी व आदर्श ने सफलता अर्जित कर नाम रोशन किया। शिक्षक अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि सभी बच्चे बेसिक विद्यालय में पढ़ाई करते हैं। पिछली बार की परीक्षा में 11 बच्चों ने सफलता पाई थी इस बार बच्चों की संख्या बढ़कर 14 हुई है। जिससे प्रसन्नता मिलती है। ये बच्चे कक्षा 9,10,11 व 12 तक कि पढ़ाई देश के किसी आवासीय सीबीएसई विद्यालय में करेंगे।

स्विफ्ट कार बचाने में पलटी बोलेरो, 6 घायल

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

बीती रात स्विफ्ट डिजायर कार को बचाने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। बोलेरो पर बरीक्षा में शामिल होकर लौट रहे एक परिवार की महिलाओं समेत सात लोग सवार थे। इन्हें चोटे आई हैं। एक महिला को अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के कैथी जलालपुर बाजार की है। यहां एक अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार बाजार से गलत तरीके से निकल रही थी। तभी दूसरी ओर से बोलेरो गाड़ी आ गई। कार को बचाने के चक्कर में बोलेरो चालक संतुलन खो बैठा और कार पलट गई। इस पर सवार लोग घायल हुए। सभी घायलों को आसपास के लोगों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया।

बताया जा रहा है कि बोलेरो पर दोस्तपुर के नरसिंहपुर निवासी गायत्री (55) पत्नी राम सम्हार, साधना (25) पुत्री जय प्रकाश, गीता देवी (54) पत्नी राम केवल, अमरावती (45) पत्नी जय प्रकाश, कमलेश (17) पुत्र राम भजन, वंशराजी (70) पत्नी बुद्धिराम व चौरासी देवी (55) पत्नी राम भजन बोलेरो पर सवार होकर अखंडनगर में एक बरीक्षा कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रही थी। इनमें चौरासी देवी को काफी चोटे आई। जिन्हें सीएचसी से अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

खैर कोतवाली क्षेत्र के गोमत चौराहा स्थित नोहझील, बाजना रोड स्थित स्वमिंग पूल में नहाने गया एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच गयी। परिजनों ने स्वमिंग पूल मालिक पर लगाया हत्या का आरोप लगाया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को खैर कोतवाली अन्तर्गत 20 वर्षीय रवि पुत्र रिषीपाल सिंह गोमत चौराहा स्थित नोहझील, बाजना रोड स्थित स्वमिंग पूल में नहाने गया था। नहाते समय डूब गया। जैसे परिजनों को युवक के डूबने की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया और घटना स्थल पर पहुंच गये।

फाइनेंस कर्मी से हुई लूट में तीन शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

थाना बन्नादेवी पुलिस ने फाइनेंस कर्मी से लूट की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर लुटेरो को इंडियन पेट्रोल पम्प से पहले सूतमील चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जिनके कब्जे से लूटे गए 3 लाख 5 हजार रुपये व अवैध तमंचा और कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी बरामद की है। पुलिस ने फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम देने वाले रोहित पुत्र राजू निवासी बरौला बाईपास तारो वाली गली थाना बन्नादेवी, करन पुत्र सुरेश निवासी मुसलमानो वाला मौहल्ला थाना खैर और राज कुमार उर्फ राजू पुत्र जमुनाप्रसाद निवासी मुसलमानो वाला मौहल्ला पुरानी तहसील खैर जनपद अलीगढ़ को गिरफ्तार किया गया ।

जिले में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रति लोगों को किया जाएगा जागरूक

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

महिला कल्याण विभाग द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत जिले में महिलाओं एवं उनके परिवारों को दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जागरूक किया जाना है। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम में उल्लिखित है कि विवाह में पक्षकारों द्वारा उपहारों की सूची की सूची को प्रस्तुत करना-किसी विवाह में पक्षकारों या माता-पिता में से कोई या उनमें से किसी के द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिकारी को विवाह की तिथि से एक माह के भीतर दहेज प्रतिषेध (वर वधू भेंट सूची) नियम, 1985 (डावरी प्राहिविशन, मेन्टेनेंस ऑफ लिस्ट्स) (प्रेजेंट टू दी ब्राइड एण्ड ब्राइडयूम) रूल्स, 1985 के अनुसार की गयी उपहारों की सूचना प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें दहेज की मांग से पीड़ित महिला, स्वयं उसके माता पिता, अन्य कोई रिश्तेदार या स्वयंसेवी संस्था जिला प्रोबेशन कार्यालय, कलेक्ट्रेट में शिकायत दर्ज करा सकता है। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत दहेज लेना या देना, दहेज के लिये उकसाना भी अपराध है। जिसके लिये पांच साल तक की कैद अथवा 15 हजार रूपये या दहेज की रकम जो भी अधिक हो जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से दहेज की मांग पर छः माह से दो साल तक की जेल है और 10 हजार रूपये का जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि जिले में जनमानस को दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के प्राविधानों से जागरूक किये जाने के लिए मैरिज हॉल व गेस्ट हॉउस में जिला प्रोबेशन अधिकारी या जिला दहेज प्रतिषेध अधिकारी का नाम, पदनाम व मो0नं0 अंकित किया जायेगा। इसके साथ ही दहेज प्रतिषेध अधिनियम के प्राविधानों से जागरूक किये जाने एवं दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं व परिवारों को सहायता प्रदान किये जाने के लिए 181 वूमेन हेल्पलाइन एवं सम्बन्धित पुलिस थाने से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

बरसात ने खोली नगर निगम की पोल जलमग्न हुआ समूचा शहर

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

सोमवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली जोरदार बारिश होने से जगह-जगह पानी भर गया। जलभराव के कारण नगर निगम के हाथ पांव फूल गए। शहर की प्रमुख मैरिस रोड, रामघाट रोड, सुदामापुरी, बैकुंठनगर, गुरूद्वारा रोउ स्टेशन रोड पानी दरीबा, श्याम नगर पर भीषण जल भराव हो गया। वहीं पॉश इलाके में भी पानी है। सेंटर प्वाइंट, विद्यानगर, स्वर्ण जयंती नगर, दुर्गावाड़ी, जयगंज, रेलवे रोड समेत विभिन्न आदि क्षेत्र में चारो ओर पानी भर गया है। जिसकी बजह से दर्जनों वाहन पानी भर जाने के कारण बंद हो गये। सोमवार को बारिश के कारण नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। शहर में चारो ओर पानी भर गया और नालों की सफाई में बाहर निकली सिल्ट भी वापस नालों में ही बहकर पहुंच गई। सड़कों और सुदामापुरी की गलियों में बारिश का पानी हिलोरें ले रहा था। सड़कों और नालियों का फर्क नजर नहीं आ रहा था। बारिश का पानी दुकानों और घरों में घुस रहा था। इस स्थिति में लोगों को नगर निगम की व्यवस्थाओं को कोसते देखा गया।

दस लाख रूपए के लिए हुआ राजेश जायसवाल हत्याकांड

मां-बाप की आंखों के सामने बेटे का कत्ल, हिरासत में एक हत्यारोपी

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

गल्ला व्यापारी राजेश हत्याकांड में मुख्य आरोपी प्रियांशू दूबे समेत नामजद व अज्ञात पर मुकदमा दर्ज हो गया है। शव का गुसारगंज बाजार में देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया है। नामजद एक आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। व्यापारी की हत्या को लेकर गुसारगंज बाजार सोमवार को बंद रहा। राजेश जायसवाल उर्फ रोहित हत्याकांड में मृतक की मां इंद्रावती देवी ने पुलिस में नामजद तहरीर दी है। राजेश के पिता ने वो तहरीर तहसीलदार व सीओ सिटी को दी है। वही जेल से रिहा होकर पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गुसारगंज निवासी मृतक राजेश की मां इंद्रावती ने उल्लेख किया है कि मुजेश गांव निवासी शादाब व प्रियांशू दूबे के साथ मिलकर गल्ले का काम करता था। दोनों ने गेहूं देने के लिए मेरे पुत्र से 9,34,935 रूपए एडवांस लिए थे। न ही गेहूं इन लोगों द्वारा दिया गया न ही पैसे लौटाए गए।

उन्होंने उल्लेख किया है बीती रात प्रियांशू व शादाब का बड़ा भाई अतीक बाइक से घर पर आए और उसे लेकर मंदिर के पास गए। हम और हमारे पति भी शंका के चलते वहां पहुंचे तो शादाब, जुनेद व एक अन्य वहां पहले से खड़े थे। अतीक व शादाब मेरे लड़के का हाथ पकड़े थे और प्रियांशू, जुनेद व एक अन्य मेरे लड़के को मार रहे थे। अंत में प्रियांशू ने असलहा निकालकर मेरे बेटे को गोली मार दी। वही इस मामले को व्यापारी संगठन ने 6 सूत्रीय एक मांग पत्र प्रशासन को सौंपा है।

बेटे की चाह और दहेज की खातिर महिला को घर से निकाला

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। सोमवार को एसएसपी कार्यालय पर पहुंची एक महिला अपने पति पर दहेज ओर और तीन बेटियों के कारण प्रताडित करने का आरोप लगाया है। थाना बन्नादेवी क्षेत्र सराय रहमान तार वाली गली निवासी महिला निदा पत्नी इरफान ने अपने पति दहेज एवं तीन बेटियों के कारण घर निकाल दिया है। महिला ने पति पर तलाक देने का भी आरोप लगाया है और एसएसपी पति के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

घर से बिना बताए गया है युवक लापता, थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

जन एक्सप्रेस/आगरा। थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत अरनोटा से युवक घर पर बिना बताए कहीं लापता हो गया। पीड़ित परिजनों ने थाना बसई अरेला में गुमशुदगी दर्ज कराई है। वहीं पुलिस युवक की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना बसई अरेला क्षेत्र के अंतर्गत गांव अरनोटा निवासी अर्जुन पुत्र सत्यभान उम्र करीब 24 वर्ष 21 जून की रात करीब 10 बजे घर से बिना बताए कही चला गया।

कुंवर राज बाबू गहलोत अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल

जन एक्सप्रेस। अलीगढ

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ठाकुर गवेन्द्र सिंह एडवोकेट के प्रयासों से कुंवर राज बाबू गहलोत राना पुत्र श्री राजेंद्र सिंह गहलोत निवासी ग्राम परसेरा ब्लॉक हाथरस जनपद हाथरस आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल हो गए। उन्होंने इस अवसर पर कहा अखिल भारतीय पंचायत परिषद त्रि स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण गैर राजनीतिक संगठन है जो पूरे देश में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार श्री सुबोध कांत सहाय एवं कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान के सामूहिक नेतृत्व में सराहनीय कार्य कर रहा है और उत्तर प्रदेश में प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट संगठन के साथ ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए तथा ग्राम पंचायतो के हित में उत्कृष्ट कार्य कर रहे कुंवर राज बाबू गहलोत का पंचायत परिषद में शामिल होने पर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट ने स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कुंवर राज बाबू गहलोत बहुत ही कर्मठ जुझारू संघर्षशील नेता है जो जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं तथा पत्नी क्षेत्र पंचायत सदस्य भी रह चुकी है और परिवार में कई वर्ष तक प्रधानी भी रही है और भाभी ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी लड़ चुकी हैं और पूरा परिवार त्रि स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था से लंबे समय से जुड़ा हुआ रहा है भारतीय पंचायत परिषद का संगठन और अधिक मजबूत होगा।

खाकी के विरुद्ध अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, साथी अधिवक्ता व उनके परिवार से बदसलूकी का आरोप, एसओ व चौकी इंचार्ज को सस्पेंड करने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

सोमवार को बार एसोसिएशन के तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। साथी अधिवक्ता व उनके परिवार से बदसलूकी किए जाने से अधिवक्ताओं में आक्रोश था। एसपी को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं ने एसओ गोसाईगंज व चौकी इंचार्ज द्वारिकागंज को सस्पेंड किए जाने की मांग की है।

बार के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ता व कांग्रेस नेता वरुण मिश्रा ने बताया कि मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के वल्लीपुर गांव से जुड़ा है। साथी अधिवक्ता वेदांत त्रिपाठी का यहां आवास है। उन्होंने बताया कि 20 जून की रात एसओ गोसाईगंज धीरज कुमार, चौकी इंचार्ज द्वारिकागंज अमित सिंह दर्जन भर पुलिस कर्मियों के साथ अधिवक्ता वेदांत के घर पर पहुंचे और जबरन घर में घुस गए। इन सबने उनके पिता श्रवण कुमार त्रिपाठी को घसीटा और बाहर लेकर गए। वरुण ने बताया कि अधिवक्ता साथी ने जानकारी दी कि पुलिस कर्मियों ने उनके पिता के साथ बदसलूकी करते हुए उन्हें अपशब्द कहे। इसी मामले को लेकर आज हम लोग एसपी ऑफिस पहुंचे थे। सभी अधिवक्ताओं ने पुलिस के अधिकारियों से मांग की है कि थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए। अधिवक्ता द्वारा जिन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है उनकी गिरफ्तारी की जाए। इसके साथ ही परिवार को सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराया जाए।

नेपाल सीमावर्ती गांव में हिंदू किशोरियों का धर्मांतरण और चर्च निर्माण की शिकायत पर पहुंची टीम, निर्माण रुकवाया

* नेपाल से हिंदू किशोरियां को लाकर धर्मांतरण कराने का आरोप
* अंतर्राज्यीय पादरी हिंदू किशोरियों को ले जाकर कर रहे व्यापार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

प्रशासन की बगैर अनुमति के नेपाल सीमावर्ती गांव बैल्हा में चर्च का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।आरोप है कि चंगाई सभा की आड़ में नेपाली हिंदू किशोरियों को लाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। अंतर्राज्यीय पोस्टर पादरी हिंदू किशोरियों को धर्मांतरण के बाद अन्य प्रदेशों में ले जाकर व्यापार कर रहे हैं।शिकायत पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया।कार्रवाई को लेकर खलबली मच गई।चर्चा है कि ग्रामीण के घर से कुछ ईसाई धर्म से जुड़े साहित्य मिले हैं। अधिकारी पूरे मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा क्षेत्र गुरुद्वारा श्री सिंह सभा नानक नगरी बैल्हा कमेटी प्रबंध के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में बताया कि गांव के ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा प्रशासन की बगैर अनुमति के ही गांव में चर्च का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया।

नेपाल सीमावर्ती आधा दर्जन गांवों में चल रहा धर्मांतरण का धंधा

भारत नेपाल सीमा से सटे लगभग आधा दर्जन गांवों में यह रैकेट सक्रिय हैं। यह लोग ज्यादातर राय सिख और नेपाली किशोरियों को बरगला कर धर्मांतरण करा रहे हैं। लगभग दस साल पूर्व टिल्ला नंबर चार में चर्च का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जानकारी पर प्रशासनिक अधिकारियों ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था।क्षेत्र के सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में चर्च की आड़ में धर्मांतरण का खेल चल रहा है। बाजार घाट बैल्हा में नींव की खुदाई के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इसके अलावा अन्य गांव में भी चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण कराया जा रहा है। रविवार प्रशासनिक अधिकारियों ने तीनों गांवों में पहुंचकर जानकारी जुटाई।

बरगला कर नेपाल से लाई जा रही हिंदू किशोरियां

नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में धर्मांतरण का यह खेल लंबे समय से चल रहा है। ईसाई समुदाय के लोग चंगाई सभा की आड़ में पड़ोसी देश नेपाल से हिंदू किशोरियों बरगला कर बुलाते है। रुपयों का लालच देकर किशोरियों का जबरन अवैध रूप से धर्मांतरण कराया जाता है। इसके बाद अंतर्राज्यीय पोस्टर पादरी इन किशोरियों को अलग-अलग प्रदेश में ले जाकर व्यापार करते हैं।

सोशल मीडिया पर ग्रुप बनाकर की जा रही फंडिंग

चर्चा है कि फंडिंग के लिए इन लोगों की ओर से सोशल मीडिया पर एक ग्रुप संचालित किया जा रहा है। ग्रुप के माध्यम से रुपए एकत्र किए जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को मौके पर पहुंची टीम ने इन लोगों के मोबाइल पर संचालित ग्रुपों के स्क्रीनशॉट लिए। बैंक अकाउंट के बारे में भी गहनता से जानकारी जुटाई।मौके पर मिले रजिस्टर में लेन-देन का ब्यौरा लिखा हुआ था।जिसे कब्जे में ले लिया।ईसाई समुदाय से जुड़े साहित्य भी कब्जे में लिए है। दोपहर में पहुंची टीम देर शाम तक जांच में जुटी रही है। कार्रवाई को लेकर खलबली मची रही।

नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक लोगों का रैकेट काम कर रहा है। यह लोग राय सिख, नेपाली हिंदू किशोरियों और हिंदू लोगों को बरगला कर धर्मांतरण करा रहे हैं। इन लोगों द्वारा ट्रस्ट बनाकर फंडिंग की जा रही है। लोगों को रुपयों का लालच देकर चंगाई सभा की आड़ में धर्मांतरण का खेल बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।बैल्हा निवासी एक ग्रामीण के घर में चर्च बनाया गया है।

यहां अंतर्राज्यीय पास्टर पादरी अपना ठिकाना बनाए हुए हैं। रविवार को नेपाली हिंदू किशोरियों को लालच देकर बैल्हा के एक घर में चंगाई सभा के लिए बुलाया जाता है। यहां अवैध रूप से इनका धर्म परिवर्तन कराया जाता है। इसके बाद रात्रि के समय कार सवार हरियाणा, पंजाब, राजस्थान के अंतर्राज्यीय पोस्टर पादरी तस्कर किशोरियों को यहां से अलग-अलग प्रदेशों में ले जाकर इनका व्यापार कर रहे हैं। यह लोग रुपयों के लालच में आकर नेपाली हिंदू किशोरियों की जिंदगी बर्बाद कर देते है।यह लोग नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में रैकेट बनाकर पड़े बनाने पर धर्मांतरण का काम कर रहे है। गांव और नेपाल बॉर्डर होने के कारण यहां आई.एस.आई.एस का अड्डा बनने की आशंका जताई है।

आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेकर जांच के निर्देश दिए। रविवार प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की। मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया।अन्य गांवों में भी पंहुच कर जांच की गई। कार्रवाई को लेकर खलबली मची रही।

> शिकायत पर नायब तहसीलदार को भेजा गया था।मौके पर चर्च का निर्माण नहीं पाया गया है।नींव की खुदाई की जा रही थी जिसे रुकवा दिया गया है।।उप निवेशन की जमीन है जिस पर खेती की जाती है।पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी।
>
> राजेश कुमार शुक्ला
> एसडीएम पूरनपुर।

किशोरी से दुष्कर्म के बाद सोशल मीडिया पर प्रसारित की अश्लील वीडियो

* आरोपी युवक ने शिकायत करने पर दी जान से मारने की धमकी
* पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

पूरनपुर

किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने के बाद सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दी। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने जानकारी स्वजनों को दी।किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितो के खिलाफ प्राथमिक दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने दर्ज कराई गई प्राथमिक में बताया कि पड़ोसी युवक बीते एक साल से किशोरी को डरा धमका कर अपने बहनोई से जबरन दुष्कर्म करा रहा है। आरोपी युवक ने किशोरी से दुष्कर्म के दौरान फोटो और अश्लील वीडियो भी बना ली। जिन्हें इंटरनेट मीडिया के फेसबुक, इंस्टाग्राम पर प्रसारित कर दिया। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। बदनामी के डर से पीड़ित की किशोरी अवसाद में रहने लगी। कारण पूछने पर किशोरी ने घटना की जानकारी मां को दी।

स्वजनों ने किशोरी का रिश्ता तय कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने रिश्तेदारों को अश्लील वीडियो और फोटो भेज दिए।

जिससे पीड़ित किशोरी का रिश्ता टूट गया। शिकायत पर किशोरी को बदनाम करने, जबरन घर से उठा ले जाने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नन्हेंलाल, और उसके बहनोई कपिल कुमार के खिलाफ दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी की धाराओं में प्राथमिक की दर्ज की है।अपराध निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रावास निर्माण के लिए भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

* गन्ना कृषक स्नाकोत्तर कालेज में प्रस्तावित छात्रावास की प्रक्रिया तेज
* धनराशि अवमुक्त होने पर शुरू होगा निर्माण कार्य

पूरनपुर

सोमवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्र मोहन विश्नोई छात्रावास के लिए भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जल्द धनराशि अवमुक्त करने का भरोसा दिया। इसके बाद कालेज के नेताजी सुभाषचंद्र बोस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रापत करने के लिए आवश्यक प्रपत्रों और आवेदन को सही ढंग से भरने के बारे में बताया। छात्रों को अन्य कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं।

नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए प्रस्तावित छात्रावास की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। हालांकि बजट आवंटित न होने से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।कालेज में संचालित मुख्यमंत्री अच्युदय कोचिंग सेंटर में यूपीपीएससी, नीट, एसएससी, यूजीसी नेट की तैयारी कराने वाले कोर्स समन्वयक शुभम द्विवेदी ने छात्रों को प्रवेश के लिए फॉर्म उपलब्ध कराए। कहा कि बच्चे अच्युदय कोचिंग के फार्म कालेज के अनूप शुक्ला से भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी छात्रों से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉक्टर सुधीर कुमार शर्मा ने छात्रों को अपने से बड़ों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि जरूरी नहीं कि उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं को पास करने वाले उच्च साधन सम्पन्न हों। निम्न एवं माध्यम वर्गीय छात्र भी उच्च अधिकारी बन सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि जिला समाज कल्याण अधिकारी छात्रावास के लिए भूस्थलीय निरीक्षण किया और अपेक्षित धनराशि अवमुक्त करने का आश्वासन दिया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को कई जानकारियां दीं। संचालन डाक्टर पिंदर सिंह ने किया। कालेज में मीठे-ठंडे पानी का ल्याऊ भी लगवाया गया। इस मज़ैके पर महाविद्यालय के समन्वयक डॉक्टर अरविन्द दीक्षित, वी.के. शर्मा, अर्निका दीक्षित, शाहिद खान, शोभना मिश्रा, तहमीना शमसी, अंकित गुप्ता सहित तमाम छात्र मौजूद रहे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की अमरिया इकाई का हुआ गठन

* जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने मो.आरिफ को सौंपी कमान
* वरिष्ट पत्रकारों ने संरक्षक की संभाली कमान

अमरिया

आज श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजी. की अमरिया का इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसहमति से मो. आरिफ को अध्यक्ष बनाया गया महेंद्र गंगवार को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सौरभ दीक्षित, जिला संगठन मंत्री विक्रांत शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी करन सिंह चौहान ने सभी पत्रकार साथियों को पत्रकारो के हितो में मजबूती में कार्य करने और आपस में एकजुट होकर जिले एकता के संदेश को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह के नेतृत्व में अमरिया श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के इकाई का गठन कार्यक्रम किया गया। पत्रकारों ने जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सौरभ दीक्षित, जिला संगठन मंत्री विक्रांत शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी करन सिंह चौहान, मुकुल शर्मा को माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष हरिपाल सिंह ने कहा पत्रकारिता एक चुनौतीपूर्ण पेशा है जिसमें सभी को संगठित होकर कार्य करने की जरूरत है। हरिपाल सिंह ने कहा पत्रकारों की एकजुटता के साथ रहने की जरूरत है। दरअसल श्रम जीवी पत्रकार यूनियन का गठन जिले में कई इकाई के रूप में किया गया है। जिससे संगठन को मजबूत कर एकता की मजबूत शक्ति के सामने किसी पत्रकार के उत्पीड़न की किसी की हिम्मत न पड़ सके। जिला उपाध्यक्ष सौरभ दीक्षित और जिला संगठन मंत्री विक्रांत शर्मा ने कहा संगठन का मकसद पत्रकारों के हितों की रक्षा और आपसी मतभेद खत्म कर सभी को एक धागे में पोने के लिए लगातार सभी प्रयासरत रहेंगे। पत्रकारिता के क्षेत्र में आज युवाओं की काफी मांग और युवा पत्रकारिता की कमान संभाले हुए है मौका है सभी युवा पत्रकारों को साथ आना चाहिए और यह संकल्प लेना चाहिए कि अगर हमारे किसी पत्रकार भाई का उत्पीड़न या कोई कठिनाई आयेगी तो सब मिलकर उसका मुकाबला करेंगे।

इस दौरान कार्यक्रम अमरिया इकाई में संरक्षक असलम जावेद अंसारी, अवसार अहमद उर्फ कुन्नू, मो.राशिद अंसारी, नसीम मालिक, सदर सैफी, फैसल मलिक तहसील अध्यक्ष मो.आरिफ, महामंत्री महेंद्र गंगवार, वरिष्ट उपाध्यक्ष मो.समीर, उपाध्यक्ष सुमिता गुप्ता, उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह, कोषाध्यक्ष नन्हे लाल, संगठन मंत्री फिरोज खान, संयुक्त मंत्री बुद्ध सेन समेत कई पत्रकार कार्यक्रम में शामिल रहें।

भाजपा विधायक ने 2500 लीटर क्षमता की रेस्क्यू गाड़ी का शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने बदलापुर की विधान सभा की बहुप्रतीक्षित मांग नवनिर्मित फायर ब्रिगेड स्टेशन से 2500 लीटर पानी क्षमता वाले फायर बिग्रेड की नई रेस्क्यू गाड़ी का शुभारंभ किया। बदलापुर को इस रेस्क्यू गाड़ी मिलने से आगजनी जैसी घटना होने पर जल्द से जल्द काबू करने में आसानी होगी। साथ ही बदलापुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरहूपुर में पिच रोड से मौर्या ,पसियान, ब्राह्मण बस्ती तक नव मार्ग निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएफओ अखिलेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, लवकुश सिंह, शशिकांत, हरिलाल मोदनवाल, संदीप सिंह, सुशील निगम, महेंद्र दुबे, विपिन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

वीरांगना महारानी दुर्गावती का 460वां बलिदान दिवस मनाया गया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

अखिल भारतवर्षीय गोंड महासभा शाखा जौनपुर के तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट परिसर जौनपुर में गोंड वीरांगना महारानी दुर्गावती का 460वा वलिदान दिवस गोंड जनजाति समुदाय के द्वारा मनाया गया व राष्ट्रीय व प्रादेशिक कार्यकारणी का अनुमोदन किया गया। पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिसमें मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्दन गोंड एडवोकेट, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश गोंड,प्रदेश सचिव गुड्डू राम गोंड, जौनपुर जिलाध्यक्ष हेमंत गोंड, उपस्थित रहें ।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सरस गोंड जी पूर्व सभासद व मंत्री,सत्य प्रकाश गोंड जिलाध्यक्ष मछलीशहर भा.ज.पा.ज.मोर्चा , सुरेश धुरिया जिलाध्यक्ष जौनपुर भा.ज.पा.ज.मोर्चा, मनोज गोंड जिलाध्यक्ष गोंडवाना पार्टी,धनंजय कश्यप मंत्री काशी क्षेत्र भा.ज.पा.ज.मोर्चा, अमरजीत गोंड जिलाध्यक्ष स.पा.अ.ज.प्र. राम दुलार गोंड पूर्व प्रधानाचार्य, विकास गोंड, रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनार्दन गोंड पत्रकार सदर तहसील अध्यक्ष, घनश्याम गोंड केराकत तहसील अध्यक्ष, अनील धुरिया शाहगंज तहसील अध्यक्ष, अंबिका गोंड बदलापुर तहसील अध्यक्ष, प्रमोद गोंड एडवोकेट मछलीशहर तहसील अध्यक्ष, सुनील गोंड मड़ियाहु तहसील अध्यक्ष,वक्ताओं में डा. चंन्द्रभान गोंड जी, डा रामचंद्र गोंड जी, राजेश गोंड, रहे। कार्यक्रम में सभी व्लाक अध्यक्ष व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डा.विजय प्रकाश धुर्वे गोंड जिला महामंत्री जौनपुर ने किया। कार्यक्रम के पश्चात इसी कार्यक्रम में राष्ट्रीय कमेटी का अनुमोदन किया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यासजी गोंड, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनार्दन गोंड एडवोकेट जौनपुर, राष्ट्रीय महासचिव रामजी राम गोंड, राष्ट्रीय सचिव हरिहर गोंड जी, राष्ट्रीय सचिव हरेंद्र गोंड, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवानंद गोंड जी, राष्ट्रीय सह सचिव उमेश गोंड जी, प्रदेश अध्यक्ष श्री नाथ गोंड एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय गोंड बार्डर, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश गोंड, प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश गोंड, प्रदेश सचिव डा बिनोद भाष्कर गोंड, सचिव गुड्डू राम गोंड, प्रदेश उप सचिव राजेंद्र गोंड गाजीपुर आदि लोग उपस्थित रहे।

मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने बिजली पानी के लिए किया धरना प्रदर्शन

* दो साल से समस्याओं से जूझ रहे हैं एमबीबीएस के छात्र
* परिसर में बारिश होते ही कीचड़ युक्त रास्ते पर निकलने शुरू हो गए बिषधर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उमानाथ सिंह राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिद्धिकपुर के मेडिकल छात्रों ने सोमवार को सुबह 10 बजे से लेकर शाम तक धरना प्रदर्शन करते रहे। बिजली पानी समेत तमाम समस्याओं से लेकर निराकरण की मांग की। शाम तक कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा। मेडिकल कॉलेज में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। भीषण गर्मी में एक हफ्ते से बिजली पानी की किल्लत हो गई है।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की तीन बैच संचालित हो रहा है और दो बैच पैरामेडिकल के छात्र हैं । वर्तमान समय में कुल 460 छात्र पठान-पाठन में है जबकि चौथा बैच इस वर्ष आने वाला है। लेकिन छात्रों की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। जिसमें मुख्य रूप से बिजली पानी की समस्या बड़ी है। जिसे लेकर छात्र छात्राऐ सोमवार को मेडिकल कॉलेज के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन करने लगे। और जिम्मेदारों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए समस्याओं के निराकरण की मांग करते रहे। जिसमें छात्रों का कहना था कि मेडिकल नियमों के अनुकूल क्लासरूम नहीं है दो क्लास रूम के भरोसे 460 छात्रों की पढ़ाई हो रही है। हॉस्टल सुविधा की समस्या बनी हुई है। आईपीडी की कोई व्यवस्था नहीं है, सुविधा युक्त लेक्चर थियेटर अभी तक नहीं मिल सका है। सबसे बड़ी समस्या है कि परिसर में पक्के रास्ते नहीं है। कीचड़ युक्त रास्तों से छात्रों को आवास तक जाना होता है लाइट की व्यवस्था नहीं है। पहली बारिश होते ही तमाम बिषधर कीड़े जानवर निकल रहे हैं, जिसे छात्रों खतरा बना हुआ है। इसके अलावा साफ सफाई से लेकर बॉथरूम तक गंदगी अंम्बार है। पानी की कोई सुविधा नहीं है, जिससे गुस्साए छात्रों को सड़क पर उतरना पड़ा। छात्रों ने मांग की जब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं होगा। उनसे जिम्मेदार लोग डीएम व स्वास्थ्य मंत्री मुख्यमंत्री इसे संज्ञान में नहीं लेंगे तब तक हम लोगों का धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। छात्रों ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में छात्र छात्राऐ बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं और यहां के जिम्मेदार लोग कुछ सुनने को तैयार नहीं है।

समस्या बढ़ती जा रही है। इस दौरान छात्रों की शिक्षकों से भी नोक हो हुई। छात्रों को कहना था कि उन्हें दो साल से यह भरोसा दिया जाता है ताकि जल्दी ही सभी व्यवस्थाएं कर दी जाएगी, निर्माण अधीन मेडिकल कॉलेज है लेकिन तीन साल से सुनते-सुनते छात्र परेशान हो गए। अब उनसे यह परेशानी सही नहीं जा रही है।

भाभी से नाजायज संबंध के चक्कर में भाई ने ही भाई की गला रेत कर की हत्या

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के उसरौली गांव की दलित बस्ती के बगल बाग में सोमवार को युवक का गला रेतकर की गई नृशंस हत्या में वारदात को अंजाम देने वाला कोई दूसरा नहीं वल्कि उसका सगा छोटा भाई ही निकला। उसी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर सहोदर भाई का गला रेत दिया था। घटना का कारण देवर भाभी के बीच अंतरंग संबंध बताया जाता है। मृतक के पिता द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतक के भाई को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसका दोस्त अभी फरार बताया जा रहा है। घटनास्थल पर एसपी सिटी शैलेन्द्र कुमार सिंह सीओ शाहगंज अजीत सिह ने पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पीएम हेतु भेज दिया है। घंटे भर प्रयास के बाद शव की शिनाख्त शेराज अहमद निवासी गांव कपसिया के रूप में कर ली गई।

उसरौली गांव के कुछ ग्रामीण भोर में शौच को गये थे। जहां बाग में एक शव पड़ा देख शोर मचाने लगे। धीरे धीरे वहां सैकड़ों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। युवक का गला रेतकर कर नृशंसता पूर्वक उसकी हत्या की गई थी। घटनास्थल पर खून फैला हुआ था। वहीं बगल म्यान सहित चाकू, नायलान की रस्सी और तंबाकू भरी चुनौटी फेंकी मिली। शव को देखकर लगता था कि हत्या इसी स्थल पर की गई है। घटना जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गई। पड़ोसी गांव कपसियां के शिराज अहमद अपने छोटे भाई इरफान के साथ बाइक से रविवार की सायं लगभग साढ़े पांच बजे पट्टी नरेंद्रपुर बाजार गये थे। देर रात उनका भाई इरफान वापस घर लौट आया। रात में पिता के वापस न लौटने पर दूसरे दिन उसके 12 वर्षीय पुत्र जिसान और 8 वर्षीय पुत्र अकरम पिता की तलाश कर रहे थे। साथ में इरफान भी खोजबीन कर रहे थे।तभी उन्हें सूचना मिली कि उक्त बाग में एक शव मिला है। मृतक के दोनों बेटे भागते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो शव देखते ही बिलख बिलख कर रोने लगे। शिनाख्त के बाद पुलिस शव को पीएम भेज घटना की छानबीन शुरू किया। प्रभारी निरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी हत्या छोटे पुत्र इरफान ने किया है। घटना के पीछे भाभी देवर के बीच अंतरंग संबंध बताया। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा सख्ती बरतने पर उसने सत्यता को स्वीकार कर लिया। घटना को अंजाम देने में उसने अपने एक दोस्त को भी सामिल करने की बात स्वीकारी। हालांकि पुलिस उसके नाम का खुलासा नहीं कर रही है।

जौनपुर के एक ही परिवार के पांच लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के चौकिखुर्द गांव से रिस्तेदारी से लौटते समय डम्पर की चपेट में आने से एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा प्रयागराज जिले के सरायममरेज थाना क्षेत्र के रस्तीपुर गांव में हुआ है। पुलिस ने ट्रक कब्जे में लेते हुए ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। चौकिखुर्द गांव निवासी विकास कुमार 25 वर्ष पुत्र बल्ली बनवासी, सुम्मरी पत्नी देवकी उम्र 60 वर्ष, जनता पत्नी नमकीन उम्र 34 वर्ष, दीवाना पुत्र नमकीन उम्र 7 वर्ष, लक्ष्मी पुत्री नमकीन उम्र 8 माह रविवार के दिन घर से रिस्तेदारी गए हुए थे। वहां से बारात में हड़िया गए हुए थे। वापस बारात लौटने पर पांचों बाइक से वापस घर चौकिखुर्द के लिए लौट रहे थे कि वह जैसे ही थाना सरायममरेज के रस्तीपुर स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने पहुचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही डम्फर को देख बाइक सवार बनवासी अनियंत्रित होकर वाहन की चपेट में आ गए और सड़क पर गिर गए। जिससे बाइक पर सवार पांचों की दबकर दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे सरायममरेज पुलिस ने मृतक के शवो को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को हिरासत मे ले लिया। वहीं सड़क से गुजर रहे लोग हादसा देख हैरान रह गए। सूचना पर पहुची सरायममरेज थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करने में जुट गई है। वही पुलिस ने ट्रक और चालक को पकड़ लिया हैं।

एनटीपीसी विक्रम सोलर प्लांट पर काम करने वाले सियोरिटी गार्ड का 4 माह से नहीं मिला वेतन नहीं

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में कोतवाली के उत्तरीपूरा चौकी क्षेत्र के डुडवा जमौली रोड पर एनटीपीसी विक्रम सोलर पावर ल्लांट 225 मेगावाट बना हुआ है जहां पर एनटीपीसी कम्पनी के आधीन विक्रम सोलर कम्पनी से टेंडर लिए शील्ड मोहर सिक्योरिटी गार्ड कम्पनी का टेंडर हैं। लगभग 19 किलोमीटर की चौतरफा बने ल्लांट में शील्ड मोहर कम्पनी ने पच्चास गार्ड लगा रखे हैं कम्पनी में जो ल्लांट की देखभाल करते हैं लेकिन चार माह बाद भी सिक्योरिटी गार्डो को वेतन नहीं मिला तो मैन गेट का फाटक बंद कर दिया सूचना पर पहुंची बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी उत्तरीपुरा चौकी इंचार्ज सतीश चंद्र ने सिक्योरिटी सुपर वाइजर संदीप तिवारी पुत्र शिवसागर तिवारी निवासी ग्राम नाढ़ूपुर व विक्रम सोलर कम्पनी के मीसटू अमित जैन साथ हुई बैठक में मीसटू व अमित जैन ने सिक्योरिटी सुपरवाइजर को आश्वासन दिया कि आज देर शाम तक एक महीने का आप लोगों के खाते में वेतन आ जायेगा और दूसरे दिन अगले माह का वेतन आ जायेगा वहीं सिक्योरिटी सुपर वाइजर संदीप तिवारी ने जानकारी दी की एक माह का वेतन आ गया है अगर कल दूसरे माह का वेतन नहीं मिला तो हम सब सिक्योरिटी गार्ड गेट बंद कर धरने पर बैठ जायेंगे जिस मौके पर सिक्योरिटी गार्ड अनुज अवस्थी, संतोष कटियार, धीरज, गुड्डू, रिषभ, अजेदर, कुंदन, अजीत, संदीप आदि सिक्योरिटी गार्ड मौजूद रहे।

थाना प्रभारी ने सिक्योरिटी अधिकारियों को लगाई फटकार।

जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे सिक्योरिटी के अधिकारी इधर-उधर घूम कर अपना टाइम काटते रहे। लेकिन सिक्योरिटी गाड्र्स को उनके भुगतान के लिए कोई सुरक्षित जवाब नहीं दिया। मौके पर फोर्स सहित पहुंचे थाना प्रभारी केशव तिवारी ने सिक्योरिटी के अधिकारियों को फटकारते हुए संस्था के मालिकों से बात कर गार्डों भुगतान कराने को कहा। लेकिन थाना प्रभारी के प्रयास के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल सका।

क्या गार्डों को मजदूरी दिला पाएंगे हमारे अधिकारी?

तहसील से कोई अधिकारी-कर्मचारी झांकने तक नहीं गये ।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्लांट छोड़कर जा रही सिक्योरिटी कंपनी गार्डों के बकाया वेतन का भुगतान करेगी या नहीं। वेतन पाने के लिए धरने पर बैठे गार्डों का स्थानीय प्रशासन कितना सहयोग करेगा। गर्मी-सर्दी-बरसात हर मौसम में ड्यूटी पर तैनात रहने वाली गाड़ी अपना वेतन पाने के लिए इस भीषण गर्मी और बूंदाबांदी के बीच कब तक धरने पर बैठेंगे।

रविवार को उन्हें एनटीपीसी का दूसरी सिक्योरिटी कंपनी के साथ अनुबंध होने और मौजूदा सिक्योरिटी कंपनी दो-चार दिन में हट जाने की जानकारी मिली।

ठगा सा महसूस कर रहे सिक्योरिटी गार्ड चार महीने से वेतन न मिलने और चंद दिनों में नौकरी जाने के डर से अपने को ठगा सा महसूस कर रहे सिक्योरिटी गार्डों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने एक-दूसरे से वार्ता कर सोमवार को एनटीपीसी सोलर प्लांट का मुख्य दरवाजा बंद कर प्लांट के सभी काम बंद करवा दिए और वेतन दिलाने की मांग करते हुए धरने पर बैठ गए।

बिल्हौर नगर पालिका वार्ड नंबर 5 का कूड़ा उठाया नहीं बल्कि जलाया जाता है

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 की दशा इस फोटो से बयां होती है कि कूड़ा उठाया नहीं जाता है बल्कि वहीं पर कूड़ा जलाया जाता है । मोहल्ले के लोगों ने बताया कि 4 दिन से कूड़ा भी उठा नहीं है जब कूड़ा उठाने वाला आता है तो उस कूड़े का बड़ा-बड़ा हिस्सा बाहर निकाल कर जला दिया जाता है और छोटा ही उठाकर अपनी ठेलिया में लेकर जाता है यह हर चौथे दिन होता है और 4 दिन में ही कूड़ा उठाया जाता है उन्होंने बताया की नालियां भी चौंक है क्योंकि कूड़ा जानवर द्वारा फैला दिया जाता है वह इस नाली में चला जाता है जिससे पानी औवर हो कर रोड पर फैलने लगता है और सड़के भी खराब हो रही हैं इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया सफाई नायक को बुलाकर बात करती हूं अगर लापरवाही सफाई कर्मचारी की है तो उस पर कार्रवाई होगी।

छह वर्षीया वालिका से दुष्कर्म का आरोपी जेल गया

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जिले के एक गांव में रहने वाली 6 वर्षीय बच्ची को बुला ले जाकर अधेड़ ने दुष्कर्म कर दिया। बच्ची बेहोश हो गई तो उसे कमरे में छोड़कर भाग गया। उधर देर रात तक बच्ची घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन की। ऐसे में आरोपी के कमरे में बच्ची बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

घटना इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जहां देर शाम 6 वर्षीय एक बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी और फिर अचानक वह गायब हो गई। देर रात तक बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। उसकी खोजबीन की तो गांव वालों ने बताया कि बच्ची को नान्हेंपुर गांव के रहने वाले 50 वर्षीय जसकरन के साथ देखा गया था। ऐसे में वह लोग जसकरन के घर पहुंचे तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर जाकर देखा तो बच्ची बेहोशी की हालत में कमरे में पड़ी थी। उसकी दशा देखकर मां ने शोर मचाया तो वहां भीड़ लग गई। बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ घर ले गया।

घटना की सूचना इंदरगढ़ थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने गांव पहुंच कर बच्ची को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उधर परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी जसकरन को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि घर के बाहर बच्ची को खेलता देख जसकरन वहां पहुंच गया और बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने अपने साथ घर ले गया। उसने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। मामले को लेकर थानाध्यक्ष आनंद मिश्रा ने बताया कि आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा जा रहा है।

जिला जेल का संयुक्त निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

जनपद न्यायाधीश चंद्रोदय कुमार व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा सम्पूर्ण कारागार का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कारागार के सभी अहातों की बैरकों में निरूद्व बंदियो (पुरूष व महिला) से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में पूछताँछ की गयी, बैरकों की तलाशी करायी गयी, तलाशी के दौरान कोई निषिद्व वस्तु नहीं पायी गयी। जनपदीय अधिकारियों द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में, भोजन, पानी, रहने, दिन/रात्रि शौचालय, गर्मी के मौसम को देखते हुये पंखों की क्रियाशीलता/अक्रियाशीलता, मिट्टी के घड़े, वाटर कूलरों से ठण्डे पानी की आपूर्ति के सम्बन्ध में एवं किसी के द्वारा उत्पीड़न आदि किये जाने, वकील न मिलने, मुलाकात तथा उपचार आदि से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में पूँछताँछ की गयी परन्तु किसी भी बंदी द्वारा कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई समस्या नही बतायी गयी। कारागार में पर्याप्त सफाई पायी गयी। बंदियों से पूछताछ के दौरान उनके द्वारा कारागार से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं बतायी गयी। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, सी0सी0टी0वी0 कैमरें आदि की क्रियाशीलता को देखा गया। अक्रियाशील कैमरों को तत्काल ठीक कराये जाने तथा कैमरों को प्रत्येक समय क्रियाशील रखे जाने व उनकी प्रत्येक समय मानीटरिंग करने के निर्देश दिये गये। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह बीमार बंदियों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाये। कारागार में निरूद्ध वृद्ध व अशक्त बंदियों पर विशेष निगरानी रखे तथा उनका नियमित रूप से परीक्षण कर समुचित उपचार करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के समय किसी भी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं पायी गयी। कारागार का कार्यालय भी व्यवस्थित पाया गया। निरीक्षण के दौरान जनपदीय अधिकारियों द्वारा कारागार को सुगमतापूर्वक संचालन हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह, प्रभारी अधीक्षक/ कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उप कारापाल उर्मिला सिंह, उप कारापाल आशादेवी पाण्डेय, उप कारापाल रामबहाल दुबे, चिकित्साधिकारी डा0 इफराक हुसैन तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार, जेल वार्डर कुलदीप कुमार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित थे।

परिवहन विभाग के बस चालक से सवारी की हुई तू त मैं

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर कस्बे में परिवहन विभाग की उच्च अधिकारियों के आदेश के बाद भी कस्बे के अंदर उत्तर प्रदेश परिवहन की बसें न सवारियां उठाने आती हैं और ना ही उतारते आती हैं वह बाईपास से ही निकल जाती है रविवार को एक ताजा मामला आगरा से कानपुर जा रही आगरा फोर्ट डिपो की बस संख्या यूपी 78 जेटी 4961 सवारियों को बिल्हौर कस्बे में ना ले जाकर नानामऊ तिराहे के ओवर ब्रिज पर ही उतार दिया जिसमें काफी समय तक चालक परिचालक और सवारी में तू-तू में में होती रही हालांकि सवारी ने बताया कि बाईपास पर अगर उतरती तो आसानी से सवारी मिल जाती करीब आधा किलोमीटर पैदल चलकर सवारी तक पहुंचने में बच्चे सूटकेस ले जाना कठिन था जैसे तैसे वहां पहुंचे पहुंचकर उन्होंने आप बीती बताई उन्होंने बताया कि गुरसहायगंज से पहले चालक परिचालक ने एक गुप्त पैकेट किसी आदमी को रोक कर दिया और उसने पैसा देने से पहले ही कहा कि आप वही से लेना जहां से पैकेट लाते हैं आखिरकार इस पैकेट में क्या आता है और यह गाड़ियां आगरा से लेकर आती हैं क्या कोई मादक पदार्थ है आदि गंभीर आरोप सवारी ने लगाए हैं। पैसेंजर ने आगे बताया कि वहां काफी देर तक गाड़ी खड़ी रही जिस पर परिचालक से मेरी का सुनी हो गई थी जिसके चलते कुछ सवारियां बिल्हौर की कन्नौज में ही उतर गई थी परिचालक ने उस समय कहा था कि हम कहीं भी कस्बे में लेकर नहीं जाते हैं हम नए जीटी रोड से ही चलते हैं जहां जो शिकायत करना हो कर दो।

हल्की बारिश से लाइन में फाल्ट, आपूर्ति ठप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

मौरावां। हल्की बारिश से जहां लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली। वहीं, बिजली लाइन में फाल्ट से आपूर्ति ठप रही। बिजली न आने से लोग परेशान रहे।

रविवार को सुबह करीब छह बजे हल्की बारिश शुरू हुई। करीब आधे घंटे की इस बारिश से लोगों को गर्मी से मामूली राहत मिली। तापमान में गिरावट हुई और यह अधिकतम 36 और न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हालांकि किसानों के लिए यह नाकाफी साबित हुई। किसानों का कहना है कि इस हल्की बारिश से खेत की जुताई तक नहीं हो सकी है। केवल धूल मात्र ही उड़ना बंद हुई।

वहीं, पूरे दिन आसमान में हल्के बादल छाए रहे।

बालिकाओं में निशा भूषण व बालकों में स्वास्तिक अव्वल

*** अस्तित्व शुक्ला ने दूसरे और पारितोष सिंह तीसरे पायदान पर रहें।**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर अंडर -19 चेस प्रतियोगिता हुई। इसमें बालक वर्ग में स्वास्तिक ने बाजी मारी। वहीं, बालिका वर्ग में निशा भूषण अव्वल रहीं। सभी खिलाड़ियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। तहसील रोड स्थित मां योग साधना केंद्र में रविवार को जिला चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जिला स्तरीय अंडर- 19 चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शशिभूषण और अंतरराष्ट्रीय चेस खिलाड़ी सतेंद्र सिंह ने किया। बालिका वर्ग में निशा भूषण अव्वल रहीं। वहीं, अदिति दूसरे और आराध्या सचान तीसरे स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में स्वास्तिक श्रीवास्तव ने बाजी मारी। अस्तित्व शुक्ला ने दूसरे और पारितोष सिंह तीसरे पायदान पर रहें। एसोसिएशन के संयोजक डॉ. अश्वनी कुमार शुक्ल ने बताया कि बालक वर्ग में स्वास्तिक श्रीवास्तव और अस्तित्व शुक्ला को वहीं बालिका वर्ग में निशा भूषण व अदिति को वाराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राजेश सिंह, रूपा शुक्ला, अरविंद पांडेय, सचिव कपिल पांडेय, प्रीति गुप्ता, सुचिता बाजपेई, जंग बहादुर सिंह, अभिषेक गुप्ता, रवि सिंह, मनोज तोमर आदि मौजूद रहे।

जमीन के विवाद में युवक ने बड़े भाई की फावड़े से वार कर की हत्या, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

यूपी के उन्नाव जिले में घर के बंटवारे को लेकर युवक ने फावड़े से वार कर बड़े भाई को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

उन्नाव जिले में पैतृक घर के बंटवारे में एक फीट जमीन के झगड़े में युवक ने फावड़े से वार कर बड़े भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। औरास थाना क्षेत्र के टिकराबाव गांव के मजरा प्रताप खेड़ा निवासी रामकिशोर का बड़े भाई गुरुचरन (57) के बीच घर के अंदर एक फीट जमीन को लेकर कई माह से विवाद चल रहा था।

कई बार पुलिस से भी शिकायत की लेकिन मामला हल नहीं हो पा रहा था। सोमवार सुबह दोनों भाइयों में फिर विवाद बढ़ा और रामिकशोर ने बड़े भाई गुरुचरन के सिर पर फावड़े से वार कर हत्या कर दी। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। हत्यारोपी रामकिशोर घटना के बाद घर में ही मौजूद रहा। मृतक चार भाइयो में सबसे बड़ा था। सूचना पर पहुंचीं थाना प्रभारी रेखा सिंह ने जांच की तो हत्यारोपी आरोपी रामकिशोर को फावड़े सहित हिरासत में लेकर गुरुचरन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक गुरूचरन ने शुक्रवार को औरास थाने शिकायती पत्र देकर पुलिस से समाधान कराने की मांग की थी, पुलिस रोज प्रताप खेड़ा गांव जाकर दोनों भाइयों में समाधान कराने का प्रयास कर रही थी लेकिन समाधान नहीं हो सका। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार गांव में भी दोनों पक्षों का समझौता कराया गया लेकिन समझौता नहीं हो सका। अगर पुलिस गंभीर होती तो शायद यह घटना न घटती।

चोरों ने लाश को भी नहीं बख्शा, जेब से निकाल ले गए रुपये

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

चोरों को करतूत इस तरह अमानवीय हो गई हैं कि उन्होंने लाश तक को भी नहीं बख्शा। बीच पुल पर खड़े डंपर में मृत पड़े चालक की जेब से नकदी पार कर दी। यही नहीं, चोरों ने डंपर का डीजल भी चोरी कर लिया। सुबह जब इसकी जानकारी पुलिस और आमजन को हुई तो उनके भी होश उड़ गए।

जौनपुर जिले के थाना सरपतहा के कटघर निवासी विपिन गिरी (30) पुत्र रामकृपाल डंपर चालक था। शनिवार को उसका शव औरास थानाक्षेत्र के सीमऊ गांव के पास से निकली शारदा नहर पुल के बीच खड़े डंपर में मिला। जब लोगों को निकलने में असुविधा हुई तो उन्होंने झांककर देखा। शव देख पुलिस को बताया। पुलिस ने डंपर नंबर के आधार पर उसके मालिक का पता किया। फिर चालक के शव को डंपर से बाहर निकालकर पैंट और शर्ट की जेब चेक की तो उसमें कुछ नहीं मिला। फिर डंपर मालिक की मदद से परिजनों के बारे में जानकारी की और उनका मोबाइल नंबर लेकर घटना की जानकारी दी। डंपर मालिक के मुताबिक, विपिन के पास 15 से 20 हजार रुपये थे। पुलिस ने जब डंपर थाने पहुंचाने का प्रयास किया तो वह स्टार्ट नहीं हुआ। इस पर मैकेनिक को बुलाया गया। उसने देखा तब पता चला कि डंपर के टैंक से डीजल चोरी हो गया है। बाद में क्रेन से खींचकर डंपर को थाने पहुंचाया गया। थानाध्यक्ष रेखा सिंह ने बताया कि परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। मामला संदिग्ध देख फोरेंसिक टीम ने भी जांच की है। चालक की जेब में रुपये और डंपर के टैंक में डीजल नहीं मिला है। चोरों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

शनिवार रात 11 बजे के करीब हुई थी भाई से बात

मृतक के छोटे भाई विवेक ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे विपिन से फोन पर बात हुई तो उसने लखीमपुर खीरी में गिट्टी उतारकर आने की बात कही थी। बताया था कि वह अभी रास्ते में है। उसने गाड़ी कहीं रोककर नहाने और फिर खाना खाकर सोने की बात कही थी। ऐसे में आशंका है कि रात में ही उसकी रास्ते में तबीयत बिगड़ी और फिर मौत हो गई। इसी दौरान चोरों की नजर पड़ी और उन्होंने घटना कर दी।

राशन की कालाबाजारी में लालपुर कोटेदार पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

राशन की कालाबाजारी में लालपुर कोटेदार पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोटे का लाइसेंस भी निलंबित किया गया है। जांच में कोटेदार 84.92 क्विंटल खाद्यान्न का कोई हिसाब नहीं दे सके।

सदर पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने 21 जून को बिछिया ब्लाक की ग्राम पंचायत लालपुर के कोटेदार मेड़ीलाल की दुकान पर पहुंचकर जांच की थी। जांच के दौरान दुकान में खाद्यान्न का वितरण बंद मिला था। साथ ही दुकान के बाहर टोल फ्री नंबर, सतर्कता समिति सदस्यों के नाम व निशुल्क खाद्यान्न वितरण की सूचना की जानकारी दीवार पर नहीं लिखी मिली थी।

पूर्ति निरीक्षक ने गोदाम में खाद्यान्न का भी सत्यापन किया था। अभिलेखों के आधार पर अप्रैल, मई व जून के खाद्यान्न वितरण की पड़ताल की थी। इस दौरान 33.46 क्विंटल गेहूं व 51.46 क्विंटल चावल के अवशेष होने की पुष्टि हुई लेकिन कोटेदार यह खाद्यान्न का हिसाब नहीं दे सका। खाद्यान्न न दिखा पाने पर कोटेदार द्वारा इसे बाजार में बेचने का अंदेशा होने पर पूर्ति निरीक्षक ने जांच रिपोर्ट डीएम को भेजी।

डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने दही थाने में कोटेदार के खिलाफ तहरीर दी। सरकारी राशन की कालाबाजारी की पुष्टि होने पर जिला पूर्ति अधिकारी राजबहादुर ने कोटे का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। वहीं मेड़ीलाल के पास गेहूं, चावल को छोड़कर चीनी के मिले 2.01 क्विंटल के स्टाक को गोड़वा विशुनपुर के कोटेदार ल्लारेलाल की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। दही थानाध्यक्ष अनुराग सिंह ने बताया कि कोटेदार मेड़ीलाल के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत सरकारी खाद्यान्न की कालाबाजारी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

लगन समारोह में हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

थाना बरनाहल क्षेत्र में छह साल पहले लगन् समारोह में लड़के के जीजा की गोली मारकर हत्या करने के दोषी को अपर जिला जज चतुर्थ जहेंद्र पाल सिंह ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा सुनाने के बाद उसको हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है। थाना बरनाहल के नगला मान्धाता के रहने वाले दिनेश के पुत्र आकाश की चार मार्च 2018 को लगुन आई थी। लगुन में शामिल होने के लिए दिनेश के दामाद राकेश निवासी रसमई थाना सादाबाद जिला हाथरस भी आए थे। लगन समारोह में हुए विवाद में राकेश की बालकृष्ण निवासी सरसौली थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद ने मामूली विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। दिनेश ने बालकृष्ण के खिलाफ अपने दामाद राकेश की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच करके मुकदमे की सुनवाई के लिए चार्जशीट न्यायालय में भेज दी। मुकदमे की सुनवाई अपर जिला जज चतुर्थ जहेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से वादी, विवेचक, चिकित्सक सहित गवाहों ने बालकृष्ण के खिलाफ कोर्ट में गवाही दी। गवाही के आधार पर बालकृष्ण को राकेश की हत्या करने का दोषी पाया गया। उसको अपर जिला जज चतुर्थ जहेंद्र पाल सिंह ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा सुनाने के बाद उसको हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है।

सहभागी योजना पर जोर, छुट्टा मवेशियों से मिलेगा छुटकारा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

तालग्राम। पशुपालन विभाग की ओर से संचालित मुख्यमंत्री सहभागी योजना पर अब जोर दिया जा रहा है। इससे छुट्टा मवेशियों से काफी हद तक छुटकारा मिल सकता है। यह दावा पशुपालन विभाग के चिकित्सक कर रहे हैं। पशुपालकों से सहभागी योजना में सहभागिता करने की अपील कर रहे हैं। पशुपालन विभाग के अनुसार छुट्टा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सहभागी योजना चलाई जा रही है। जिसमें पशुपालक गो आश्रय स्थलों से मवेशी को लेकर पाल सकते हैं। पशुपालक अपने क्षेत्र के बीडीओ से संपर्क कर मवेशी ले सकते हैं। पशुपालक गो आश्रय स्थल से अधिकतम चार मवेशी ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें 50 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से भरण-पोषण भत्ता भी दिया जाएगा। ब्लॉक की 22 गोशालाओं में करीब 650 गोवंश संरक्षित हैं। सहभागिता योजना के तहत अब तक टिकारी कलसान गोशाला से एक पशुपालक को चार, गदोरा से दो लोगों को चार, रोहली में एक लाभार्थी को दो, जयरामपुर में दो लोगों को पांच, तिसौली में दो पशुपालक को दो-दो, मझपुर्वा में एक को दो, तेराजाकट में दो पशुपालकों को चार, गंगा गंज गुरौली में तीन लाभार्थियों को पांच सहित 29 गोवंश सहभागी योजना में दिए गए हैं।

डिवाइडर से टकरा पलटी कार, चालक की जान गई

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। गंजमुरादाबाद। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सबलीखेड़ा गांव के पास चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में गंभीर घायल कार चालक को स्वास्थ्य केंद्र में मृत घोषित कर दिया गया। आगरा के 9/493 गली कनमलियन, मोती कटरा निवासी पूरन चंद्र (54) किसी काम से कार से लखनऊ आए थे। रविवार शाम करीब चार बजे आगरा लौट रहे थे. तभी लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के सबलीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल पूरन चंद्र को यूपीडा और पीआरवी ने बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि अनुमान है कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ है। परिजनों को सूचना दी गई है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने की 'कवच 4.0' की समीक्षा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। हादसों से बचने और कम समय में लंबी दूरी तय करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा 'कवच 4.0' प्रणाली पर काम किया जा रहा है। इस बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नई और उन्नत प्रणाली 'कवच 4.0' की प्रगति की जानकारी ली। इससे पहले भारतीय रेलने ने कवच के 3.2 संस्करण को तैयार किया था। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि कवच 3.2 संस्करण को अत्यधिक व्यस्त रेलवे मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही कम समय में लंबी दूरी तय के लिए नए मार्गों पर कवच प्रणाली के नवीनतम संस्करण पर कार्य किया जा रहा है। भारतीय रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि तीन निर्माताओं द्वारा 'कवच 4.0' संस्करण पर काम किया जा रहा है। जल्द ही इसका परीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के सामने इस संस्करण की प्रगति रिपोर्ट को पेश किया गया। इस प्रणाली की समीक्षा के बाद रेल मंत्री ने कहा कि 'कवच 4.0' भारतीय रेलवे के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने इस प्रणाली को सुनियोजित तरीके से जल्द से जल्द लागू करने के निर्देश दिए हैं।

जल्द लागू होगी कवच 4.0 प्रणाली

इससे पहले अश्विनी वैष्णव कह चुके हैं कि जहां दुनिया के अधिकांश देशों में 1980 के दशक की प्रमुख ट्रेन सुरक्षा प्रणाली (एटीपी) का इस्तेमाल किया जा रहा है, वहीं भारतीय रेलवे ने 2016 में ट्रेनों की सुरक्षा के लिए नई प्रणाली को मंजूरी दी थी। वर्ष 2019 में सुरक्षा के कई उपायों पर काम करने के साथ ही इस सुरक्षा प्रणाली को 'सम्पूर्ण सुरक्षा स्तर-4' प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। वर्ष 2020 में भारतीय रेल ने नए एटीपी को लागू किया। वैश्विक महामारी कोरोना के बीच इसके परीक्षण और विकास पर काम किया गया। इसके बाद वर्ष 2021 में 'कवच 3.2' को लागू किया गया और इसके ठीक अगले वर्ष यानी 2022 में अत्यधिक व्यस्त रेलवे मार्गों पर इसे स्थापित किया गया। अब 'कवच 4.0' को जल्द से जल्द तैयार किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि 'कवच 4.0' संस्करण को तैयार करने के बाद जल्द से जल्द इसे लागू कर दिया जाएगा।

विधानसभा में केरल का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित, एमएचए की मंजूरी का इंतजार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

केरल विधानसभा ने सोमवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया और केंद्र से राज्य का नाम आधिकारिक तौर पर बदलकर केरलम करने का आग्रह किया। विधानसभा ने दूसरी बार प्रस्ताव पारित किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने पहले प्रस्ताव की समीक्षा की थी और कुछ तकनीकी बदलावों का सुझाव दिया था। मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने केंद्र से देश के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में दक्षिण राज्य का नाम केरल से %केरलम% करने की मांग की। प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मलयालम में राज्य को %केरलम% कहा जाता है और मलयालम भाषी समुदायों के लिए एकीकृत केरल बनाने की मांग राष्ट्रीय स्वाधीनता संग्राम के समय से ही जोरदार तरीके से उठी थी। लेकिन संविधान की पहली अनुसूची में हमारे राज्य का नाम केरल लिखा हुआ है। यह विधानसभा केंद्र से अनुरोध करती है कि संविधान के अनुच्छेद तीन के तहत इसका नाम बदलकर केरलम किया जाए। यह विधानसभा संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित सभी भाषाओं में इसका नाम बदलकर केरलम करने का अनुरोध करती है। यह दूसरी बार था जब राज्य विधानसभा ने राज्य के नाम में बदलाव की मांग कते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। विधानसभा सचिवालय के सूत्रों के मुताबिक, सदन ने पिछले साल अगस्त में भी सर्वसम्मति से ऐसा ही प्रस्ताव पारित किया था और इसे केंद्र को सौंपा था। लेकिन केंद्रीय गृहमंत्रालय ने इसमें कुछ तकनीकी बदलावों का सुझाव दिया था। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पहले के प्रस्ताव में कुछ बदलावों की जरूरत है। प्रस्ताव को सत्तारूढ़ एलडीएफ और विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों के सदस्यों ने स्वीकार किया।

खाड़ी देशों से फंडिंग के लिए पाकिस्तान करवा रहा जम्मू में आतंकी हमले, कश्मीर के नाम पर ठगी ठप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

पाकिस्तान कंगाल हो चुका है। खाड़ी देशों से फंडिंग के लिए वह जम्मू में हमले करवा रहा है। कश्मीर में सुरक्षाबलों का आतंकियों पर बड़ा दबाव है। रिटायर कर्नल वीके साही ने बताया कि जम्मू में वारदातें इसलिए भी बढ़ीं क्योंकि खाड़ी देश अब कश्मीर के नाम पर पैसा नहीं दे रहे। राजोरी-पुंछ में घने जंगल और गुफाएं होने से आतंकियों को छिपने का ठिकाना मिल जाता है। पूर्व डीजीपी एसपी वैद का मानना है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू को निशाना बनाया जा रहा है। सुरक्षा एजेंसियों का ध्यान भटकाना भी एक मकसद है। जम्मू-कश्मीर में शांति का दुनिया में जो संदेश गया है उसे भी पाकिस्तान भंग करना चाहता है। सेवानिवृत्त बिग्रेडियर विजय सागर का कहना है कि गलवान घटना के बाद राजोरी-पुंछ से जवानों को लद्दाख भेजा गया था। इसलिए चीन ने पाकिस्तान पर राजोरी-पुंछ में आतंकियों को सक्रिय करने का दबाव बनाया है।

सांबा से 2021 में शुरू हुआ हमलों का सिलसिला

सांबा में फरवरी, 2021 में आईबी पर 14 स्टिकी बम मिले। इसके तीन महीने बाद जम्मू वायुसेना स्टेशन पर ड्रोन से हमला हुआ। सांबा से शुरू यह सिलसिला थम नहीं रहा। 2021 लेकर अब तक जम्मू संभाग में 29 आतंकी वारदातें हो चुकी हैं।

तिथि हमले का क्षेत्र बलिदान-मौत

- 20 अप्रैल 2023 पुंछ भाटादुड़ियां पांच जवान
- 5 मई 2023 राजोरी (कंडी) पांच जवान
- 21 दिसंबर 2023 पुंछ (डेरा गली) पांच जवान
- 28 अप्रैल 2024 उधमपुर (बसंतगढ़) एक वीडीजी
- 4 मई 2024 पुंछ (सुरनकोट) एक जवान
- 9 जून 2024 कटड़ा (रियासी) नौ की मौत

यौन शोषण मामला: जेडीएस नेता सूरज रेवन्ना को लगा एक और झटका, एक जुलाई तक सीआईडी की हिरासत में रहेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

यौन शोषण मामले में फंसे प्रज्वल रेवन्ना के भाई और जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) नेता सूरज रेवन्ना की मुश्किलें बढ़ गईं हैं। दरअसल बंगलूरू की एक अदालत ने सूरज को 1 जुलाई तक आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि सूरज रेवन्ना पर जेडी-एस के पुरुष कार्यकर्ता के यौन शोषण का आरोप है। उन्हें 23 जून को गिरफ्तार किया गया था। सीआईडी ने अदालत से सूरज की रिमांड बढ़ाने का अनुरोध किया था। कुछ दिन पहले एक पार्टी कार्यकर्ता का कथित यौन शोषण करने के आरोप में सूरज रेवन्ना पर शनिवार को मामला दर्ज किया गया। इस मामले में सूरज के खिलाफ अप्राकृतिक अपराध सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर कहा था, शिकायत आई है, इसके आधार पर कानून के अनुसार जो भी कार्रवाई की जानी है, वह की जा रही है। इसके अलावा मुझे किसी राजनीतिक साजिश के बारे में पता नहीं है।'

यौन उत्पीड़न के आरोप में जेल में बंद

उल्लेखनीय है कि सूरज के भाई और हासन के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना कई महिलाओं के साथ कथित यौन उत्पीड़न के आरोप में पुलिस हिरासत में हैं और पिछले महीने जर्मनी से लौटने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था। प्रज्वल के खिलाफ बलात्कार और धमकी के मामले दर्ज हैं। उनके पिता एच डी रेवन्ना और मां भवानी जमानत पर बाहर हैं। उन पर अपने बेटे प्रज्वल के यौन उत्पीड़न की कथित पीड़िता का अपहरण करने और उसे अपने पास बंधक बनाकर रखने का आरोप है।

पार्टी कार्यकर्ता के यौन शोषण का आरोप

गौरतलब है कि 27 वर्षीय एक व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत की थी कि होलेनरसिपुरा के विधायक एच डी रेवन्ना के सबसे बड़े बेटे सूरज रेवन्ना ने 16 जून को घन्नीकाड़ा स्थित अपने फार्महाउस में उसका यौन शोषण किया। शिकायत के आधार पर होलेनरसिपुरा पुलिस ने शनिवार देर शाम जेडीएस एमएलसी के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 (अप्राकृतिक अपराध), 342 (गलत तरीके से बंधक बनाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया। हालांकि, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते और केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी के भतीजे सूरज रेवन्ना (37) ने आरोपों का खंडन किया है। सूरज ने यह भी आरोप लगाया था कि व्यक्ति ने उनसे 5 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के लिए उनके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। शुक्रवार को पुलिस ने सूरज रेवन्ना के करीबी सहयोगी शिवकुमार की शिकायत पर जेडीएस कार्यकर्ता के खिलाफ भी जबरन वसूली का मामला दर्ज किया। शिवकुमार ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ता सूरज रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का झूठा मामला दर्ज करने की धमकी देकर उनसे पैसे ऐंठने की कोशिश कर रहा है।

बाढ़ प्रभावित सिक्किम में सेना ने 48 घंटे से भी कम समय में बनाया पुल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक

भारतीय सेना ने सिक्किम के उत्तरी हिस्से में सीमावर्ती गांवों को फिर से जोड़ने के लिए 48 घंटे से भी कम समय में एक झूला पुल का निर्माण किया। यह पुल भारी बारिश और भूस्खलन से प्रभावित हुए गांवों को जोड़ने में मदद करेगा। सेना ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। सेना ने बयान में कहा, भारतीय सेना के त्रिशक्ति कोर के इंजीनियरों ने सीमावर्ती गांवों को फिर से जोड़ने के लिए उत्तरी सिक्किम में 150 फीट के झूला पुल का निर्माण किया है। यह पुल उन स्थानीय लोगों को राहत देगा, जो लगातार बारिश के कारण दूसरे इलाके से कट गए थे। 48 घंटे से भी कम समय में एक नाले पर बना झूला पुल सीमावर्ती गांवों में संपर्क बहाल करेगा और लोगों व राहत सामग्री की आवाजाही में सुविधा प्रदान करेगा। उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में 13 जून को मूसलाधार बारिश हुई थी। जिससे सड़क संपर्क और संचार सुविधाएं बाधित हो गई थीं। इस वजह से करीब 1500 पर्यटक करीब एक हफ्ते से फंसे हुए थे।

चीन में नागरिक-सैन्य हवाई अड्डों की तस्वीरें लेने पर होगी कार्रवाई, जासूसों की चेतावनी के बाद बनाए नियम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चीन की सरकार को शीर्ष जासूसी एजेंसी ने खुफिया सूचना दी है कि नागरिक-सैन्य हवाई अड्डों पर सेना की गोपनीयता को बरकरार रखने की आवश्यकता है। इसके बाद चीन के नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने हवाई यात्रियों को नागरिकों और सेना द्वारा इस्तेमाल किए वाले हवाई अड्डों पर तस्वीरें लेने पर चेतावनी जारी की है। इसके अलावा नागरिक-सैन्य हवाई अड्डों पर उड़ान भरने और विमान के उतरने दौरान के दौरान खिड़कियां बंद रखने के भी निर्देश दिए हैं। दरअसल चीन में एक विदेशी नागरिक को मोबाइल फोन से तस्वीरें खींचते हुए पाया गया था। चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि इन नियमों का हर हाल में ध्यान रखा जाए। मंत्रालय ने सेना की गोपनीयता बनाए रखने के लिए नियम तैयार किए हैं। कहा गया है कि ऐसे हवाई अड्डों की तस्वीरें या वीडियो बिल्कुल भी न लें, जहां सैन्य गतिविधियां भी जारी रहती हैं।

केजरीवाल को मिलेगी जमानत या रहेंगे जेल में

ईडी की याचिका पर आज आएगा फैसला, दोपहर ढ़ाई बजे हाईकोर्ट सुनाएगा निर्णय

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आबकारी नीति मामले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के भाग्य का फैसला मंगलवार को होगा। केजरीवाल जेल से बाहर आएंगे या नहीं इस मुद्दे पर हाई कोर्ट का फैसला मंगलवार को आएगा। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन दोपहर 2ः30 बजे फैसला सुनाएंगे। ईडी ने सोमवार को जमानत के विरोध में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। बता दें कि ईडी ने जमानत दिए जाने के फैसले के खिलाफ 21 जून को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जहां से राउज एवेन्यू कोर्ट के आदेश पर स्टे लग गया था। दूसरी तरफ केजरीवाल ने इस स्टे पर आज ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जिस पर सुनवाई भी हुई। सुनवाई के दौरान क्या हुआ? सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने बीते शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि अगले आदेश तक जिस फैसले को चुनौती दी गई है, उसे अमल में नहीं लाया जा सकेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को 24 जून तक लिखित दलील दाखिल करने को कहा था। जिस पर दोनों ओर से जवाब दाखिल कर दिए गए।

सुप्रीम कोर्ट का केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार, अगली सुनवाई 26 जून को

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में निचली अदालत की ओर से उन्हें दी गई जमानत पर रोक लगाने वाले दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की अवकाश पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को अपना आदेश देने दीजिए। हम आपको 26 जून को सुनेंगे। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की ओर से पेश हुए अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े ईडी के मामले में जमानत आदेश पर उच्च न्यायालय की रोक हटाने का अनुरोध किया। ईडी की ओर से पेश एएसजी एसवी राजू ने केजरीवाल की याचिका का विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट उनकी रोक याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अभिषेक सिंघवी से कहा कि अगर वह हाईकोर्ट के स्थगन आदेश के खिलाफ सीएम केजरीवाल की याचिका पर कोई आदेश पारित करता है, तो यह मामले को लेकर पूर्वाग्रह होगा। बता दें कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। वे पिछले शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे, लेकिन हाईकोर्ट ने संघीय जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी जमानत पर स्टे दे दिया।

नीट-यूजी: सीबीआई ने बिहार-गुजरात और राजस्थान से पांच मामलों की जांच अपने हाथ में ली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से जुड़े पांच नए मामलों की जांच हाथ में ले ली है। इन मामलों की जांच गुजरात, राजस्थान और बिहार की पुलिस कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात और बिहार से एक-एक मामला और राजस्थान से तीन मामलों को अपनी एफआईआर के रूप में फिर से दर्ज किया है, वहीं महाराष्ट्र के लातूर से एक और मामले की जांच भी एजेंसी के अपने हाथ में लेने के आसार हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के मामले को छोड़कर बाकी चार मामले अच्यर्थी की जगह अन्य व्यक्ति द्वारा परीक्षा देने और स्थानीय अधिकारियों, निरीक्षकों और अच्यर्थियों द्वारा धोखाधड़ी से संबंधित छिटपुट मामलों जैसे दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षा मंत्रालय से व्यापक जांच के लिए सीबीआई ने पहले ही मामले के संबंध में अपना केस दर्ज कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि इन नए मामलों की जांच संभालने के बाद सीबीआई अब नीट-यूजी में कथित गड़बड़ी से जुड़े कुल छह मामलों की जांच कर रही है।

उद्धव-शिवसेना नेता ने की केंद्र सरकार की आलोचना

इस बीच मामले में केंद्र सरकार पर तंज करते हुए शिवसेना-यूबीटी.के सांसद अनिल देसाई ने कहा कि नीट-यूजी विवाद के समाधान के लिए कुछ लोगों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई से आगे बढ़कर और ज्यादा कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने दावा कि इस मामले में किसी बड़े गिरोह का हाथ है। दक्षिण-मध्य मुंबई के सांसद ने आरोप लगाया, ''नीट के कारण पूरी प्रतिष्ठा खराब हो गई है। केवल एक या दो अधिकारियों को गिरफ्तार करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। इसमें एक व्यापक गिरोह काम कर रहा है।''

विदेश मंत्रालय ने 2023 में प्रदान की 1.65 करोड़ पासपोर्ट संबंधी सेवाएं, जयशंकर ने की अधिकारियों की तारीफ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने 2023 में नागरिकों को 1.65 करोड़ पासपोर्ट संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। इसमें करीब 15 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पासपोर्ट से जुड़ी प्रभावी सेवाओं के लिए कर्मियों की सराहने करते हुए सोमवार को यह बात कही। एमईए ने आज 12 वां पासपोर्ट सेवा दिवस मनाया। इसी के साथ दिल्ली में तीन दिवसीय क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी (आरपीओ) सम्मेलन आयोजित किया गया। जयशंकर ने सम्मेलन को भेजे एक संदेश में कहा, मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि 2023 में हमारे मंत्रालय ने हमारे नागरिंको को 1.65 करोड़ पासपोर्ट संबंधी सेवाएं प्रदान कीं। मंत्री ने कहा, साल 2023 में पासपोर्ट और अन्य संबंधित सेवाओं में करीब 15 फीसदी की सराहनीय वार्षिक वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि 2023 में मासिक आवेदन जमा करने की संख्या 14 लाख के आंकड़े को पार कर गई। विदेश मंत्री ने नागरिकों के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए आधुनिक तकनीकियों की ताकत का लाभ उठाने जरूरत पर भी जोर दिया। मंत्रालय ने अब तक 440 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) का एक नेटवर्क संचालित किया है। पीओपीएसके और मौजूदा 93 पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) के साथ देश में 37 क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों (आरपीओ) के तहत कुल 533 पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया केंद्र हो गए हैं। जयशंकर ने पासपोर्ट वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए इसे भारत सरकार के कुशल सेवा वितरण में सबसे सफल और सराहनीय मॉडल में से एक बताया। 22 जून को आरपीओ सम्मेलन का उद्घाटन विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने किया था। अपने संबोधन में उन्होंने पासपोर्ट वितरण प्रणाली में निरंतर सुधार के महत्व पर प्रकाश डाला था। सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पासपोर्ट कार्यालयों और पासपोर्ट अधिकारियों के लिए पासपोर्ट सेवा पुरस्कार भी प्रदान किए। विदेश मंत्रालय के सचिव (वाणिज्य दूत, पासपोर्ट और वीजा प्रभाग) मुक्तेश परदेशी ने केंद्रीय पासपोर्ट संगठन की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने पासपोर्ट जारी करने की प्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए नए समाधानों की जरूरत पर जोर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)